शनिवार, 1 फरवरी 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 31 – 19 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदय: 6:16 | सूर्यास्त: 17:25 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष तृतीया, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : कान के कच्चे लोग अक्सर अच्छे दोस्त खो देते हैं।



भारत ने इंग्लैंड को 15 रन से हराकर 3-1 की विजयी बढ़त बनाई -पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# निर्मला सीतारमण ने बजट को अंतिम रूप दिया, आज लगातार आठवीं बार पेश कर रचेंगी इतिहास



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट को अंतिम रूप दिया। उम्मीद है कि इसमें मध्यम वर्ग की कर कटौती की आकांक्षा और वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए अर्थव्यवस्था की जरूरतों के बीच संतुलन स्थापित किया जाएगा। सीतारमण आज रिकॉर्ड आठवां लगातार बजट पेश करेंगी। बजट के राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण होने के साथ-साथ इसमें कमजोर पड़ती आर्थिक वृद्धि को सहारा देने तथा उच्च कीमतों और स्थिर वेतनवृद्धि से जूझ रहे मध्यम वर्ग पर बोझ कम करने के उपाय शामिल होने की उम्मीद है। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नयी दिल्ली में नॉर्थ ब्लॉक स्थित अपने कार्यालय में केंद्रीय बजट 2025-26 को अंतिम रूप देते हुए बजट निर्माण प्रक्रिया में शामिल सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। बैठक में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने भी हिस्सा लिया। यह बजट ऐसे समय में आएगा जब चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर घटकर चार साल के निचले स्तर 6.4 प्रतिशत पर आने का अनुमान है। वित्त मंत्री द्वारा दोनों सदनों में पेश आर्थिक समीक्षा 2024-25 में अनुमान लगाया गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3-6.8 प्रतिशत रहेगी, जो विकसित राष्ट्र बनने के लिए आवश्यक वृद्धि दर से काफी कम है। आर्थिक समीक्षा में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए भूमि और श्रम जैसे क्षेत्रों में विनियमन और सुधारों की आवश्यकता बताई गई है। इसने संकेत दिया कि भारत की विश्वस्तरीय वृद्धि धीमी पड़ रही है तथा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जरूरी आठ प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने के लिए अभी और काम करने की आवश्यकता है।

## प्रधानमंत्री ने बजट में गरीब, मध्यम वर्ग और महिलाओं के लिए नई पहलों की घोषणा का संकेत दिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में आम बजट पेश होने से एक दिन पहले अपनी सरकार के दृष्टिकोण को सामने रखते हुए शुक्रवार को संकेत दिया कि इस दफा गरीबों और मध्यम वर्ग के साथ-साथ महिलाओं के लिए नई पहलों की घोषणा की जा सकती है। संसद के बजट सत्र के पहले दिन मोदी ने मीडिया को दिए अपने पारंपरिक संबोधन की शुरुआत धन और समृद्धि से जुड़ी देवी लक्ष्मी को प्रणाम करते हुए की और यह प्रार्थना भी की कि आगामी आम बजट के मद्देनजर देश के हर गरीब एवं मध्यम वर्ग पर माता लक्ष्मी की विशेष कृपा रहे। धार्मिक और सांप्रदायिक मतभेदों से मुक्त महिलाओं के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय बजट सत्र के दौरान लिए जाएंगे। उन्होंने महिलाओं की गरिमा स्थापित करने के महत्व पर जोर दिया, जो सत्तारूढ़ भाजपा के कल्याणकारी उपायों के केंद्र में रही हैं। नवोन्मेष, समावेशिता और निवेश को देश की आर्थिक गतिविधि के रोडमैप का आधार करार देते हुए मोदी ने कहा कि इस सत्र में हमेशा की तरह कई ऐतिहासिक विधेयकों पर चर्चा होगी और व्यापक मंथन के साथ वे राष्ट्र की ताकत बढ़ाने वाले कानून बनेंगे। उन्होंने कहा, ''विशेषकर नारी शक्ति के गौरव को पुन: प्रस्थापित करना, पंथ संप्रदाय के भेद से मुक्त होकर के हर नारी को सम्मानपूर्ण जीवन मिले, उसको भी समान अधिकार मिले, उस दिशा में इस सत्र में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।'' राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र में अपने संबोधन में गरीबों और मध्यम वर्ग पर केंद्र सरकार के ध्यान को भी रेखांकित किया।

# तीसरे कार्यकाल में तीन गुना गति से हुआ काम, एक साथ चुनाव और वक्फ पर कदम उठाए गए: राष्ट्रपति मुर्मू



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के इस तीसरे कार्यकाल में तीन गुना अधिक गति से काम हो रहा है तथा अर्थव्यवस्था को 'पॉलिसी पैरालिसिस' (नीतिगत पंगुता) जैसी परिस्थितियों से उबारने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति दिखाई गई है। बजट सत्र की शुरुआत में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने यह भी कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' और वक्फ (संशोधन) विधेयक जैसे कानूनों पर तेज गति से कदम आगे बढ़ाया गया है। मुर्मू ने कहा कि भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नयी ऊर्जा दे रही है। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी तथा महाकुंभ में हुई भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताया। उन्होंने सरकार के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा, ''सरकार के तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है।'' राष्ट्रपति ने अपने लगभग एक घंटे के अभिभाषण में कहा, ''सरकार ने अर्थव्यवस्था को 'पॉलिसी पैरालिसिस' जैसी परिस्थितियों से उबारने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति के साथ काम किया है। कोविड और उसके बाद के हालात एवं युद्ध जैसी वैश्विक चिंताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जो स्थायित्व दिखाया है, वह उसके सशक्त होने का प्रमाण है।'' उन्होंने कहा ''मेरी सरकार ने कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।'' राष्ट्रपति ने कहा, ''एक राष्ट्र, एक चुनाव और वक्फ संशोधन विधेयक जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर तेज गति से कदम आगे बढ़ाया गया है।''

## सरकार ने मौलिक सिद्धांतों को हमेशा अपनी कार्यनीति के केंद्र में रखा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि किसी देश की सफलता तभी समावेशी होती है जब वह सिद्धांतों से प्रेरित हो और इसीलिए, सरकार ने मौलिक सिद्धांतों को हमेशा अपनी कार्यनीति के केंद्र में रखा है। मुर्मू बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, ''राष्ट्र या समाज की सफलता समावेशी एवं सर्व-स्पर्शी तभी होती है जब वह सिद्धांतों से प्रेरित हो। इसीलिए, मेरी सरकार ने उन मौलिक सिद्धांतों को हमेशा अपनी कार्यनीति के केंद्र में रखा जिनका निर्देश हमारे संविधान ने दिया है। संविधान के आलोक में मेरी सरकार की प्रमुख सैद्धान्तिक प्रेरणा है - सेवा!

# दिल्ली चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के सात विधायकों ने इस्तीफा दिया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी (आप) के कम से कम सात विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने बताया कि ये विधायक चुनाव के लिए टिकट न दिए जाने से नाराज थे और अन्य दलों के संपर्क में थे। कुछ विधायकों ने सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे साझा किए और भ्रष्टाचार तथा अन्य मुद्दों को लेकर 'आप' पर निशाना साधा। कस्तूरबा नगर से मौजूदा विधायक मदन लाल ने शुक्रवार को दावा किया कि उन्होंने और पार्टी के छह अन्य विधायकों ने 'आप' की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। मदन लाल ने कहा कि उन्होंने अपना त्यागपत्र दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को भी भेज दिया है। इस्तीफा देने वाले आप विधायकों में भावना गौड़ (पालम), नरेश यादव (महरौली), रोहित मेहरौलिया (त्रिलोकपुरी) और पवन शर्मा (आदर्श नगर), बी एस जून (बिजवासन) और राजेश ऋषि (जनकपुरी) भी शामिल हैं।

# कोलकाता में अवैध कॉल सेंटर रैकेट का भंडाफोड़, ईडी ने 2.35 करोड़ की संपत्ति की जब्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध कॉल सेंटर मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को टीपू सुल्तान और अन्य के खिलाफ छापेमारी की। इस दौरान 28 लाख रुपये नकद, 1.79 करोड़ रुपये की ज्वेलरी और कई अहम दस्तावेज जब्त किए गए। ईडी ने यह जांच बिधाननगर में दर्ज एक एफआईआर के आधार पर शुरू की। जांच में सामने आया कि टीपू सुल्तान, मोहम्मद तसफिन, सोमनाथ दास, राजेश गोयनका और उनके सहयोगी मिलकर एक अवैध कॉल सेंटर चला रहे थे। यह कॉल सेंटर साल्टटेक पार्क के सेक्टर पांच में चल रहा था। बताया गया है कि यह गिरोह इंटरनेट कॉल के जरिए जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम और अन्य देशों के लोगों को कॉल करता था। आरोपी खुद को मशहूर सॉफ्टवेयर कंपनियों का टेक्निकल सपोर्ट एजेंट बताकर लोगों को ठगते थे। टीम व्यूअर जैसे सॉफ्टवेयर के जरिए पीड़ितों के कंप्यूटर को एक्सेस कर ब्लैकमेल किया जाता था। शेल कंपनियों के जरिए पैसे अलग-अलग खातों में डालकर ट्रांसफर किए जाते थे। ईडी अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह ठगी कितने देशों और लोगों तक फैली हुई थी। ईडी ने बताया कि आगे और गिरफ्तारियां संभव हैं। इस मामले में अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध से जुड़े कई और खुलासे हो सकते हैं।

# भाजपा ने 2024 के लोस चुनाव में 1,737.68 करोड़ रुपये खर्च किए: आयोग को सौंपे गए चुनाव व्यय में खुलासा

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2024 के लोकसभा चुनाव में 1,737.68 करोड़ रुपये खर्च किए। भाजपा की ओर से निर्वाचन आयोग को प्रस्तुत व्यय रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, कुल राशि में से 884.45 करोड़ रुपये सामान्य पार्टी प्रचार पर खर्च किए गए, जबकि 853.23 करोड़ रुपये उम्मीदवार संबंधी खर्चों के लिए आवंटित किए गए। लगभग 611.50 करोड़ रुपये मीडिया विज्ञापनों पर खर्च किए गए, जिसमें प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन, बल्क एसएमएस अभियान और केबल, वेबसाइट तथा टीवी चैनलों पर प्रचार सामग्री शामिल थी। पार्टी ने चुनाव प्रचार के लिए पोस्टर, बैनर, होर्डिंग और झंडों पर 55.75 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक बैठक, जुलूस और जनसभाओं पर भाजपा का खर्च 19.84 करोड़ रुपये का रहा। इनमें मंच, ऑडियो सेटअप, बैरिकेड्स और वाहनों की व्यवस्था शामिल है। अभियान से संबंधित यात्रा व्यय में पार्टी के बजट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा खर्च किया गया। पार्टी के केंद्रीय मुख्यालय द्वारा अधिकृत स्टार प्रचारकों का यात्रा खर्च 168.92 करोड़ रुपये था, जबकि पार्टी के अन्य नेताओं की यात्रा पर 2.53 करोड़ रुपये खर्च किए गए। आम चुनाव में भाजपा ने लगातार तीसरी बार जीत हासिल की थी। इस जीत के लिए उसने बड़े पैमाने पर संपर्क और प्रचार अभियानों पर जोर दिया, जो उसके खर्च के तरीके से भी स्पष्ट है। इसके अतिरिक्त, राज्य संबंधी चुनावों की घोषणा की तारीख से उनके पूरा होने की तारीख तक सकल प्राप्तियां अरुणाचल प्रदेश 5,552.57 करोड़ रुपये, सिक्किम 5,552.41 करोड़ रुपये और ओडिशा 5,555.65 करोड़ रुपये रहीं।

# संसद के इस सत्र की शुरुआत से पूर्व विदेश से कोई 'चिंगारी' भड़काने का प्रयास नहीं हुआ: प्रधानमंत्री



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 2014 के बाद यह पहली बार है जब संसद का सत्र शुरु होने से पहले विदेश से कोई 'चिंगारी' भड़काने की कोशिश नहीं की गई। संसद के बजट सत्र के पहले दिन मीडिया के समक्ष अपने पारंपरिक संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''मैं 2014 से देख रहा हूं कि हर सत्र से पहले शरारत करने के लिए लोग तैयार बैठते थे और यहां उन्हें हवा देने वालों की कोई कमी नहीं है। 10 साल बाद यह पहला सत्र मैं देख रहा हूं, जिसमें किसी भी विदेशी कोने से कोई चिंगारी नहीं भड़काई गई।'' शनिवार को पेश होने जा रहे, अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट से पूर्व मोदी ने यह प्रार्थना भी की कि आगामी आम बजट के मद्देनजर देश के हर गरीब एवं मध्यम वर्ग पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में संसद का यह बजट सत्र देशवासियों में एक नया विश्वास पैदा करेगा और उन्हें नई ऊर्जा देगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार सर्वांगीण विकास के लिए अपने तीसरे कार्यकाल में मिशन मोड में काम कर रही है। साथ ही उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि नवोन्मेष, समावेश और निवेश ने सरकार के आर्थिक एजेंडे को आकार दिया है। उन्होंने कहा, ''मेरे तीसरे कार्यकाल का यह पहला पूर्ण बजट है। मैं विश्वास से कह सकता हूं कि 2047 में जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे, तब तक विकसित भारत का जो संकल्प देश ने लिया है, यह बजट सत्र और यह बजट उसमें एक नया विश्वास पैदा करेगा और नई ऊर्जा का संचार करेगा।'' उन्होंने कहा, ''मैं आशा करता हूं कि हम देश की आशाओं-आकांक्षाओं के इस बजट सत्र में खरे उतरेंगे।''

# चित्तरंजन कॉलेज के अध्यक्ष पद से हटाये गये विवेक गुप्ता

**मंत्री शशि पांजा को मिला दायित्व**

### सरस्वती पूजा के फंड को लेकर छात्रों के आरोप पर ममता सरकार का कड़ा एक्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** सरस्वती पूजा को लेकर मचे घमासान पर विधायक विवेक गुप्ता को चित्तरंजन कॉलेज की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के पद से हटा दिया हैं और उनके जगह श्यामपुकुर की विधायक एवं मंत्री डॉ. शशि पांजा को नई जिम्मेदारी सौपी गयी हैं। दरअसल, सरस्वती पूजा पर विवाद बढ़ा तो तृणमूल नेतृत्व ने कार्रवाई करते हुए उत्तर कोलकाता के चित्तरंजन कॉलेज की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता को हटा दिया। शिक्षा मंत्री और तृणमूल शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रमुख ब्रात्य बसु ने पूरे गामले में हस्तक्षेप करते हुए ये निर्णय लिया हैं। पूरे मामले को लेकर ब्रात्य ने कहा कि कॉलेज स्ट्रीट स्थित चित्तरंजन कॉलेज की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के रूप में विवेक गुप्ता की जगह शशि पांजा को लाया गया है। बता दें कि अन्य सभी कॉलेजों की तरह चित्तरंजन कॉलेज की छात्र परिषद भी तृणमूल छात्र परिषद द्वारा संचालित है। टीएमसीपी द्वारा कहा गया है कि विवेक गुप्ता कॉलेज के कार्यों में हस्तक्षेप करते रहे हैं। विभिन्न कार्यक्रमों पर छात्र संघ निधि के खर्च के लिए परिचालन समीति का अनुमोदन आवश्यक होता है। लेकिन कथित तौर पर उस अनुमोदन को रोका जा रहा था। इस विवाद में एक महिला का नाम भी शामिल है जिसे विधायक का बेहद करीबी बताया जा रहा है। सरस्वती पूजा मनाने के लिए रुपये नहीं मिलने के कारण इस वर्ष कॉलेज में संचालित छात्र संघ के सरस्वती पूजा पर संशय के बादल छा गये थे और सरस्वती पूजा रद्द होने वाली थी।

# सेना ने पुंछ में एलओसी के रास्ते घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया, लश्कर के दो आतंकी मारे गए

**जम्मू :** सेना ने जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के रास्ते घुसपैठ करने की एक कोशिश को नाकाम कर दिया और भारी हथियारों के साथ सीमा पार करने का प्रयास कर रहे लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार को पुंछ जिले के खारी करमारा इलाके में हुई और दोपहर बाद व्यापक तलाशी अभियान जारी था। सेना की जम्मू स्थित 'व्हाइट नाइट कोर' ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में बताया, ''कल (बृहस्पतिवार) रात पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर आतंकवादी गतिविधि की जानकारी मिली और सतर्क सैनिकों ने घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की, जिसके बाद भारी गोलीबारी शुरू हो गई।'' सेना ने बताया कि अभियान रात भर जारी रहा, जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। सेना के अनुसार, तलाशी के दौरान क्षेत्र से अब तक बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारुद बरामद हुए हैं।

# सोनिया गांधी ने कहा, राष्ट्रपति 'बेचारी' थक गयी थीं भाषण पढ़ते पढ़ते



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को कहा कि वह अपने संबोधन के आखिर तक थक गई थीं और बहुत मुश्किल से बोल पा रही थीं। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''अंत तक राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं...वह मुश्किल से बोल पा रही थीं, बेचारी।'' राष्ट्रपति मुर्मू ने बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों को संबोधित किया और सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। मुर्मू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के इस तीसरे कार्यकाल में तीन गुना गति से काम हो रहा है तथा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' और वक्फ (संशोधन) विधेयक जैसे कानूनों पर तेज गति से कदम आगे बढ़ाया गया है।

## भाजपा ने राष्ट्रपति पर टिप्पणी के लिए सोनिया गांधी की निंदा की, बिना शर्त माफी की मांग की

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी की ओर से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए की गई एक टिप्पणी को लेकर विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए कहा कि यह ''बेहद अपमानजनक'' है और यह सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा के प्रति विपक्ष की ''निरंतर उपेक्षा'' को दर्शाता है।

## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियां दुर्भाग्यपूर्ण: राष्ट्रपति भवन

राष्ट्रपति भवन ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संसद में अभिभाषण पर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियां अनुपयुक्त, दुर्भाग्यपूर्ण थीं और ऐसी टिप्पणियों से बचा जाना चाहिए। राष्ट्रपति कार्यालय ने ऐसी टिप्पणियों को अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि इससे पद की गरिमा को ठेस पहुंची है। बयान में कहा गया, ''राष्ट्रपति भवन यह स्पष्ट करना चाहता है कि यह धारणा पूरी तरह गलत है। राष्ट्रपति किसी भी समय थकी नहीं थीं। वास्तव में, उनका मानना है कि हाशिए पर पड़े समुदायों, महिलाओं और किसानों के लिए बोलना, जैसा कि वह अपने संबोधन के दौरान कर रही थीं, कभी भी थकाऊ नहीं हो सकता है।'' अपने संबोधन में, मुर्मू ने कहा कि सरकार ने कोविड-19 महामारी और युद्ध संबंधी अनिश्चितताओं जैसी वैश्विक चिंताओं के बावजूद अर्थव्यवस्था को ''नीतिगत जड़ता'' की स्थिति से बाहर निकालने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम किया है।

# महाकुंभ भगदड़ में बंगाल के दो और श्रद्धालुओं की मौत, मरने वालों की संख्या हुई चार

### मालदह के अमेय साहा और पश्चिम बर्दवान के बिनोद रूइदास की मौत की हुई पुष्टि

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान हुई भगदड़ में बंगाल के दो और श्रद्धालुओं की मौत की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही इस भगदड़ में बंगाल से मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। मालदह जिले के बैष्णवनगर के अमेय साहा (28) और पश्चिम बर्दवान जिले के जामुरिया के रहने वाले बिनोद रूइदास (35) उन 30 श्रद्धालुओं में शामिल थे, जिनकी बुधवार तड़के संगम क्षेत्र में हुई भगदड़ में मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बंगाल की दो महिलाओं बसंती पोद्दार (कोलकाता, गोल्फग्रीन) और उर्मिला भुनिया (सालबनी, पश्चिम मेदिनीपुर) की भगदड़ में मौत की पुष्टि हुई थी। यह भगदड़ मौनी अमावस्या के दिन पवित्र स्नान के दौरान हुई थी। अमेय साहा के पिता ने मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया कि उनका बेटा, एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक था, भगदड़ में घायल हो गया था, लेकिन उत्तर प्रदेश के अस्पताल में उसे समय पर इलाज नहीं मिला। उन्होंने दावा किया कि सही समय पर इलाज न मिलने के कारण उसकी मौत हो गई, लेकिन उत्तर प्रदेश प्रशासन ने डेथ सर्टिफिकेट जारी किए बिना शव सौंप दिया, जिससे पोस्टमार्टम में देरी हुई। वहीं, बिनोद रूइदास के भाई ने बताया कि बुधवार को पवित्र स्नान के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए भगदड़ में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। शुक्रवार सुबह उनका शव वापस लाया गया। उन्होंने भी आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने सही तरीके से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किया, जिससे परिवार को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**नौ श्रद्धालु अब भी लापता**

स्वजनों ने दावा किया है कि बंगाल के नौ श्रद्धालु अभी भी लापता हैं। महाकुंभ मेले में बुधवार तड़के मची भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी जबकि 60 अन्य घायल हो गए थे। इस बीच शुक्रवार को महाकुंभ हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 49 हो गई। महाकुंभ प्रशासन ने 24 अज्ञात मृतकों की तस्वीर जारी की है। हादसे में इन 24 लोगों की पहचान नहीं हो पाई है।



## वक्त के अनुरूप शिक्षित हों छात्र

निर्विवाद रूप से आम लोगों की धारणा सरकारी स्कूलों के प्रति अच्छी नहीं रहती। थोड़ी आर्थिक स्थिति सुधरते ही लोग अपने बच्चों को महंगे निजी स्कूलों में भेजने को आतुर हो जाते हैं। कोरोना संकट ने बताया था कि जब तमाम लोगों की आर्थिक स्थिति खराब हुई और नौकरियां गई, तो सरकारी स्कूलों ने उनके बच्चों को सहारा दिया। आंकड़े बताते हैं कि कोरोना संकट के दौरान व बाद में सरकारी स्कूलों में बच्चों के दाखिलों में खासी तेजी आई थी। लेकिन यह सवाल नीति-नियंताओं के लिये विचारणीय है कि बेहतर संरचनात्मक सुविधाओं व ऊंचे वेतनमान वाले शिक्षकों के बावजूद सरकारी स्कूल जनमानस की आकांक्षाओं की कसौटी पर खरे क्यों नहीं उतरते। समाज के संपन्न तबके व अधिकारियों के बच्चे सरकारी स्कूलों में जाने से गुरेज क्यों करते हैं? बहरहाल, एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट यानी असर 2024 के जो निष्कर्ष बीते मंगलवार को दिल्ली में जारी किए गए, वे नई उम्मीद जगाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को लेकर किए गए अध्ययन वाली असर की रिपोर्ट बताती है कि देश में छह से चौदह वर्ष के बच्चों के पढ़ने की क्षमता और गणितीय कौशल में कोरोना संकट के बाद सुधार देखा गया है। सरकारी स्कूलों में तीसरी कक्षा के बच्चों के पढ़ने की बुनियादी क्षमता में पहले से सुधार हुआ है। जो पिछले दो दशकों में सर्वोत्तम स्तर पर है। अच्छी बात यह है कि सरकारी व निजी दोनों स्तर पर स्कूलों में विद्यार्थियों के बुनियादी गणितीय कौशल में सुधार देखा गया। जो पिछले एक दशक में बेहतर है। अब कक्षा तीन के छात्र घटाव के प्रश्न हल करने में सक्षम हैं। वहीं कक्षा पांच के बच्चे भाग के प्रश्न हल कर सकते हैं। अच्छी बात यह भी कि देशभर के स्कूलों में सीखने के स्तर में भी सुधार आया है। यह स्तर 2010 तक स्थिर था, फिर इसमें गिरावट का ट्रेंड देखा गया था।

दरअसल, कोरोना काल में बच्चों के सीखने की क्षमता में गिरावट देखी गई। महामारी के चलते स्कूल बंद होने के बाद बच्चे पढ़ नहीं पाए। अधिकांश बच्चों के पास स्मार्टफोन नहीं थे। वहीं घर में माता पिता के कम पढ़े-लिखे होने या अनपढ़ होने से बच्चों का सीखने का मूलभूत कौशल प्रभावित हुआ था। बच्चे पहले का सीखा भूल गए और बड़ी संख्या में बच्चों को स्कूल भी छोड़ना पड़ा। असर की रिपोर्ट बताती है कि जहां नामांकन प्रतिशत में वृद्धि हुई है,वहीं डिजिटल साक्षरता की दर में भी वृद्धि देखी गई है। सुखद है कि कोरोना काल के बाद स्कूलों में पढ़ाई को लेकर गंभीरता देखी गई है। जागरूकता अभिभावकों के स्तर पर भी देखी गई है। हालांकि, बीते वर्ष के मुकाबले छह से चौदह वर्ष तक के बच्चों के दाखिलों में कमी देखी गई है। जिसकी वजह है कि कोरोना संकट के चलते रोजगार प्रभावित होने से जो बच्चे सरकारी स्कूलों की तरफ आए थे, वे फिर आय बढ़ने पर निजी स्कूलों की ओर रुख करने लगे हैं। दरअसल, सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर भरोसा कायम करने की जरूरत है। वैसे सरकारी स्कूलों में भी स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वाले बच्चों की संख्या बढ़ी है। वहीं दूसरी असर की रिपोर्ट में पंजाब को लेकर कहा गया है कि स्कूली बच्चे पंजाबी पढ़ने को लेकर निराशाजनक प्रदर्शन कर रहे हैं। पंजाब सरकार के स्कूलों में कक्षा तीन के केवल 34 फीसदी छात्र ही दूसरी कक्षा की पाठ्य पुस्तकें पढ़ सकते हैं। हालांकि, पढ़ने की क्षमता और अंकगणित की समस्याओं के हल करने के मामले में सरकारी स्कूलों ने निजी स्कूलों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया । लेकिन चौंकाने वाली बात यह कि सरकारी व निजी स्कूलों के तीसरी कक्षा के 15 फीसदी से अधिक छात्र ही गुरुमुखी लिपि के अक्षर पढ़ सकते हैं, शब्द नहीं। वहीं 4.6 फीसदी छात्र पंजाबी के अक्षर भी नहीं पढ़ सकते। हालांकि, बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर पंजाब राष्ट्रीय औसत से बेहतर स्थिति में रहा है। राष्ट्रीय स्तर से बेहतर 97.4 स्कूलों मे मध्याह्न भोजन परोसा गया। वहीं राष्ट्रीय औसत 11.1 के मुकाबले 32.7 फीसदी स्कूलों में छात्र कंप्यूटर का उपयोग करते हैं। लेकिन अभी सुधार की बहुत गुंजाइश है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 1 फरवरी, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ शुक्लपक्ष तृतीया, 11:38 तक, नक्षत्र : पूर्वभाद्रपदा, 26:24 तक, योग : परिघा, 12:18 तक, सूर्योदय: 6:16, सूर्यास्त: 17:25 चन्द्रोदय : 08:13, चन्द्रास्त: 20:20, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 09:04 से 10:27

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों का भाग्य साथ देगा और आपकी तरक्की होगी। आपको मंगल उत्सवों में शामिल होने का मौका मिलेगा। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

**वृष :** वृष राशि के लोगों को करियर में लाभ होगा और आपका मन किसी शुभ कार्य में लगेगा। कहीं किसी किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सकून मिलेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन काफी रचनात्मक है और आप बुद्धि के प्रयोग से जो भी काम करेंगे उसमें सफलता प्राप्त होगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों का भाग्य साथ देगा। दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों का भाग्य साथ देगा और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं। दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन आपको शुभ कार्य में हाथ आजमाने से लाभ होगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को हर काम में संयम और सावधानी रखने की सलाह है। वरना आपका कोई बड़ा नुकसान हो सकता है। आपसी वार्ता और व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें।

**तुला :** तुला राशि के लोगों के लिए लाभ से भरा होगा और आपको हर कार्य में किस्मत का साथ मिलेगा। आपका दिन लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद सुलझ सकते हैं।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का दिन आर्थिक मामलों में तरक्की से भरा होगा। रुपये-पैसे के मामले में दिन काफी मजबूत है और आपको मनचाही तरक्की मिलेगी।

**धनु :** धनु राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो आपको लाभ होगा। आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मकर :** मकर राशि के लोगों के लिए दिन सामान्य है और आपको भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। पार्टनरशिप में किया जाने वाला काम आपको लाभ देगा और अच्छा मुनाफा करवाएगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपको सफलता प्राप्त होगी। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा।

**मीन :** मीन राशि के लोगों के लिए दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है।

# सच ही सर्वोपरि संदर्भ भारतीय कविता



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

सर्जना ही सच को सर्वोपरि बनाती है। यह बात भारतीय कविता के अध्ययन-मनन से पता चलती है। आजादी के बाद हिंदी कविता में आस्था और विश्वास का प्रचलन आरंभ हुआ था। कवियों ने देश को अग्रगति की राह पर अग्रसर करने के उद्देश्य से मानव के हृदय को संबोधित किया। इस सिलसिले में साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तक ''भारतीय कविता : 58-59'' को देखा जा सकता है। इस पुस्तक में हिंदी के 27 कवियों की कविताओं को संगृहीत किया गया है। इसी पुस्तक में अजित कुमार की कविता 'हृदय' संकलित है। इस कविता में अजित कुमार ने लिखा है - 'जो टपका वह लहू नहीं था.../इस की धारा थी, अमृत था-/जिसने क्षत-विक्षत घावों को भरा और/टूटे भावों को जोड़ा/' टूटे भावों को जोड़ने के लिए प्रगाढ़ प्रेम की जरूरत पड़ती है। यह विश्वास करना पड़ता है कि कहीं-न-कहीं कुछ है। इसी 'कुछ' को सार्थक बनाने के उद्देश्य से अशोक वाजपेयी की इस कविता पर ध्यान देने की उत्सुकता देखी जा सकती है। यह कविता भी इसी पुस्तक में संकलित है, जैसा कि उनकी कविता 'कहीं कुछ है' की इन चंद पंक्तियों को बानगी को रूप में देखा जा सकता है। उनकी कविता का शीर्षक है - 'कहीं कुछ है'; इस कविता की पंक्ति है - 'भागते चेहरों, दौड़ती आकृतियों के बीच/कहीं कुछ है/ - जिसे मैं हमेशा पहचान लेता हूं। / एक उजली लकीर-सा!/''

अज्ञेय की कविता 'ब्राह्म-मुहूर्त्त : स्वस्ति-वाचन' एक प्रसिद्ध कविता है, जो पहली बार इसी पुस्तक में छपी थी। इस कविता ने बार-बार आस्था को प्रगाढ़ से प्रगाढ़तर बनाते हुए न्यौछावर करने की प्रवृत्ति को आगे बढ़ाया है। इस कविता में अज्ञेय ने उदार उद्यम की महत्ता को रेखांकित करते हुई लिखा है- ''सागर के किनारे तक/तुम्हें पहुंचाने का/उदार उद्यम ही मेरा हो,/फिर वहां जो लहर हो, तारा हो,/सोन-तरी हो, अरुण सवेरा हो/वह सब, ओ मेरे वर्य!/तुम्हारे हो, तुम्हारा हो, तुम्हारा हो!/'' इस कविता-संकलन में कवि आग्नेय की भी एक कविता संगृहीत है। इस कविता का शीर्षक है- 'टूटे हुए आदमियों का गीत'। आदमी चाहे जितना क्यों न टूट जाए, वह बार-बार उठना चाहता है; जैसा कि उनकी इस कविता में लिखा गया है- ''हमारी अतृप्त पिपासाएं साक्षी हैं/कि हमारी छातियों में आकुलता है/उगने की।'' कीर्ति चौधरी की कविता 'मुझे फिर से लुभाया' में दु:ख और सुख के संबंध में एक तुलनात्मक दृष्टि अपनायी गयी है, कवि कीर्ति चौधरी ने लिखा है-''दुख मेरा भले ही कठिन हो/पर सुख भी तो उतना ही सहज है/मुझे कम नहीं दिया है देने वाले ने/कृतज्ञ हूं/मुझे उसके विधान पर अचरज है/''

जब आदमी के वेश में जानवर घूमने लगता है, तब तारों को बीनने वाला भी दिखने लगता है, जैसा कि कवि कुंवर नारायण ने अपनी कविता 'आदमी के वेश में जानवर' में बताया है- ''सॉपों की तरह काले बादल छाने लगे,/तारों को बीनकर खाने लगे/ बिजली की चमक/फिर एक धमक/इतनी भयानक/जैसे मीलों तक/बादल नहीं शीशे का एक समुद्र लटका हो/जो किसी पहाड़ से टकराकर अभी-अभी चिटका हो।/'' केदारनाथ अग्रवाल ने 'फूल नहीं' शीर्षक कविता में सच्चाई को वाणी दी है। इस वाणी पर कान लगाने से यही सुनने को मिलता है- ''फूल नहीं/रंग बोलते हैं/पंखुरियों से:/समुद्र के अन्तस्तल के/नील, श्वेत,/और गुलाबी/शंख बोलते हैं। बल्लरियों से!/'' कैलाश वाजपेयी की कविता है- 'भटका हुआ अकेलापन'। इस कविता की चंद पंक्तियां प्रस्तुत है- ''यह अधनंगी शाम और/यह हारा हुआ/अकेलापन/मैंने फिर मणि देकर पाला विषधर छोड़ दिया।''

'इस संकलन में जगदीश गुप्त, जानकीवल्लभ शास्त्री, बाल कृष्ण राव, बालस्वरूप राही, रमा सिंह, रघुवीर सहाय, राजेंद्र प्रसाद सिंह, रामावतार त्यागी, वीरेन्द्र कुमार जैन, वीरेन्द्र मिश्र, श्रीकांत वर्मा, शंभूनाथ सिंह की कविताएं संगृहीत है। धर्मवीर भारत की कविता का शीर्षक है- ''मैंने नहीं, बल्कि उसने ही मुझे जिया- /पीड़ा में, पराजय में, सुख की उदासी में, लक्ष्यहीन भटकना में,/मिथ्या की तृप्ति तक में, उसी ने कचोटा है - उसी ने रचा है।'' 'बहुत दिनों के बाद' शीर्षक कविता में नागार्जुन ने लिखा है- ''बहुत दिनों के बाद/अब की मैंने जी भर भोगे/गंध-रूप-रस-शब्द-स्पर्श सब साथ-साथ इस भू पर। -बहुत दिनों के बाद/'' इस संकलन में भवानी प्रसाद मिश्र ने 'आत्म-प्रतीति' शीर्षक कविता लिखी है। इस कविता की चंद पंक्तियों पर नजर देना जरूरी है- ''किंतु प्राण-मन! लहर सरीखी बाहें खोले/फैल रहे हैं तट से तट तक/सागर के तल को प्रतीति है मेरी/अथवा नहीं,/ नहीं मालूम/किंतु जल को तो है सब कहीं।''

भारत भूषण अग्रवाल की कविता है- 'गमले का पौधा'। इस कविता में उन्होंने लिखा है- ''कष्ट?/बंधु, सच कहूँ:/कष्ट अभी तुमने है जाना नहीं/देखा हो शायद कभी, क्योंकि आलोचक हो,/पर अभी भोगा-पहचाना नहीं/'' इस संकलन में रामधारी सिंह 'दिनकर' की कविता 'कवि' शीर्षक है; इस कविता की चंद पंक्तियों पर नजर जाती है- ''प्राप्त है इनको सखे! कुछ ज्ञान भी, अज्ञान भी।/वायु हैं वे,/विश्व के मन को बहाकर/सत्य-सुषमा की दिशा की ओर करते हैं/'' इस संकलन में सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की दो कविताएं 'अपनी बिटिया के लिए दो कविताएं' शीर्षक से संगृहीत हैं। पहली कविता में बेटी को उठाने के बहाने पूरे विश्व को जगाना चाहतें हैं; सर्वेश्वरदयाल सक्सेना। इस कविता की पंक्तियां हैं- 'पेड़ों के झुनझुने/बजने लगे,/लुढ़कती आ रही है/सूरज की लाल गेंद,/उठ मेरी बेटी, सुबह हो गई।/'' सुमित्रानंदन पंत ने जीवन के सच को वाणी देते हुए 'धेनुए' शीर्षक कविता में लिखा है - ''सागर ही तुम्हारा सत्य नहीं !/वह तो गतिमय स्रोत की तरह/गतिहीन स्थिति भर है!/राशि का ही अनंत/अनंत नहीं,-/गुण का अनंत/बूँद-बूँद में है!/'' इस तरह देखा जा सकता है कि आजादी मिलने के बाद हिंदी कविताओं में उम्मीदों के साथ-साथ सच्चाइयों की अभिव्यक्ति हुई है। इन सारी कविताओं का चयन डॉ. हरिवंश राय 'बच्चन ने किया था।

इस संकलन में बंगला कविता का चयन अजित दत्त ने किया था। बंगला कविताओं अनुदाद का भारत भूषण अग्रवाल ने किया। बीस बंगला कवियों की कविताओं का संग्रह इस पुस्तक में संगृहीत है। नीरेन्द्रनाथ चक्रवर्ती की प्रसिद्ध कविता 'अमल कान्ति' का अनुवाद इसी संग्रह में प्रस्तुत किया गया। इस कविता से बंगला कविता की प्रवृत्ति समझ में आती है। अमलकांति जीवन भर धूप की तलाश में रहता है। एक व्यक्ति की व्यथा को नीरेन्द्रनाथ चक्रवर्ती ने इस कविता में प्रस्तुत किया है। उन्होंने इस कविता में बताया है- ''हममें से जो मास्टरी करता है/वह आसानी से डॉक्टर बन सकता था;/जो डाक्टर बनना चाहता था/अगर वह वकील बन जाता तो कोई खास हर्ज न होता/तो भी सभी की इच्छा पूरी हुई, बस एक अमलकांति को छोड़कर// अमलकांति धूप नहीं बन सका/ वही अमलकांति जो धूप की बात सोचते-सोचते/एक दिन धूप बनकर चला जाना चाहता था।''

इस संग्रह में सुनील गंगोपाध्याय की कविता 'मुक्ति' संगृहीत है। उन्होंने मुक्ति के संबंध में लिखा है- ''पलक झपकते दृश्य बदलता है, हर दृश्य में मैं सौ-सौ टूट होता हूँ/ कभी भी गुम नहीं होऊँगा, काल में कालान्तर में, अँधेरे में, उजाले में, सत्य में, भ्रम में/ चक्कर लगाता क्लान्त होता रहूँगा, धीरे-धीरे जान जाऊँगा : धरती पर/एक पुरुष और एक रमणी की कभी कोई मुक्ति नहीं।''

इस कविता संग्रह में सुनील चट्टोपाध्याय, संजय भट्टाचार्य, वीरेन्द्र चट्टोपाध्याय, विष्णु दे, रामेन्द्र देशमुख्य, मणीन्द्र राय, प्रेमेन्द्र मित्र, किरणशंकर सेनगुप्त, आलोक सरकार, आलोकरंजन दाशगुप्त, अरुण कुमार सरकार, अरविन्द गुह, अरुण मित्र, अमिय चक्रवर्ती की कविताएं संगृहीत हैं। जिन कविताओं से बंगला कविता की दिशा-दशा को समझने में सहूलियत हो सकती है। इन कविताओं की बानगी ने भारतीय कविता के स्वरूप को भी प्रभावित किया है। सुभाष मुखोपाध्याय की कविता का शीर्षक है- 'कौन जागता है?'/ इस कविता में उन्होंने जागृति पर जोर दिया है। जो जागता है, वही गर्व करता है। उनकी इस कविता की पंक्तियों को उद्धृत करना जरूरी है; जैसा कि उन्होंने लिखा है -''बाहर/रोशनियों को सड़क पर खड़ा रखकर/दरवाजे बंद करने की आवाज से/कमरे में अँधेरा करने वाला है यह शहर// प्यार के तन से/धूल झाड़ते-झाड़ते/गर्व से कह उठेंगे:/हम/'' अरुण मिश्र की कविता में अथाह प्रेम को प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने 'अथाह जलवातास में, आलोक समुद्र में' शीर्षक कविता में लिखा है- ''यह आलोक का समुद्र/उनके बीच मैंने यह अपना घर/पाल खोलकर तैरा दिया है/'' विष्णु दे 'किराये का घर' शीर्षक कविता युगबोध को प्रकट करती है; यथा : - ''किराये का घर है रूखी मिट्टी/ पैर जमाने में/बहुतेरी गर्मियां, बरसात, बहुतेरे जाड़े लगते हैं।/सोचता हूँ कौन-सा कमरा जुटेगा कविता के भाग्य में।/ मन किधर बिखेरूँगा, पूरब में या पश्चिम में।''


गुजराती साहित्य के विद्वान आर पी बख्शी ने 26 गुजराती कवियों की कविताओं का चयन किया है तथा पद्म सिंह शर्मा 'कमलेश' ने उन कविताओं का हिंदी में अनुवाद किया है। उमाशंकर जोशी की कविता है- ऊर्ध्व मनुष्य है। इस कविता में मनुष्य की महानता पर आलोकपात किया गया है। इस कविता की पंक्तियां प्रस्तुत है- '''न मनुष्यात् श्रेष्ठतरं हि किंचिता।''/ मनुष्य से है बड़ा न कोई/मनुष्य में भी शिर ऊर्ध्व जिसका/मूर्धन्य है वह/'' इस संकलन में संकलित गुजराती के कवि उसनस, करसनदास माणेक, गनी दहींवाला, जगन्त पाठक, नलिन रावल, पूजालाल, प्रजाराम शवल, प्रह्लाद पारेख, प्रियकांत मणियार, बरकत वीराणी 'बेफाम', बालमुकुन्द दवे, मकरनन्द दवे, मनसखुलाल झवेरी, राजेन्द्र शाह जैसे कवियों की कविताओं ने गुजराती कविताओं में देश की एकता और अख़ंडता का बयान प्रस्तुत करते हुए यह सिद्ध किया कि संघर्ष ही सच्ची अभिव्यक्ति है। इन कविताओं में साहस का बिम्ब रचा गया है। राजेन्द्र शाह, लाभशंकर ठाकुर, वेणीभाई पुरोहित, श्रीकृष्ण लाल श्रीधरती, शेखादम आबुवाला, सुन्दर जी बेटाई, सुन्दरम सुरेश दलाल, सुरेश ह. जोशी, हरिश्चन्द्र भट्ट, हरीन्द्र दवे, हँसमुख पाठक जैसे महान गुजराती कवियों की कविताओं ने कविता विमर्श की नयी जमीन तैयार की है। सुरेश दलाल की कविता 'विदा के क्षण' में विश्वास के महत्त्व को उजागर किया गया है, जैसा कि उन्होंने लिखा है- ''तन न रहेगा मेरा तो भी/मेरी स्मृति का सौरभ/व्याप्त रहेगा तब जीवन में/होगा मुझको गौरव/किसी-न-किसी स्थान पर/मिलन होगा फिर, विश्वास जगा यह प्राण में-मेरे/'' हरिश्चन्द्र भट्ट ने 'शेष कथा' में लिखा है, ''डूब गई, रही मात्र/अश्रुशेष यह कथा/'' भारतीय कविता के आधार को मजबूत करने में गुजराती कविता की भूमिका सर्वविदित है।

इस संकलन में मराठी के 32 कविताओं का चयन किया गया है। भवानीशंकर श्रीधर पंडित, शरच्चन्द्र मुक्तिबोध, डॉ. विष्णु भिकाजी कोलते ने मराठी कविताओं का संकलन किया है। डॉ. प्रभाकर माचवे ने इन कविताओं का हिंदी अनुवाद प्रस्तुत किया है। मराठी के कवि अनन्त आठले ने 'आहट' कविता में एकात्मक विश्वास की व्यापकता पर नजर दी है, जैसा कि उन्होंने इस कविता में लिखा है - ''आहट यह तेरी मेरी/एकात्मक विश्वास की/एकपन में भी कुछ/चाहूँ-चाहूँ ऐसे अंतर की/'' गुणाकर देशपांडे ने मराठी कविता की नई जमीन तलाश करते हुए लिखा है; उनकी कविता की शीर्षक है- 'पावस रात्रि'; इस कविता की पंक्तियां हैं- ''पावस की रात है/झर रही झाड़ी में/अस्पष्ट-सी सीटी है/बहने वाली हवा में/चुभनेवाली धार है/'' मराठी कवि बाबा मोहोड ने अपनी कविता में लिखा है, जिस कविता का शीर्षक है- ''आश्चर्य''। इस कविता की चंद पंक्तियां प्रस्तुत हैं- ''मन पर बौर आया। आज आश्चर्य हुआ/ कितने अँधेरे में तेरा/बंद द्वार खुला/'' आजादी के बाद मराठी कविताओं को ठोस आधार देने वाले कवियों में इन कवियों के नाम सदा उज्ज्वल रहेंगे, जिनके नाम हैं- अनिल, आ.नां पेडणेकर, आरती प्रभु, इंदिरा, कुसुमाग्रज, गजमल माली, ग्रेस, तुलसीराम काजे, दिलीप पुरुषोत्तम चित्रे, ना. घं देशपांडे, पद्मा, पु:शि. रेगे, बां,भं बोरकर, मंगेश पाड़गांवकर, मधुकर कैचे, मनोहर वझे, मीना ताकारवाव, रमेश तेंदुलकर, राम शेवालकर, वसंत बापट, बसु भगत, वामन इंगले, वि.ज. बोरकर, विंदा करंदीकर, विद्याधर भागवत, शंकर रामाणी, सदानंद रेगे, सुरेश भट्ट। इन कवियों की कविताओं ने भारतीय कविता के मुख्य स्वर को रेखांकित करते हुए यह साबित किया है कि भारतीय कविता की दार्शनिकता ही युग की वैज्ञानिकता का दस्तावेज है।

हिंदी, बंगला, गुजराती, मराठी की कविताओं के अतिरिक्त अन्य भाषाओं की कविताओं ने देश की एकता और अखंडता को पुष्ट करते हुए लगातार प्रगति की राह पर बढ़ने का आह्वान किया है। भारतीय कविता की पहचान ही है-विविधता। विविधता रहित कविता शायद कुछ क्षणों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकती है, लेकिन भारतीय कविता की मुख्यधारा को बेगवान नहीं बना सकती है।

भारतीय कविता का तानाबाना दुख-दर्द, उल्लास-उम्मीद, उतार-चढ़ाव से बना हुआ है। इसकी प्रासंगिकता अजर-अमर है, जहां एक व्यक्ति छोटी-छोटी आकांक्षा को लेकर जीता है। भारतीय कविता में समुद्र को आलोकित करने की क्षमता है, जो कविता विमर्श का निचोड़ है। इस निचोड़ पर जब-जब ध्यान जाता है, तब-तब यही कहना पड़ता है कि विमर्श की दुनिया में सच ही सर्वोपरि है।

# क्षमता को अक्षमता में बदलोगे तो हादसे तो होंगे ही



सुशील कुमार 'नवीन'

संगम नगरी प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान 29 जनवरी को जो हुआ वह आसानी से भूले जाने वाला नहीं है। 45 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन के पहले 16 दिनों ने जहां इसकी ऐतिहासिकता को और भव्य बनाया। वहीं 17वें दिन मची भगदड़ ने इस पर कभी न मिटने वाला दाग लगा दिया। घटना से पूर्व जहां आयोजन के प्रशंसा के कसीदे पढ़े जा रहे थे, वहीं अब जिसे देखो,वहीं अव्यवस्थाओं का रोना रोने में जुट गया है। बड़ा सवाल यह है कि ऐसी स्थिति बनीं ही क्यों? इस पर विचार कर जवाब तलाशना बेहद जरूरी है। प्रबंधन में कमी थी या प्रबंधों को ही किनारे लगा दिया गया।

हादसे के बाद चिंतन करने के लिए बड़े बड़े महानुभावों की एक लंबी फेरहिस्त तैयार है। जो आगामी कुंभ तक इस पर लंबी चर्चा करेंगे। इन चर्चाओं का फायदा क्या होगा, ये सब को पहले ही पता है। ऐसे में हमें इस हादसे पर चिंतन करने की कोई आवश्यकता नहीं है हमें तो बस इतना सोचना है कि हमारी इस आयोजन में क्या जिम्मेदारी थी और हमने क्या किया। जब इस बारे में सोचेंगे तो हादसे के बड़े सवाल का जवाब अपने आप मिल जायेगा।

कुम्भ मेला भारत में आयोजित होने वाला भव्य और विशाल आयोजन है। इसमें करोड़ों श्रद्धालु हर 12वें वर्ष प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में से किसी एक स्थान पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाते हैं। प्रत्येक 12वें वर्ष के अतिरिक्त प्रयागराज में दो कुंभ पर्वो के बीच छह वर्ष के अन्तराल में अर्धकुंभ भी होता है। वर्तमान में जारी महाकुंभ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम स्थल पर आयोजित हो रहा है। महाकुंभ हर 144 वर्ष में आयोजित होता है। जो इस वर्ष 13 जनवरी 2025 से प्रारम्भ हुआ है। जो 26 फरवरी तक जारी रहेगा।

चलिए अब हम भी अपने मस्तिष्क के घोड़े दौड़ाते हैं। 144 वर्ष बाद लगने वाले महाकुंभ का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के लिए किसी बड़ी परीक्षा से कमतर नहीं रहा है। जानकारी अनुसार सरकार ने महाकुंभ मेला परिसर को राज्य का 76वां जिला घोषित किया हुआ है। लगभग चार हजार हेक्टेयर क्षेत्र को 25 सेक्टर में बांट कुंभ नगरी स्थापित की गई है। 50 हजार से ज्यादा लोग सुरक्षा व्यवस्था को संभाले हुए हैं। ड्रोन और -ख कैमरे भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। एआई युक्त कैमरे लोगों की गिनती करते रहते हैं। अगर किसी इलाके में 2 हजार लोगों के खड़े होने की जगह है तो 1,800 लोग होते ही संबंधित अफसर को जानकारी मिल रही है । 2,700 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पानी के अंदर की सुरक्षा के लिए पहली बार नदी के अंदर 8 किलोमीटर तक डीप बैरिकेडिंग की गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। 30 पुल बनाए गए हैं। इनमें 15 पुल संगम के नजदीक बनाए गए हैं। घाटों पर 10 हजार से अधिक चेंजिंग रूम हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी घाटों पर 300 से अधिक गोताखोर तैनात किए गए हैं।

अब सोचने की बात यह है कि जब इतनी ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है तो अव्यवस्था किस तरह बनीं। हर किसी का अपना विवेक है। मेरे अनुसार इस प्रश्न का जवाब हम सब हैं। भीड़तंत्र जहां प्रभावी होता है वहां सभी व्यवस्थाएं अव्यवस्थाएं बन जाती हैं। ट्रेनों में जगह नहीं है। रिजर्व डिब्बे सामान्य से भी बद्तर हाल में हैं। जिसे देखो जहां जगह मिले,वहीं सिर पर झोला उठाए फंसा खड़ा है। निजी वाहनों के जमावड़े की तो चर्चा ही बेमानी है। रोड तो जाम होंगे ही जब धर्म की यात्रा को जो ट्रैवल टूर बनाकर छोड़ दिया है।

हर एक चीज की सीमा होती है। सीमा को पार करोगे तो परेशानी तो उठानी ही होगी। मंच की क्षमता यदि 50 लोगों को संभालने की है तो 50 तक मंच सुरक्षित हैं। यदि उस पर दस से बीस गुना चढ़ने का प्रयास करेंगे तो हादसा तो होगा ही। यही प्रयाग में हो रहा है। हर पुल की एक क्षमता है, हर एक घाट की क्षमता है। हर व्यवस्था की एक क्षमता है। क्षमता का अक्षमता बनाया तो हमने ही है। आस्था के महासमुंद्र महाकुंभ में डुबकी लगाना जब हम सब की चाह है तो क्या इतने बड़े आयोजन में सहयोग देना हमारा धर्म नहीं है। प्रबंधन को कुप्रबंधन में परिवर्तित करना बड़ा सहज है। करना क्या है, बस आगे वाले को एक धक्का ही तो देना है। उसके बाद तो अपने आप ही धक्काशाही हो जाएगी। जो हुआ है वो यही तो है। ऐसे में किसी और को न कोसकर स्वयं विचारे कि भविष्य में हमें इस तरह के आयोजनों में किस तरह भागीदारी करनी है। जान है तो जहान है। संगम में स्नान तो होते ही रहेंगे। अभी भी समय है स्वयं को भीड़ तंत्र का हिस्सा बनने से बचाएं। धार्मिक यात्रा का धार्मिक यात्रा ही रहने दें, पिकनिक स्पॉट या ट्रैवल टूर न बनने दें। -लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार है। दो बार अकादमी सम्मान से भी सम्मानित हैं।

## वर्ग पहेली नं. 2992



**बायें से दायें :-** 1) अनमेल, 4) गोआ की राजधानी, 7) झपटना, 9) अल्पतम, 10) होशमंद; सावधान, 11) गंध, 13) चंपत; भागा, 14) अल्पतम, 16) भाँति, 18) देश में रहनेवाला जनसमूह, 19) समान करना, 21) उपलक्ष्य; बहाना, 22) तशरीफ़ लाना, 23) विश्वास, 25) बेलन का साथी (रसोईघर); वेश्यामहल्ला, 27) प्रिय; इच्छित, 30) उन्नति, 31) भीम (महाभारत); बजरंगबली, 32) एक कश्मीरी नदी.

**ऊपर से नीचे :-** 1) दगाबाज़ी; गद्दारी, 2) भ्रम; भ्रांत धारणा, 3) तपस्या, 4) शरण, 5) विजय, 6) सिर्फ़ एक, 8) शरीर का मध्यभाग, 12) हृदय, 15) पारंगत, 17) जीभ, 18) प्रेम, 20) टीस, 21) घर; उपवन, 22) अपमानित; क्षतिग्रस्त; घायल, 24) महँगा, 25) आटा पीसने का यंत्र, 26) तिब्बती धर्मगुरु, 28) विकल्प; पशु-खाद्य, 29) विजयी; प्रभावी.

(उत्तर: अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर



शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2952

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | | | 7 | |
| | 1 | | 6 | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | | 1 | | | 5 | | |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| | | | | | | | 3 | |
| 2 | | | | 7 | | | | 1 |
| 3 | | 7 | | 8 | | | | |
| | | | | | | 4 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

सूडोकू पहेली - 2951 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 9 | 1 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 |
| 2 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 8 | 3 | 1 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 4 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 7 | 9 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 5 | 3 | 8 | 6 | 1 | 2 |

# उप्र सरकार सिर्फ प्रचार कर रही, कोई तैयारी नहीं है : अभिषेक बनर्जी

❑ **दिल्ली रवाना होने से पहले तृणमूल नेता ने महाकुंभ हादसे पर योगी सरकार को घेरा**

❑ **बजट पर कहा.. 'एक फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट से कोई उम्मीदें नहीं'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले के दौरान भगदड़ में हुई मौतों को बेहद दुखद बताते हुए तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार सिर्फ प्रचार कर रही है



और कोई तैयारी नहीं है। इस दिन, संसद के बजट सत्र में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना होने से पहले शहर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए तृणमूल सांसद ने यह भी कहा कि उन्हें एक फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट से कोई उम्मीदें नहीं है। महाकुंभ में मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि अगर यह घटना बंगाल या किसी अन्य गैर-भाजपा शासित राज्य में हुई होती, तो वे (भाजपा) अब तक राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रहे होते। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी ने आरोप लगाया कि वे अब तक मरने वालों की संख्या की पुष्टि नहीं कर पाए हैं। मैंने मौके पर मौजूद पत्रकारों से बात की है और अगर वास्तविक (मृतक) संख्या 100 से अधिक है तो मुझे आश्चर्य नहीं होगा। शनिवार को पेश होने वाले केंद्रीय बजट को लेकर अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार अपने बजट के माध्यम से गरीबों या मध्यम वर्ग को राहत देने में विफल रही है। उन्होंने दावा किया कि जब तक यह सरकार सत्ता में है, मुझे बजट से कोई उम्मीद नहीं है। अमीर और अमीर होते जा रहे हैं और गरीब और गरीब। यह एक जनविरोधी सरकार है।

## अटकलों पर विराम, राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होगा विधानसभा का बजट सत्र

**कोलकाता, समाज्ञा**

इस वर्ष बंगाल विधानसभा का बजट सत्र राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होगा। सभी अटकलों को खत्म करते हुए विधानसभा स्पीकर बिमान बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि 2025 का बजट सत्र परंपरा के अनुसार राज्यपाल सीवी आनंद बोस के अभिभाषण से शुरू होगा। स्पीकर ने कहा कि सत्र की शुरुआत 10 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण से होगा। यही नहीं, अभिभाषण पर चर्चा के लिए भी एक दिन निर्धारित किया जाएगा। बताते चलें कि ममता सरकार-राजभवन के बीच टकराव की वजह से 2024 में राज्यपाल के अभिभाषण के बिना ही बजट सत्र आयोजित हुआ था। विधानसभा



सचिवालय और संसदीय कार्य विभाग ने पहले ही राजभवन को पत्र भेजकर राज्यपाल को इस बार बजट सत्र में अभिभाषण देने के लिए आमंत्रित किया है। इसके बाद, विधानसभा स्पीकर ने कहा कि बजट सत्र 10 फरवरी को बोस के अभिभाषण से शुरू होगा और दो दिन बाद यानी 12 तारीख को बजट पेश होगा।

## कोलकाता में खटाल के खिलाफ शिकायत करना पड़ा महंगा, निगम कर्मचारी पर धमकाने का आरोप

### 'टॉक टू मेयर' कार्यक्रम में की शिकायत

**कोलकाता :** महानगर में खटालों को रखना अवैध है, क्योंकि इससे शहर की निकासी व्यवस्था प्रभावित होती है। इसी कारण कोलकाता नगर निगम ने खटालों पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। लेकिन जब एक व्यक्ति ने खटाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, तो उसे ही मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

114 नंबर वार्ड के पश्चिम पुटियारी निवासी रनीत नियोगी ने कोलकाता नगर निगम में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके इलाके में अवैध खटाल चलाया जा रहा है। शुक्रवार को आयोजित 'टॉक टू मेयर' कार्यक्रम में उन्होंने कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम से अपनी शिकायत साझा की। रनीत का



आरोप है कि खटाल के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय, निगम के स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मचारी ने उन पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया।

रनीत ने मेयर से बातचीत के दौरान फोन पर संबंधित कर्मचारी का नाम भी बताया। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए मेयर फिरहाद हकीम ने कहा कि उन्होंने नगर निगम के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि अगर आरोपी कर्मचारी पर लगे आरोप सही साबित होते हैं, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मेयर ने यह भी स्पष्ट किया कि नगर निगम में करीब 17,000 कर्मचारी कार्यरत हैं, और उनमें से एक-दो कर्मचारी गलत आचरण कर सकते हैं। हालांकि, इसका यह मतलब नहीं कि सभी कर्मचारी ऐसे ही हैं।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि नगर निगम की जांच में क्या सामने आता है और क्या अवैध खटालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होती है या नहीं।

## विधानसभा में करीब 14 साल बाद बदली ज्योतिप्रिय मल्लिक की सीट

### बजट सत्र में लेंगे भाग, पूर्व मंत्री होने के बावजूद सदन में मंत्रियों के पास ही बैंठेंगे

**कोलकाता, समाज्ञा :** राशन घोटाले में जमानत पर रिहा हुए पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का 14 वर्षों के बाद विधानसभा में सीट बदल गई। वह आगामी बजट सत्र में विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेंगे। हालांकि, वह विधानसभा में अपने लिए पूर्व आरक्षित सीट पर जहां लंबे समय तक बैठा करते थे वहां नहीं बैठ पाएंगे। क्योंकि, अब वह मंत्री नहीं हैं। फिलहाल, विधानसभा में उनके लिए एक नई सीट आवंटित कर दी गई है। हालांकि, यह उनकी पूर्व की सीट से ज्यादा दूर पर नहीं है। वह विधानसभा में ट्रेजरी बेंच पर मंत्रियों के निकट ही बैठेंगे। उन्हें सत्ता पक्ष में तृणमूल कांग्रेस के मुख्य सचेतक निर्मल घोष के बगल वाली सीट आवंटित की है। बता दें कि जो कैबिनेट मंत्री होते हैं,



उन्हें आमतौर पर मुख्यमंत्री की अगल-बगल वाली सीटें दी जाती हैं। मल्लिक लंबे समय से वहीं बैठा करते थे। ज्योतिप्रिय 2011 से कैबिनेट मंत्री रहे हैं। उन्होंने 10 वर्षों तक खाद्य मंत्री के रूप में कार्य किया। उन्हें 2021 में वन विभाग की जिम्मेदारी दी गई। वह हाबरा से तीन बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। 2001 से राज्य विधानसभा के सदस्य हैं। पहले वह विपक्ष में बैठते थे। 2011 में, तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद, ट्रेजरी बेंच पर उनका स्थान सुरक्षित हो गया। क्योंकि तब से वह मंत्री थे।

❑ **पार्टी का कार्य समेत विधानसभा की स्थाई समिति में भी मिली जगह**

सूत्रों के अनुसार, ज्योतिप्रिय को पार्टी का कार्य करने को तृणमूल नेतृत्व ने स्वीकृति दे दी हैं। मुख्यमंत्री ने ज्योतिप्रिय की शारीरिक स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। 10 फरवरी को विधानसभा में पार्टी विधायकों के साथ ममता बैठक करेंगी जिसमें उन्हें भी उपस्थित रहने को कहा गया है। इस बीच, पूर्व खाद्य मंत्री को ऊर्जा संबंधी विधानसभा की स्थाई समिति का सदस्य बना दिया गया है। अब वह विधायक के रूप में काम कर सकेंगे।

## शिक्षक भर्ती घोटाला : आरोपितों के दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराने में विफल

❑ **कोर्ट ने सीबीआई को लगाई फटकार**

❑ **आरोपितों में राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी समेत कई प्रभावशाली शामिल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राथमिक शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में आरोपितों को समय पर दस्तावेज उपलब्ध कराने में विफल रहने पर सीबीआई को फिर अदालत में सवालों का सामना करना पड़ा। न्यायाधीश ने जानना चाहा कि देरी क्यों हुई? आरोपितों में राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी भी शामिल हैं। बता दें कि सीबीआई ने 27 दिसंबर को मामले में आरोपपत्र दाखिल किया। पार्थ के अलावा अयन शील और संतू गंगोपाध्याय को भी आरोपित बनाया गया है। न्यायाधीश ने सीबीआई को शुक्रवार तक आरोपितों के वकीलों को



दस्तावेज उपलब्ध कराने का आदेश दिया था। लेकिन, सीबीआई दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सकी। अदालत ने उसके विलंब पर सवाल उठाया। सीबीआई सूत्रों के अनुसार, पार्थ, संतू और अयान के खिलाफ भ्रष्टाचार के कई सबूत मिले हैं। उनका उल्लेख आरोपपत्र में किया गया है। इसी मामले में आरोपित सुजयकृष्ण भद्र व शांतनु बनर्जी के खिलाफ आरोपपत्र अभी तक दाखिल नहीं किया गया है।

## नैहाटी में तृणमूल कर्मी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

❑ **अर्जुन सिंह पर हत्या कराने का आरोप, पूर्व सांसद ने नकारा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला अंतर्गत नैहाटी में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक तृणमूल कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान नाम संतोष यादव के रूप में की गई है। पता चला है कि संतोष एक व्यवसायी एवं तृणमूल कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते थे। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के मुताबिक, नैहाटी के गौरीपुर इलाके में संतोष यादव के सिर में गोली मारी गई। घायल हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तृणमूल कांग्रेस की तरफ से नैहाटी से नवनिर्वाचित विधायक सनत डे ने वारदात के लिए भाजपा नेता अर्जुन सिंह को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि अर्जुन सिंह का कहना है कि इसके पीछे भाजपा का कोई हाथ नहीं बल्कि ये तृणमूल की आंतरिक गुटबाजी का नतीजा है।

इधर, एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब यह अपराध हुआ, तब संतोष यादव गौरीपुर इलाके से गुजर रहा था। घटना के दौरान उन्होंने हमलावर से रिवॉल्वर छीन लिया। लेकिन अन्य बदमाशों ने उस पर चार बार गोलियां चलाईं। एक गोली उसके सिर में लगी। पुलिस ने बताया कि नैहाटी स्टेट जनरल अस्पताल ले जाने पर यादव को मृत घोषित कर दिया गया। उक्त अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है और अपराधियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## हाईकोर्ट के आदेश पर आखिरकार मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार पद से मानस ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मानस चक्रवर्ती ने आखिरकार मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार पद से इस्तीफा दे दिया। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने उन्हें शाम 5 बजे तक इस्तीफा देने का आदेश दिया था। समय सीमा समाप्त होने से पहले ही मानस ने इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने के बाद मानस ने कहा, हाईकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए मैंने अध्यक्ष के पास इस्तीफा पत्र सौंपा है। मानस चक्रवर्ती पांच साल की सेवानिवृत्ति के बाद भी रजिस्ट्रार पद पर बने हुए थे। उनका रजिस्ट्रार पद का कार्यकाल 1 नवंबर 2029 को समाप्त होना था। इस दौरान उन पर मेडिकल काउंसिल को अंधेरे में रखकर अवैध रूप से पुनर्नियुक्ति देने का आरोप लगाया गया था। नवंबर 2019 में सेवानिवृत्त लेने के बाद भी,



उन्होंने सरकार की अनुमति के बिना मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार के पद पर एक्सटेंशन लिया था, जो कि बंगाल मेडिकल एक्ट के अनुसार अवैध था।

राज्य सरकार ने जानकारी दी थी कि रजिस्ट्रार और सहायक रजिस्ट्रार के पदों पर नियुक्ति के लिए नोटिस जारी कर दिया गया है। 7 फरवरी को इन पदों के उम्मीदवारों के लिए परीक्षा होगी और जल्दी ही नियुक्ति की जाएगी। हालांकि, अदालत ने इस तर्क को स्वीकार नहीं किया। स्वास्थ्य सचिव ने भी मानस को अवैध घोषित किया था, लेकिन इसके बाद भी उन्होंने पद नहीं छोड़ा। 2022 में मेडिकल काउंसिल चुनाव में भी वह रिटर्निंग ऑफिसर थे, जिस वजह से डॉक्टरों ने उस चुनाव को भी अवैध बताया था। इस मामले में हाईकोर्ट में मुकदमा चल रहा था। गुरुवार को उस मुकदमे में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य ने आदेश दिया कि मानस चक्रवर्ती को स्वेच्छा से पद छोड़ना होगा, अन्यथा उन्हें पद से हटा दिया जाएगा। इस आदेश के बाद निर्धारित समय से पहले ही मानस चक्रवर्ती ने इस्तीफा पत्र सौंप दिया।

# अवैध संबंध को लेकर महिला पर चाकू से हमला कर हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** कोलकाता के ईस्टर्न मेट्रोपॉलिटन बायपास के पास बाईपास ढाबा रेस्तरां के सामने एक महिला पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। यह घटना 30 जनवरी 2025 की शाम को हुई, जब रोफिया शकील नामक महिला पर तीन लोगों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाद में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी।

❑ **क्या है पूरा मामला?**

जांच में सामने आया कि रोफिया शकील का फारूक अंसारी नामक व्यक्ति के साथ विवाहेत्तर संबंध था। घटना के दिन दोनों बॉक्स टी स्टॉल के



पास चाय पी रहे थे, तभी अचानक फारूक अंसारी की पत्नी शाहजादी फारूक, उनके नाबालिग बेटे और एक अन्य युवक ने वहां पहुंचकर महिला पर हमला कर दिया। फारूक अंसारी के बेटे ने चाकू से वार कर रोफिया शकील को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें एनआरएस अस्पताल पहुंचाया।

❑ **पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार**

इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। प्रगति मैदान थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। इस संबंध में प्रगति मैदान थाना केस संख्या 22 दिनांक 31/01/25 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान नाबालिग आरोपी (नाम गोपनीय), शाहजादी फारूक (34 वर्ष) व वसीम अकरम (22 वर्ष) के रूप में की गयी है। तीनों आरोपी कोलकाता के 14 कॉलिन लेन इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस ने नाबालिग आरोपी को 3:15 बजे हिरासत में लिया और अन्य दो आरोपियों को भी बाद में गिरफ्तार कर लिया।

जांच के दौरान पुलिस को हमले में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद हुआ, जिसे आरोपी नाबालिग की निशानदेही पर ज़ब्त किया गया। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और अन्य सुराग जुटाने का प्रयास कर रही है।

हमले में घायल रोफिया शकील का इलाज एनआरएस अस्पताल में चल रहा था। बाद में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह हमला रोफिया शकील और फारूक अंसारी के कथित विवाहेत्तर संबंध को लेकर किया गया। फारूक अंसारी की पत्नी और बेटे को इस संबंध से आपत्ति थी, जिसके चलते उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस इस मामले में गहराई से जांच कर रही है और हमले के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने की कोशिश कर रही है। फिलहाल सभी आरोपी हिरासत में हैं और जल्द ही उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा।

## पलाशडांगा सहकारी समिति चुनाव में तृणमूल को झटका, विपक्ष की जीत

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के नकाशीपाड़ा थाना इलाके में हुए पलाशडांगा सहकारी समिति चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। तृणमूल के ही नाराज गुट ने भाजपा और माकपा के गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव जीत लिया। इस नतीजे से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में खलबली मच गई है। 842 मतदाताओं ने 12 लोगों को समिति के लिए चुना। जानकारी के अनुसार, 35 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था, जिनमें भाजपा, तृणमूल, और सीपीआईएम के प्रत्याशी शामिल थे। जीतने वाले उम्मीदवारों में भाजपा, सीपीआईएम और तृणमूल का नाराज गुट शामिल है। चूंकि, जीतने वाले उम्मीदवारों की संख्या तृणमूल के आधिकारिक उम्मीदवारों से अधिक है, इसलिए समिति में सत्ता परिवर्तन तय है। सभी विजयी सदस्य मिलकर एक नया बोर्ड बनाएंगे। तृणमूल में सवाल उठ रहे कि क्या यह नतीजा पार्टी के अंदरूनी गुटबाज़ी का संकेत है? क्या तृणमूल का जनाधार खिसक रहा है? क्या भाजपा और माकपा का गठबंधन आने वाले चुनावों में भी असर डालेगा?

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. : डब्ल्यू_एलएलएच_18_2024-25, दिनांक 28.01.2025,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बिजली, सवारी एवं मालडिब्बा कारखाना, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु तकनीकी संपन्न निविदाकारों से ई-निविदा (खुली निविदा) ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम** : सवारी एवं मालडिब्बा कारखाना, लिलुआ में एलएचबी टाइप एसी कोच=1140 अदद (एलबी आइटम नं. 895पी/2024-25) (पीएच-21) के एसबीसी के एचटी कम्पार्टमेंट में कृंतकों (चूहा सदृश्य जंतु) के प्रवेश को रोकने के लिए केबल ट्रांजिट एंट्री सीलिंग एवं फुलप्रूफ प्रोटेक्शन सिस्टम का प्रावधान। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 2,34,43,153.80, **बयाना राशि :** रु. 2,67,200/-, **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 21.02.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है:** www.ireps.gov.in

MISC-322/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

निविदा सं.: एडीईईजी-रिनोव-कंट्रोल-2025-01, दिनांक 31.01.2025; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य विद्युत सेवाएं अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डनरीच, कोलकाता-700043 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए **दिनांक 24.02.2025** को अपराह्न 3.00 बजे से पहले ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरण:** गार्डनरीच में नियंत्रण कक्ष के सुधार एवं पुनर्विकास कार्य के संबंध में विद्युतीय वातानुकूलन कार्य। **निविदा मूल्य:** लागू जीएसटी के साथ रु. 31,93,139; **बयाना राशि:** रु. 63,900; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य (जीसीसी-2020 के अनुसार ई-निविदा होने के कारण)। **बंद होने की तारीख:** 24.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य पूरा करने की अवधि:** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 06 (छह) महीने। निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इस कार्य के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** प्रत्याशित निविदादातागण सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-1089)

**देवी सरस्वती की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए चक्र रेलवे की ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

राज्य प्रशासन के अनुरोध के मद्देनजर, **देवी सरस्वती की प्रतिमाओं** के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित **विसर्जन** के लिए चक्र रेलवे की नीचे उल्लेखित ट्रेन सेवाएं **दिनांक 03.02.2025 (सोमवार), 04.02.2025 (मंगलवार)** तथा **05.02.2025 (बुधवार)** को **अपराह्न 4.00 बजे से अगले दिन सुबह 05.00 बजे तक** निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी: • **कोलकाता में संक्षिप्त यात्रा समाप्त - (i) 30312 (बारासात-माझेरहाट)** वाया टाला (टाला-अपराह्न 4.34 बजे), **(ii) 30122 (नैहाटी-बालीगंज)** वाया टाला (टाला-अपराह्न 4.14 बजे), **(iii) 30314 (दत्तपुकुर-माझेरहाट)** वाया टाला (टाला-शाम 06.58 बजे)। • **कोलकाता से संक्षिप्त यात्रा शुरू: (i) 30331 (माझेरहाट-हाबरा)** वाया टाला (टाला-शाम 06.25 बजे), **(ii) 30111 (बालीगंज-बैरकपुर)** वाया टाला (टाला-रात 07.35 बजे), **(iii) 30313 (माझेरहाट-बारासात)** वाया टाला (टाला-रात 08.47 बजे)। • **मार्ग परिवर्तन एवं सियालदह (नॉर्थ) में संक्षिप्त यात्रा समाप्त - 30154 (नैहाटी-माझेरहाट)** वाया बालीगंज-कांकुरगाछी रोड [शाम 06.55 बजे (लगभग)]। • **सियालदह (नॉर्थ) से संक्षिप्त यात्रा शुरु - 30123 (माझेरहाट-नैहाटी)** वाया टाला (सियालदह-रात 08.20 बजे)। • **परिवर्तित मार्ग कांकुरगाछी रोड-बालीगंज होकर माझेरहाट तक - 30332 (हाबरा-माझेरहाट)** वाया टाला [अपराह्न 04.05 बजे (लगभग)]। • **माझेरहाट से परिवर्तित मार्ग (कांकुरगाछी रोड) होकर चलेगी - 30353 (माझेरहाट-दत्तपुकुर)** (माझेरहाट-अपराह्न 4.20 बजे)। • **माझेरहाट तक निर्धारित मार्ग पर चलेगी - 30152 (नैहाटी-माझेरहाट)** वाया बालीगंज (माझेरहाट-शाम 06.05 बजे)। • **बालीगंज होकर परिवर्तित मार्ग पर चलेगी-30135 (माझेरहाट-रानाघाट)** वाया टाला (माझेरहाट-शाम 06.13 बजे)। • **बालीगंज में संक्षिप्त यात्रा समाप्त-30711 (लक्ष्मीकांतपुर-माझेरहाट)** वाया बालीगंज (बालीगंज - अपराह्न 04.01 बजे)। • **बालीगंज से संक्षिप्त यात्रा शुरू तथा बालीगंज-कांकुरगाछी रोड होकर चलेगी - 30317 (माझेरहाट-दत्तपुकुर)** वाया टाला (बालीगंज - अपराह्न 05.00 बजे)। • **मार्ग परिवर्तन एवं बालीगंज में संक्षिप्त यात्रा समाप्त-30112 (बैरकपुर-माझेरहाट)** वाया टाला (बालीगंज - शाम 06.10 बजे)। • **बालीगंज से संक्षिप्त यात्रा शुरू - 30552 (माझेरहाट-घुटियारी शरीफ)** वाया बालीगंज (बालीगंज-रात 07.58 बजे)। • **रद्द रहने वाली ट्रेन सेवाएं-(i) 30416 (सियालदह-बीबीडी बाग)** वाया माझेरहाट (सियालदह-अपराह्न 05.14 बजे)। **(ii) 30451 बीबीडी बाग-बारुईपुर लोकल (बीबीडी बाग से बालीगंज हिस्से तक)** (बीबीडी बाग-शाम 06.22 बजे)। • एक **सियालदह-बारुईपुर स्पेशल सियालदह से रात 07.10 बजे** रवाना होगी एवं बालीगंज से **30451 बीबीडी बाग-बारुईपुर लोकल** का मार्ग एवं लिंक का अनुसरण करेगी। असुविधा के लिए खेद है। **मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त ई-निविदा सं. : डीसीपीएम-जीएस-ईएनजी-एसडीएएच-10-24-25 (एकल पैकेट प्रणाली में खुली निविदा), दिनांक: 29.01.2025,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति इकाई/अभियांत्रिकी, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम** : सियालदह मंडल-गति शक्ति इकाई-कृष्णनगर के लिए फिजेबिलिटी स्टडी (व्यवहार्यता अध्ययन) एवं रिकॉनिसंस सर्वे (टोही सर्वेक्षण) और 'विस्तृत परियोजना रिपोर्ट' आदि तैयार करना-पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में रानाघाट-लालगोला शाखा में किमी 99/12-09/13 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 68/टी के स्थान में 2 लेन रोड ओवर ब्रिज का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु.32,41,799.48, **बयाना राशि :** रु. 64,800/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 06 माह। **खुलने की तिथि :** दिनांक 19.02.2025, 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए कोई मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-340/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 30.01.2025,** मंडल अभियंता/मुख्यालय, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-242-24-25, कार्य का नाम:** सियालदह में- बी. आर. सिंह अस्पताल : प्रति घंटे 30एम3 पानी के उपचार के लिए आवश्यकता के अनुसार एमएनओ2 के साथ मीडिया सहित ऑक्सिडेशन प्लांट की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ करना, हर पहलू से पूर्ण सॉफ्नर यूनिट से जुड़े हुए आवश्यक पाइप लाइन और वाल्व के साथ एजिटेटर के संपूर्ण सेट के साथ 500 लीटर क्षमता के एक पीवीसी ब्राइन सॉल्यूशन टैंक की स्थापना, लगभग 20 मी. लंबे 100 मिमी व्यास के सीपीवीसी/एमएस फ्रंटल पाइप लाइन, 10 अदद 100 मिमी व्यास के बटरफ्लाई वाल्व, 1 अदद 50 मिमी व्यास के बटरफ्लाई वाल्व, 4 अदद 100 मिमी डायल हेड प्रेशर गेज, सैंपलिंग कॉक्स की आपूर्ति, फिटिंग और फिक्सिंग के साथ हर पहलू से संपूर्ण डब्ल्यूटीपी और आरओ प्लांट की सभी अन्य आवश्यक फिटिंग और फिक्सचर और दोनों प्लांट का 3 वर्ष के लिए दैनिक संचालन और रखरखाव, जिसमें आवश्यक सभी कंज्यूमेबल्स और स्पेयर्स की लागत शामिल है, ताकि प्लांट को सुचारू रूप से चलाया जा सके और पानी के मापदंडों को वांछित सीमा के अंदर रखा जा सके। एईएन/डब्ल्यू/1/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/डब्ल्यू/बी.आर. सिंह अस्पताल के तहत बी.आर. सिंह अस्पताल में फिजियोथेरेपी ब्लॉक के सामने कार्य का निष्पादन किया जाएगा। **निविदा मूल्य :** रु.41,57,222.59, **बयाना राशि :** रु.83,200/-, **कार्य की समापन अवधि:** 36 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.02.2025 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 24.02.2025 को 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-342/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**ऊर्जितकरण के संबंध में सार्वजनिक सूचना**

**नैहाटी यार्ड रेलवे साइडिंग**

पूर्व रेलवे के नीचे उल्लिखित अनुभाग के संपूर्ण हो चुके अनुभाग में अवस्थित रेलवे लाइनों एवं परिसरों के सभी प्रयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **दिनांक 01.03.2025 को अथवा उसके उपरांत 25000 वोल्ट, 50 एचजेड. ए.सी. ओवरहेड ट्रैक्शन तारों में विद्युत प्रवाहित कर दिया जाएगा।** दिनांक **01.03.2025** को तथा से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को सब समय के लिए विद्युत प्रवाहित माना जाएगा तथा कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति कथित ओवरहेड लाइन के निकट न जाएं और न ही उसके करीब कार्य करें। **अनुभाग:** मालों की ढुलाई तथा यात्री यातायात के लिए पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के तहत नैहाटी में मौजूदा बिना तार वाली नैहाटी यार्ड रेलवे साइडिंग (i) लोकेशन 1120, 36/169.00 (सियालदह से) से 1228, 36/866.50 (सियालदह से) तक, (ii) लोकेशन एचपी2/3, 36/119.50 (सियालदह से) से 1233, 36/935.50 (सियालदह से) तक, (iii) लोकेशन 35/40जी/ए, 35/851.00 (सियालदह से) से डब्ल्यूसी/1, 36/677.50 (सियालदह से) तक, (iv) लोकेशन बीयूएफ/12, 35/473.00 (सियालदह से) से ओआर5/2, 36/245.50 (सियालदह से) तक, (v) लोकेशन बीयूएफ/16, 35/657.50 (सियालदह से) से 1186, 36/537.00 (सियालदह से) तक, (vi) लोकेशन एचपी 11/1, 35/113.50 (सियालदह से) से 1059, 36/65.00 (सियालदह से) तक, (vii) लोकेशन एचपी9/6, 35/355.00 (सियालदह से) से 1055/1, 36/4.00 (सियालदह से) तक, (viii) लोकेशन 1000, 34/770.50 (सियालदह से) से एचपी11/16, 35/829.00 (सियालदह से) तक, (ix) लोकेशन 1008, 34/938.50 (सियालदह से) से बीयूएफ/15, 35/608.00 (सियालदह से) तक, (x) लोकेशन बीयूएफ/1, 35/16.50 (सियालदह से) से एचपी9/9, 35/529.50 (सियालदह से) तक [कुल टीकेएम: 5.023] (विद्युतीकृत अनुभाग) का विद्युतीकरण।

**ऊर्जितकरण की तारीख: 01.03.2025.**

**25केवी ए.सी. ट्रैक्शन की शुरुआत**
**"सड़क प्रयोगकर्त्ताओं के लिए चेतावनी"**

जनसाधारण के सूचनार्थ यह विज्ञापित किया जाता है कि मालों की ढुलाई तथा यात्री यातायात के लिए पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ऊपर उल्लेखित अनुभाग (विद्युतीकृत अनुभाग) में 25केवी, एसी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन की शुरुआत के संबंध में सभी लेवल क्रॉसिंगों पर सड़क सतह से स्पष्टतः **4.78 मी ऊंची** हाईट गेजों की स्थापना की गई है, जिससे कि अत्याधिक ऊंचाई वाले मालवाही वाहन विद्युत प्रवाहित ट्रैक्शन तार **(कंटैक्ट तार), जो लेवल क्रॉसिंगों पर रेल लेवल से न्यूनतम 5.5 मी की ऊंचाई पर होगी,** के संपर्क में अथवा खतरनाक ढंग से उसके निकट न आ सके। एतद्द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि मालवाही वाहनों की लदाई करते समय उपरोक्त निर्धारित ऊंचाई को ध्यान में रखें एवं सड़क वाहनों में लदाई की गई सामग्रियों की ऊंचाई किसी भी परिस्थिति में हाईट गेज से अधिक न हो। ***सड़क वाहनों में अतिरिक्त ऊँचे माल लदाई के निम्न खतरे हैं:*** (i) हाईट गेज के लिए खतरा एवं फलस्वरूप सड़क मार्ग के साथ ही साथ रेलवे लाइन पर रुकावट। (ii) ढुलाई की जाने वाली सामग्रियों अथवा उपकरणों अथवा वाहन के लिए खतरा। (iii) विद्युत चालकों के संपर्क में आने अथवा खतरनाक ढंग से उसके निकट आने पर आग लगने एवं प्राण हानि का खतरा।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# जुलाई 2022 तक पढ़ाई पूरी करने वाले बंगाल में मेडिकल पेशेवरों की पीजी डिग्री रहेगी बरकरार

❑ सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में किया संशोधन



**नई दिल्ली/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में कई मेडिकल पेशेवरों के लिए एक बड़ी राहत में, सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपने फैसले को संशोधित किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि जिन लोगों ने जुलाई 2022 तक अपनी पढ़ाई पूरी कर ली थी और वरिष्ठ निवासियों के रूप में काम कर रहे थे, वे अपनी डिग्री कानूनी और वैध के रूप में बनाए रखेंगे। इससे पहले, न्यायालय ने गत 17 अक्टूबर, 2022 के फैसले के तहत 31 मई, 2019 की कट-ऑफ तिथि से परे पीजी पाठ्यक्रमों (2019-2020 शैक्षणिक वर्ष के लिए) में याचिकाकर्ताओं के प्रवेश पर विचार करने से इनकार कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि कट-ऑफ तिथि से परे उनके प्रवेश की अनुमति देने के लिए उनके प्रति कोई सहानुभूति नहीं दिखाई जा सकती है। इसके बाद, याचिकाकर्ताओं-मेडिकल पेशेवरों ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक समीक्षा याचिका दायर की। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई की। यह देखते हुए कि जुलाई 2022 में यानी निर्णय की तारीख से पहले उन्हें डिग्री प्रदान की गई थी, न्यायालय ने उन याचिकाकर्ताओं की मेडिकल डिग्री को मान्य किया, जिन्होंने जुलाई 2022 तक अपनी शिक्षा पूरी कर ली थी और वरिष्ठ निवासियों के रूप में काम कर रहे थे।

कोर्ट ने कहा कि पक्षों के लिए विद्वान वकील को सुनने और मामले के अजीबोगरीब तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, वर्तमान समीक्षा याचिकाओं को इस हद तक अनुमति दी जानी चाहिए कि समीक्षा याचिकाकर्ता जिन्होंने जुलाई 2022 के महीने में अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है और उसके बाद नियुक्त किए गए थे और वरिष्ठ रेजिडेंट के रूप में काम कर रहे थे, उन्हें उनकी डिग्री से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। दूसरे शब्दों में, सिविल अपील में पारित इस न्यायालय के 17 अक्टूबर, 2022 के फैसले के बावजूद उन्हें दी गई डिग्री को कानूनी और वैध माना जाएगा।

हालांकि, याचिकाकर्ताओं में से एक को उपरोक्त राहत नहीं दी गई थी क्योंकि निर्णय के समय उसकी पढ़ाई जारी थी। इसके बजाय, न्यायालय ने उसे उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज, दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल में अपनी पढ़ाई जारी रखने की अनुमति दी, यह देखते हुए कि उसे 17.10.2023 के फैसले को देखते हुए अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखने से रोका गया था। खंडपीठ ने कहा कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि डॉ. प्रियंवदा शर्मा ने पहले ही लगभग तीन साल तक अध्ययन किया है, हम उन्हें उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज, दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल में अपनी पढ़ाई जारी रखने और पूरा करने की अनुमति देते हैं। अदालत ने पश्चिम बंगाल यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज और नॉर्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज पर पांच लाख रुपये का संयुक्त जुर्माना भी लगाया, जिसमें उन्हें मुकदमेबाजी के मुद्दों के लिए जवाबदेह ठहराया गया। यह राशि चार सप्ताह के भीतर मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा की जानी चाहिए।

## भाजपा की तर्ज पर यूजीसी उच्च शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता को कमजोर कर रही : ब्रात्य बसु



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) लगभग 'भाजपा की तर्ज पर' अपने नियमों का मसौदा तैयार कर उच्च शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता को कमजोर कर रहा है। उल्लेखनीय है कि आयोग ने हाल ही में यूजीसी (विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति और पदोन्नति के लिए न्यूनतम योग्यताएं, तथा उच्च शिक्षा में मानकों के रखरखाव के लिए उपाय) विनियम, 2025 का मसौदा जारी किया था। मंत्री ने कहा कि राज्य शिक्षा विभाग ने मसौदा विनियमों पर गौर करने और अपनी सिफारिशें देने के लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है, जिसने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। बसु ने यह भी आरोप लगाया कि यूजीसी मुख्यमंत्री को राज्य विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति नियुक्त करने के राज्य सरकार के फैसले को नकारने की कोशिश कर रही है। उन्होंने गुरुवार को एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री को कुलाधिपति नियुक्त करना चाहती है, लेकिन हाल ही में राज्य के दौरे पर आए यूजीसी के प्रतिनिधि ने ऐसे किसी भी कदम के खिलाफ बात की और इसके बजाय एक समान शिक्षा नीति की वकालत की। बसु ने यूजीसी के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार का नाम नहीं लिया, जो हाल ही में राज्य विश्वविद्यालय के एक दीक्षांत समारोह में शामिल हुए थे, लेकिन उनका इशारा कुमार की ओर था।

### माकपा का 5 फरवरी को रानी राशमणि रोड पर सभा

**कोलकाता, समाज्ञा :** अगले वर्ष राज्य में विधानसभा चुनाव होना है। इसी को ध्यान में रखते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपी-आई) पार्टी को मजबूत करने के लिए मैदान में उतर रही है। सीपी-आई ने आगामी 5 फरवरी को कोलकाता में रानी राशमणि रोड पर एक रैली का आह्वान किया है। वहां वाम मोर्चा की सहयोगी पार्टियां पार्टी की शताब्दी मनाने के लिए एक समारोह आयोजित करेंगी।

### दार्जिलिंग घूमने गए दक्षिण 24 परगना के पर्यटक की मौत

**दार्जिलिंग :** परिवार के सदस्यों के साथ दार्जिलिंग घूमने गए दक्षिण 24 परगना जिले के एक पर्यटक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान अमियोनाथ घोष (55) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, अमियोनाथ घोष को गुरुवार की रात दार्जिलिंग के एक होटल में अचानक दिल का दौरा पड़ गया। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के अनुसार, अमियोनाथ घोष का परिवार 28 जनवरी को घर से दार्जिलिंग घूमने के लिए निकले थे। उसके साथ कुछ और परिवार भी थे। इसके बाद, वे 29 जनवरी की सुबह एनजेपी पहुंचे और सीधे कालिम्पोंग चले गए। जहां वे एक दिन घूमने के बाद 30 जनवरी को दार्जिलिंग के मॉल रोड पर एक होटल में रुके थे। जहां 30 जनवरी की रात को दिल का दौरा पड़ गया। आनन-फानन में अमियोनाथ घोष को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। शुक्रवार को मृतक अमियोनाथ घोष के शव को उनके घर भेजा जाएगा।

## स्वरूपनगर में अवैध रूप से सीमा पार करने के दौरान तीन बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के स्वरूपनगर थाना इलाके में तीन बांग्लादेशी लोग अवैध रूप से सीमा पार करते हुए पकड़े गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुरुवार की देर रात तीन लोग सीमा पार कर बांग्लादेश जाने की कोशिश कर रहे थे। गश्त कर रहे पुलिस अधिकारियों ने उन्हें पकड़ लिया और उनसे पूछताछ की।

पूछताछ के बाद पता चला कि तीनों वास्तव में बांग्लादेशी है। अभियुक्तों के नाम कमरुल इस्लाम, चकीनुर बेगम और निलुफा खातून हैं। कथित तौर पर, वे बांग्लादेश में अलग-अलग स्थानों पर रहते हैं। बताया गया है कि करीब तीन साल पहले ये तीनों अवैध तरीके से बांग्लादेश से भारत आये थे। यहां वे विभिन्न स्थानों पर निर्माण श्रमिक के रूप में काम करने लगे। वे काम के सिलसिले में उन सभी जगहों पर रहते थे। बीच-बीच में वे सभी छुट्टी लेकर गुप्त रूप से सीमा पार कर बांग्लादेश स्थित अपने घर जाते थे। इस बार भी वे उसी तरह सीमा पार करने की कोशिश कर रहे थे। उस समय पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

सूत्रों के अनुसार, गुरुवार की देर रात वे बिथरी हकीमपुर ग्राम पंचायत के स्वरूपदाहा इलाके से गुजर रहे थे। गश्ती के दौरान जब पुलिस ने उन्हें देखा तो उन्हें संदेह हुआ। पूछताछ करने पर उनके बयानों में विसंगतियां पाई गईं। उनके काम से इस देश का कोई पहचान पत्र नहीं मिला। अंततः पूछताछ के दौरान सच्चाई सामने आ जाती है। इसके बाद, उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार को गिरफ्तार लोगों को बशीरहाट अदालत में पेश किया गया।

### सिलीगुड़ी में तीन बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार



**सिलीगुड़ी :** न्यू जलपाईगुड़ी थाने की पुलिस ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करते समय तीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम-मोहम्मद हबीब, मोहम्मद शमशेर अली और अतिरुल मोहम्मद है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुरुवार को मिली सूचना पर न्यू जलपाईगुड़ी थाना प्रभारी सोनम लामा अपनी टीम के साथ फूलबाड़ी इलाके में अभियान चलाया। इसके संदिग्ध तीन लोगों को पकड़ा। तीनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। पुलिस गिरफ्तार तीनों घुसपैठिए को जलपाईगुड़ी अदालत में पेश कर साथ दिन की रिमांड पर लेगी।

### कुल्टी में दो क्विंटल गांजा के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**आसनसोल :** जिले के कुल्टी थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो गाड़ियों से दो क्विंटल गांजा जब्त किया है। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूचना पर आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के खुफिया विभाग और कुल्टी थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह डिसरगढ़ में सुभाष ब्रिज के पास दो संदिग्ध वाहनों को रोका। जांच करने पर पाया गया कि पहली गाड़ी (पिकअप वैन) में टमाटर की आड़ में गांजा छिपाया गया था। दूसरी गाड़ी के बोनट के अंदर गांजा रखा गया था। दोनों गाड़ियों से कुल दो क्विंटल गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार पांच आरोपियों से कड़ी पूछताछ जारी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी खेप कहां सप्लाई की जा रही थी। आसनसोल क्षेत्र में गांजा तस्करी के बढ़ते मामलों को लेकर पुलिस पहले से ही सतर्क है। इस बड़ी बरामदगी के बाद पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इसमें कोई बड़ा गिरोह सक्रिय है।

### माध्यमिक परीक्षा से पहले अभिनव पहल, एडमिट कार्ड के साथ शपथ ग्रहण का निर्देश बोर्ड ने दिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एक अभिनव कदम उठाने जा रहा है। अब माध्यमिक परीक्षा के दौरान एडमिट कार्ड के साथ स्कूल प्रशासन परीक्षार्थियों से शपथ ग्रहण कराएगा। सभी माध्यमिक परीक्षार्थियों को एक साथ बुलाकर उन्हें यह बताया जाएगा कि वे क्या कर सकते हैं और क्या नहीं कर सकते हैं। यही निर्देश बोर्ड ने जारी किया है। अब तक यह प्रचार टेस्ट पेपर या डिजिटल माध्यम से किया जाता था, लेकिन इस बार परीक्षा से पहले प्रत्येक परीक्षार्थी को शपथ दिलवाने का आदेश बोर्ड ने दिया है। अब सीधे उन स्कूलों के छात्र-छात्राओं से शपथ ग्रहण कराया जाएगा, जो माध्यमिक परीक्षा दे रहे हैं। शपथ ग्रहण में क्या क्या उल्लेख किया जाएगा, इसका विवरण भी बोर्ड की तरफ से भेजा गया है। शपथ में यह स्पष्ट रूप से कहा जाएगा कि परीक्षा केंद्र पर अभिभावक प्रवेश नहीं कर सकते और अगर किसी परीक्षार्थी को मोबाइल या कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ पकड़ा जाता है तो उसकी परीक्षा रद्द कर दी जाएगी।

### सीधे क्लास रूम में खोला जाएगा सीलबंद लिफाफा, उच्च माध्यमिक में प्रश्न लीक रोकने के लिए सख्त कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पिछले वर्ष प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों को लेकर राज्यभर में भारी हंगामा मचा था। इस बार, उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद इस संबंध में कई कदम उठा रहा है। अब तक प्रश्नपत्रों को प्रिंटिंग प्रेस से स्थानीय पुलिस थाने तक लाने के बाद, प्रत्येक विद्यालय में भेजे जाने वाले प्रश्नपत्रों की संख्या निर्धारित की जाती थी और फिर उन्हें लिफाफों में बंद कर दिया जाता था। इस बार, प्रत्येक विद्यालय के लिए प्रश्न पत्र विशिष्ट लिफाफों में भरे जाएंगे, पुलिस स्टेशन में नहीं, बल्कि प्रिंटिंग हाउस में। वहां से प्रश्नपत्र सीधे स्कूल में पहुंचा दिया जाएगा। इसी प्रकार, प्रत्येक स्कूल में सीलबंद लिफाफे पहुंचने के बाद, प्रश्नावली को प्रधानाचार्य के कार्यालय में खोला जाता था। इस बार, इस नियम में भी बदलाव किया जा रहा है। अब से परीक्षक प्रिंसिपल के कमरे में नहीं जाएंगे, बल्कि सीधे कक्षा में जाएंगे और सीलबंद लिफाफों से प्रश्न निकालेंगे। इसी के साथ संसद सूत्रों के अनुसार, यह कदम प्रश्नपत्र लीक की घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उठाया गया है।



हावड़ा के बाली जगाच्छा ब्लॉक में आयोजित 'दुआरे सरकार' कैंप का पश्चिम बंगाल सरकार के मुख्य सचिव, प्रधान सचिव आदिवासी विकास विभाग और जिलाधिकारी ने किया दौरा।

## मालदह डिवीजन ने एकचारी और घोघा स्टेशनों के बीच सफलतापूर्वक आरएच गर्डर को किया लॉन्च



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मालदह डिवीजन ने डिवीजनल रेलवे मैनेजर मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में रेलवे अवसंरचना को सुरक्षित और निर्बाध संचालन के लिए लगातार सुधार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस डिवीजन ने एकचारी और घोघा स्टेशनों के बीच किमी 280/8-9 पर आरएच (रिस्ट्रिक्टेड हाइट) गर्डर को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। यह कार्य एक अतिरिक्त उद्घाटन के संबंध में किया गया था, जो मालदह डिवीजन की व्यापक बाढ़ शमन रणनीति का हिस्सा था। इस महत्वपूर्ण कार्य को निर्धारित ब्लॉक के दौरान देर रात 01:00 बजे से भोर सुबह 05:00 बजे तक कुशलतापूर्वक निष्पादित किया गया और केवल चार घंटे में पूरा कर लिया गया। इसके साथ ही, डिवीजन ने काहलगांव और जमालपुर के बीच सात अतिरिक्त आरसीसी बॉक्स पुलों की योजना बनाई है, क्योंकि गंगा नदी रेलवे ट्रैक के बहुत करीब बहती है, जिससे मानसून के दौरान पुलों के टूटने का खतरा रहता है। इनमें से पांच पुल पहले ही पूरे किए जा चुके हैं, दो लैलाख और साबौर के बीच और तीन सुल्तांगंज-जमालपुर खंड में हैं। मालदह डिवीजन अपने अवसंरचना विकास की दिशा में सक्रिय रूप से काम करते हुए, यात्रियों और माल ढुलाई के लिए सुरक्षित और अधिक मजबूत रेलवे संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बंधन बैंक का कुल कारोबार 17 प्रतिशत बढ़कर 2.73 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा



**कोलकाता :** बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। बैंक का कुल कारोबार 17 प्रतिशत बढ़कर 2.73 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ। कुल जमाराशि में रिटेल हिस्सेदारी अब करीब 69 प्रतिशत पर पहुंच गई है। पिछली तिमाही में देखी गई उत्साहजनक वृद्धि दरअसल डिस्ट्रीब्यूशन सेगमेंट में इसके विस्तार, व्यावसायिक दक्षता और कामकाज के अनुकूल माहौल के कारण हुई है। बैंक अब भारत में करीब 6,300 बैंकिंग आउटलेट के माध्यम से अपने ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करता है। बंधन बैंक में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या अब लगभग 78,400 है। वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के दौरान, बैंक की जमाराशि में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कुल जमाराशि अब 1.41 लाख करोड़ रुपये है, जबकि कुल अग्रिम 1.32 लाख करोड़ रुपये है। चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) अनुपात समग्र जमाराशि का 32 फीसदी है। बैंक की स्थिरता का एक संकेतक, पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 16 प्रतिशत पर है, जो विनियामक आवश्यकता से अधिक है। बैंक की परफॉर्मेंस पर टिप्पणी करते हुए **एमडी और सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता** ने कहा, ''तीसरी तिमाही में बंधन बैंक का प्रदर्शन जोखिम और अनुपालन पर मजबूत ध्यान देने के साथ सतत विकास को दर्शाता है। हमारी निरंतर सफलता हमारे ग्राहकों के विश्वास और हमारे कर्मचारियों की कड़ी मेहनत पर आधारित है। इस अवधि में हमारी लोन बुक में वृद्धि और तकनीकी नवाचार, प्रक्रियाओं में सुधार, तथा हमारे उत्पादों और टीमों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करके, बंधन बैंक अगली विकास यात्रा के लिए पूरी तरह तैयार है, क्योंकि हम 'बंधन बैंक 2.0' की ओर बढ़ रहे हैं।'' बैंक अपनी परिसंपत्तियों में विविधता लाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें अपने खुदरा पोर्टफोलियो के विस्तार पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित किया गया है। अधिक से अधिक डिजिटलीकरण एक प्रमुख प्राथमिकता है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों के बैंकिंग संबंधी अनुभव को और बेहतर बनाते उत्पादकता और दक्षता को बढ़ावा देना है।

### स्वास्थ्य भवन ने फार्मा इम्पेक्स लैबोरेटरी की 17 दवाओं पर लगाया प्रतिबंध

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य औषधि नियंत्रण ने फार्मा इम्पेक्स कंपनी को उत्पादन बंद करने का आदेश दिया। इस बार, स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के सरकारी अस्पतालों को कंपनी द्वारा निर्मित 17 दवाओं का उपयोग बंद करने का आदेश दिया। विशेषज्ञों ने बारुईपुर स्थित फार्मा इम्पेका कंपनी के प्लांट का दौरा किया। उस समय, कंपनी की तरल गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं थी। इस बार, कंपनी द्वारा निर्मित 17 दवाओं का सरकारी अस्पतालों में प्रयोग बंद करने कर भी आदेश दिया गया। गौरतलब है कि सिलीगुड़ी स्थित कंपनी 'वेस्ट बंगाल फार्मास्युटिकल' से सलाइन (रिंगर्स लैक्टेट) के उपयोग पर रोक लगाने के बाद राज्य स्वास्थ्य विभाग ने शुरुआत में राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों को फार्मा इम्पेक्स लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड' से सलाइन खरीदने का निर्देश दिया था। फार्मा इम्पेक्स ने बेस्ट बंगाल फार्मास्यूटिकल्स के समान कीमत पर सभी प्रकार के अंतःशिरा तरल पदार्थ की आपूर्ति करने पर सहमति व्यक्त की।

## बड़ाबाजार में आभूषण की दुकान में डकैती की योजना बना रहे तीन युवक गिरफ्तार!

### 10 फरवरी तक पुलिस हिरासत का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा**

बड़ाबाजार इलाके में एक आभूषण दुकान में डकैती की योजना बना रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना बड़ाबाजार थानांतर्गत नेताजी सुभाष रोड की है। अभियुक्तों के नाम सइदुल काजी, सबाजउद्दीन और शेख चांद हैं। तीनों टेंगरा के देवेन्द्र चंद्र रोड के निवासी हैं। अभियुक्तों के पास से धारदार हथियार, लोहे की शाबल सहित अन्य सामान बरामद किये गये हैं। शुक्रवार को अभियुक्तों को अदालत में पेश करने पर उन्हें 10 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की रात बड़ाबाजार थाने के अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग डकैती की योजना बनाकर बड़ाबाजार इलाके में पहुंचे हैं। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने नेताजी सुभाष रोड पर एक वाहन को संदिग्ध अवस्था में खड़ा देख उसकी तलाशी ली। तलाशी लेने पर उसके अंदर से धारदार हथियार और लोहे की शाबल सहित अन्य सामान बरामद किये। इस दौरान, पुलिस ने कार में मौजूद तीन युवकों को हिरासत में ले लिया। अभियुक्त रात को बड़ाबाजार आने की सही वजह नहीं बता पाये। अभियुक्तों से पूछताछ में पता चला कि वे लोग बड़ाबाजार में एक स्वर्ण आभूषण की दुकान में डकैती करने के इरादे से कोलकाता आये थे। फिलहाल, पुलिस अभियुक्तों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

## रेलवे बोर्ड के सदस्य ने पूर्व रेलवे के मुख्यालय का किया दौरा




**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे बोर्ड के सदस्य (ऑपरेशंस और बिजनेस डेवलपमेंट) हितेंद्र मल्होत्रा ने शुक्रवार को पूर्व रेलवे के फेयरली प्लेस स्थित मुख्यालय का दौरा किया। इसके साथ ही पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के साथ उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में अतिरिक्त महाप्रबंधक सुमित सरकार, पूर्व रेलवे तथा मेट्रो रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान, रेलवे संचालन, अवसंरचना विकास, यात्री सेवाओं और व्यापार रणनीतियों के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की गई। इसके बाद, हितेंद्र मल्होत्रा ने पूर्व रेलवे के संचालन और वाणिज्यिक विभागों के साथ एक समीक्षा बैठक की, जिसमें सेवा सुधार, राजस्व सृजन और भविष्य की विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। उन्होंने रेलवे संचालन को मजबूत करने और ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने के लिए तकनीकी उन्नति, डेटा-आधारित निर्णय लेने और नवाचारी व्यापार मॉडल की महत्ता को रेखांकित किया।

### भारत स्काउट्स एंड गाइड्स ने 54वीं स्टेट रैली को सामुदायिक सेवा और जागरूकता पहल के साथ किया संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की 54वीं राज्य रैली और कैंपोर का आखिरी दिन एक आध्यात्मिक माहौल में हुई, जब सभी धर्मों की प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इसके बाद एक भावपूर्ण ध्वज समारोह हुआ, जिसने स्काउट्स और गाइड्स में देशभक्ति और एकता का भाव पैदा किया। सामुदायिक सेवा के तहत, प्रतिभागियों ने स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक रूट मार्च में हिस्सा लिया। बैनर और पोस्टर लेकर स्काउट्स और गाइड्स ने स्थानीय समुदाय से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इसके बाद, मधुपुर रेलवे कॉलोनी में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जहां प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से आसपास के वातावरण को साफ करने में योगदान दिया। स्वच्छता अभियान के अलावा, मधुपुर स्टेशन पर यात्री सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। नुक्कड़ नाटक और पोस्टरों जैसे रचनात्मक माध्यमों से स्काउट्स और गाइड्स ने यात्री सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण संदेश दिए, जिसमें यात्रा करते समय किए जाने वाले सही और गलत कामों को बताया गया। इन पहलों ने स्काउट्स और गाइड्स की सामुदायिक सेवा और जागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

### डिजिट लाइफ इंश्योरेंस ने स्वरोजगार करने वाले बंगालियों के लिए कवरेज को आसान बनाने के लिए ग्लो टर्म लाइफ इंश्योरेंस लॉन्च किया

**कोलकाता :** गो डिजिट लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड (डिजिट लाइफ) ने अपना नया डिजिट ग्लो टर्म लाइफ इंश्योरेंस लॉन्च किया है, जिसे खास तौर पर स्वरोजगार करने वाले व्यक्तियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो पश्चिम बंगाल में कार्यबल का 56% से अधिक हिस्सा है। डिजिट लाइफ के मुख्य व्यवसाय अधिकारी संदीप भारद्वाज ने टिप्पणी की, छोटे व्यवसाय के मालिकों, गिग वर्कर्स और पेशेवरों सहित स्व-नियोजित बंगाली हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। डिजिट ग्लो टर्म लाइफ इंश्योरेंस के साथ, हमारा लक्ष्य पश्चिम बंगाल के स्व-नियोजित कार्यबल के लिए जीवन बीमा को अधिक सुलभ और समावेशी बनाना है।

### ईस्प्लानेड से हावड़ा तक ग्रीन लाइन-2 के कार्यों का रेलवे बोर्ड के सदस्य ने किया निरीक्षण



**कोलकाता :** रेलवे बोर्ड के सदस्य (ऑपरेशंस एंड बिजनेस डेवलपमेंट) हितेंद्र मल्होत्रा ने मेट्रो रेलवे के संचालन और व्यावसायिक विकास की समीक्षा की। उन्होंने फेयरली प्लेस में मेट्रो रेलवे के प्रदर्शन का आकलन किया और अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद, उन्होंने ईस्प्लानेड से हावड़ा तक ग्रीन लाइन-2 के खंड का निरीक्षण किया। इस दौरान मेट्रो रेलवे के ट्रैफिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनके साथ रहकर परियोजना की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। मल्होत्रा ने ईस्प्लानेड से सियालदह तक के खंड में जारी निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मेट्रो रेलवे कोलकाता में लगातार बुनियादी ढांचे के विकास और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस निरीक्षण के माध्यम से रेलवे बोर्ड ने मेट्रो परियोजना के कार्यों को तेज गति से पूरा करने और संचालन को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

## भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती है श्रीविद्या : स्वामी परमात्मानंद महाराज



**कोलकाता :** ब्रह्ममयी काली मन्दिर, नोआपाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी परमात्मानंद महाराज द्वारा लिखित पुस्तक श्रीविद्या सपर्या विधि का लोकार्पण स्वामी विवेकानंद के पैतृक निवास पर समारोह में किया गया। प्रकाशक अभय बर्मन, संयोजक कोस्तभ घोष ने अतिथियों का स्वागत किया। स्वामी परमात्मानंद महाराज ने कहा 10 महाविद्याओं में तीसरी विद्या है श्रीविद्या। भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती है श्रीविद्या। श्री विद्या देवी ललिता त्रिपुरसुन्दरी से सम्बन्धित तन्त्र विद्या का हिन्दू सम्प्रदाय है। ललितासहस्रनाम में इनके एक सहस्र (एक हजार) नामों का वर्णन है। ललितासहस्रनाम में श्रीविद्या की संकल्पनाओं का वर्णन है। श्रीविद्या सम्प्रदाय आत्मानुभूति के साथ-साथ भौतिक समृद्धि को भी जीवन के लक्ष्य के रूप में स्वीकार करता है। श्री विद्या साधना से स्वास्थ्य, नौकरी, धन, विवाह जैसी समस्याओं के समाधान में सहायता मिलती है एवम् सकारात्मक विचार उत्पन्न होते हैं। श्रीविद्या साधना एक आध्यात्मिक अनुशासन है, यह साधक को आत्म-साक्षात्कार की ओर ले जाती है । श्रीविद्या साधना में दीक्षा लेने के बाद, साधक आध्यात्मिक रूप से परिपक्व होता है और आध्यात्मिक उन्नति करता है। श्रीविद्या साधना में फूल, धूप, और मंत्रों का जाप किया जाता है। परमहंस मठ व मिशन के प्रेमानंद नाथ, पण्डित विष्णु झा, दुर्गानंद नाथ, आशीष पॉल एवम् विशिष्ट समाजसेवी उपस्थित थे।

# टेंगरा में अवैध निर्माण तोड़ने का काम शुरू, विरोध के बावजूद नहीं रुकी प्रक्रिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** टेंगरा में स्थित एक अवैध बिल्डिंग को तोड़ने का काम गुरुवार को शुरू होने वाला था, लेकिन जब कोलकाता नगर निगम के कर्मचारी इस काम के लिए पहुंचे, तो उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ा। निवासियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए साफ तौर पर कहा कि वे अपने घरों को तोड़ने नहीं देंगे। हालांकि उनका विरोध बेअसर साबित हुआ और अंत में बिल्डिंग तोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। कोलकाता नगर निगम को इस बात का अंदाजा था कि घरों को तोड़ने से इलाके में अशांति फैल सकती है, इसलिये उन्होंने अपने कर्मचारियों के साथ-साथ टेंगरा थाना पुलिस को भी



मौके पर भेजा था। बावजूद इसके, निवासियों के विरोध के कारण पुलिस कुछ नहीं कर पाई। नगर निगम ने जांच के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि यह बिल्डिंग खतरनाक स्थिति में है, इसलिए इसे तोड़ना ही पड़ेगा। गुरुवार को 58 नंबर वार्ड के क्रिस्टोफर रोड इलाके में स्थित बिल्डिंग को तोड़ने का काम शुरू करते हुए, मुख्य रूप से महिलाओं ने विरोध किया।

### विधाननगर में अवैध निर्माण तोड़ने में निगम को करना पड़ा विरोध का सामना

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधाननगर नगर निगम को अवैध निर्माण को तोड़ने के दौरान स्थानीय निवासियों के विरोध का सामना करना पड़ा। कोलकाता हाई कोर्ट द्वारा 36 नंबर वार्ड के शांतिनगर में अवैध निर्माण को तोड़ने का आदेश दिए जाने के बाद गुरुवार को निगम के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। लेकिन स्थानीय निवासियों के विरोध के कारण वे कार्यवाही शुरू नहीं कर सके और वापस लौट गए। शुक्रवार को जब अधिकारी फिर से निर्माण तोड़ने का प्रयास करने पहुंचे, तो उन्होंने फिर से विरोध का सामना किया। हालांकि, कुछ हिस्से को तोड़ने का काम शुरू हो गया है। नगर निगम अधिकारी निवासियों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे इलाके में तनाव बढ़ गया है। विधाननगर नगर निगम और दक्षिण थाना पुलिस को बिल्डिंग के अंदर प्रवेश करने से रोका गया। इसके बाद नगर निगम प्रशासन ने माइकिंग करके निवासियों को बिल्डिंग छोड़ने का निर्देश दिया। इसके बाद कार्यकर्ता बिल्डिंग के बाहर से तोड़ने का काम कर रहे हैं।

## पुलिस की निगरानी में होगी सरस्वती पूजा, जोगेश चंद्र चौधरी कॉलेज मामले में हाईकोर्ट का निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** जोगेश चंद्र चौधरी कॉलेज में सरस्वती पूजा को लेकर अशांति का मामला कोलकाता हाईकोर्ट में पहुंचा। कोलकाता पुलिस के संयुक्त कमिश्नर के अधिकार क्षेत्र में सरस्वती पूजा की निगरानी की जाएगी। यह निर्देश कोलकाता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता द्वारा दिया गया। जोगेश चंद्र चौधरी डे कॉलेज और जोगेश चंद्र चौधरी लॉ कॉलेज की सरस्वती पूजा के संयुक्त कमिश्नर का निर्णय कोलकाता पुलिस कमिश्नर स्वयं करेंगे। पूजा और विसर्जन के दौरान कोई समस्या न हो, इसके लिए पर्याप्त संख्या में सशस्त्र पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी, यह भी हाईकोर्ट ने कहा। कॉलेज में बाहरी लोग घुसकर



अशांति फैला रहे थे, इस तरह का आरोप एक छात्रा ने लगाया। हालांकि, कॉलेज प्रशासन का कहना था कि बाहरी लोगों का प्रवेश रोकने में वे असमर्थ हैं। दोनों कॉलेज के छात्र हर साल दो अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग पूजा करते हैं। इस साल, पुराने भवन से नए भवन जाने के रास्ते में ऐसा एक पंडाल बनाया गया है, जिससे एलएलबी के छात्रों को उनके कक्षा में जाने में परेशानी हो रही है, यह आरोप भी लगाया गया। पूजा में हाल ही में बाहरी लोगों द्वारा व्यवधान डालने का आरोप भी है। इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई और मामला कोलकाता हाईकोर्ट में दायर किया गया। हाईकोर्ट के इस मामले में यह निर्देश दिया गया कि पूजा की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए। हालांकि, कॉलेज के अंदर स्थित विवादित पंडाल को हटाना होगा। साथ ही पूजा और विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार की अशांति न हो, इस पर पुलिस को विशेष ध्यान रखने का आदेश दिया गया है। अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की जाएगी, यह आदेश अदालत ने दिया।

### राज्यपाल ने आरजीकर मामले को गृह मंत्री के सामने उठाने के दिए संकेत

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने आरजीकर मामले में पीड़िता के माता-पिता द्वारा उठाए गए सवालों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सामने रखने के संकेत दिए हैं। राजभवन से शुक्रवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, गुरुवार की शाम पीड़िता के माता-पिता ने राजभवन में राज्यपाल से लंबी मुलाकात की और जांच को लेकर अपनी आपत्तियां जताईं। माता-पिता ने अपनी व्यथा व्यक्त की और न्याय की मांग की। उन्होंने राज्यपाल से अनुरोध किया कि वे उनकी याचिका को राष्ट्रपति और केंद्रीय गृह मंत्री तक पहुंचाएं। राज्यपाल ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। राज्यपाल ने यह भी कहा कि पीड़िता के माता-पिता इस लड़ाई में अकेले नहीं हैं और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। राज्यपाल के इस कदम से संकेत मिलता है कि वह इस पूरे मामले को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री से चर्चा कर सकते हैं।

---

### शहर में आज

❑ **श्री राणी सतीजी सत्संग भजन मंडली :** संगीतमय भजन कीर्तन संध्या, सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक, स्थान- अजय कुमार सरावगी, तुलसीधाम कॉम्पलेक्स, 48/5, जैसोर रोड, बांगुर एवेन्यू, ऑटो स्टैंड के पास, कोलकाता।

❑ **गंगा सेवा समिति :** मां गंगाजी की आरती, सायं 6:30 बजे से, स्थान- मल्लिक घाट पम्पिंग स्टेशन, फूल कटरा, बड़ाबाजार, कोलकाता।

❑ **श्री राणी सतीजी शोभायात्रा समिति :** निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा, सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक, स्थान- 24, गोयनका लेन, ढाकापट्टी, बड़ाबाजार, कोलकाता।

## झारखंड से काम करने आए मजदूर की बेरहमी से हत्या, सहकर्मी गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बांकड़ा में शुक्रवार की सुबह झारखंड से काम करने आए मजदूर की बेरहमी से हत्या का मामला सामने आया है। मृतक का नाम जार्जिस अनसारी(30) है। पुलिस ने हत्या करने के आरोप में मृतक के सहकर्मी फाहिम अंसारी (25) को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना बांकड़ा के मंडलपाड़ा में हुई। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, जार्जिस झारखंड के देउघर का रहने वाला है। वह इलाके के एक कारखाने में बतौर मैकेनिक काम करता था। उसने कुछ दिनों बाद देउघर से फाहिम अंसारी को कारखाने में काम करने बुला लिया। बताया जा रहा है कि ये दोनों कारखाने में ही सोते थे। गुरुवार की रात कारखाने के अंदर से झगड़े की आवाज आ रही थी। जिसे सुनकर जब इलाके के लोग अंदर पहुंचे तो



देखा कि जार्जिस खून से लथपथ पड़ा है और फाहिम पास में बैठा था। वहीं, खबर मिलते ही बांकड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस दोनों को हावड़ा जिला अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने जार्जिस को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद, पुलिस ने फाहिम को गिरफ्तार कर लिया। बाद में, पूछताछ में पता चला कि फाहिम अपने पैसे मांग रहा था, जिस कारण उसकी जार्जिस के साथ बहस शुरू हुई। फिलहाल, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है।

## कैनिंग में गृहिणी से सामूहिक दुष्कर्म के 2 दोषियों को 20 साल कैद की सजा

❑ **पीड़िता को तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का आदेश**

❑ **करीब 9 साल बाद मिला न्याय**

**कोलकाता, समाज्ञा :** अलीपुर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने कैनिंग में सामूहिक दुष्कर्म मामले में शुक्रवार को दो दोषियों को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। पीड़ित परवार को लगभग 9 वर्षों के बाद न्याय मिला। इसके अलावा, दोषियों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। साथ ही, अदालत ने पीड़िता को तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि यह घटना 7 अक्टूबर 2016 को घटित हुई।



कैनिंग थाना अंतर्गत छोटा दुमकी क्षेत्र के जयराम खाली गांव निवासी एक गृहणी का पति दूसरे राज्य में काम करता था। वह अपने छोटे बच्चे के साथ घर पर अकेली रहती थी। महिला के पिता ने आरोप लगाया कि तबारक और अराफ घटना वाली रात घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस आए, जब महिला सो रही थी। और महिला के साथ दो व्यक्तियों ने दुष्कर्म किया। इस घटना की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई। जांच लगभग 9 साल तक चली। लंबी सुनवाई, बहस और जवाब के बाद अलीपुर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने इस मामले में दो युवकों को दोषी ठहराया। तबारक गाजी और अराफ शेख को दोषी पाया गया। शुक्रवार को अदालत ने दोनों को 20 साल की जेल की सजा सुनाई। इतना ही नहीं, जज ने पीड़िता को उसके घर में घुसकर मारपीट करने के जुर्म में 1 साल की जेल की सजा भी सुनाई। इस घटना में दो दोषियों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने पीड़ित गृहिणी को तीन लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया। पीड़ित परिवार अंततः न्याय मिलने से खुश है।

### सुधार-केंद्रित विकास की संभावना वाले 12 राज्यों में पश्चिम बंगाल शामिल : समीक्षा

**कोलकाता, समाज्ञा :** वित्त वर्ष 2024-25 की आर्थिक समीक्षा में पश्चिम बंगाल को सुधार-केंद्रित विकास की महत्वपूर्ण संभावना वाले 12 राज्यों में शामिल किया गया है। शुक्रवार को संसद में पेश की गई आर्थिक समीक्षा में राज्यों को प्रति व्यक्ति सकल राज्य मूल्यवर्धन (जीएसवीए) के संदर्भ में उनकी सेवाओं और औद्योगिक प्रदर्शन के आधार पर चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। समीक्षा रिपोर्ट के मुताबिक, जहां तमाम राज्यों में व्यापार सुधार आवश्यक हैं, वहीं चौथी श्रेणी में खासकर सुधार-केंद्रित विकास की महत्वपूर्ण क्षमता वाले राज्य शामिल हैं। ये राज्य अरुणाचल प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल हैं। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए स्थिर कीमतों पर सेवाओं के जीएसवीए में राज्यवार हिस्सेदारी में पश्चिम बंगाल छठे स्थान पर रहा। आर्थिक समीक्षा कहती है कि पश्चिम बंगाल में असंगठित क्षेत्र के 6.5 करोड़ उद्यम हैं, जिनमें से 72.6 प्रतिशत सेवा क्षेत्र में सक्रिय हैं। अर्थव्यवस्था में योगदान देने के बावजूद ये उद्यम असंगठित होने के कारण कर लाभ, विश्वसनीयता और ऋण तक पहुंच जैसे लाभ से वंचित रह जाते हैं। असंगठित क्षेत्र में छोटे पैमाने के अनौपचारिक उद्यम शामिल हैं जो औपचारिक कॉरपोरेट पंजीकरण के बिना काम करते हैं, जिसमें घरेलू इकाइयां और स्वयं-खाता उद्यम शामिल हैं। आर्थिक समीक्षा के मुताबिक, राज्य सरकार नीतिगत प्रोत्साहनों के जरिये इन उद्यमों के गठन में तेजी ला सकती है जो अनुपालन कठिनाइयों को कम करती है, सेवा क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देती है और राज्य के समग्र विकास में योगदान देती है।

## शुभेंदु अधिकारी ने बिल्डिंग झुकने के मामले में मेयर की गिरफ्तारी की उठाई मांग

❑ **विधानसभा में बजट सत्र में भी मुद्दा उठाने की दी चेतावनी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** झुकी हुई बिल्डिंग महानगर में नये आतंक का नाम है। लगभग रोजाना शहर के कई हिस्सों में इस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही है। इन घटनाओं के ख़िलाफ शुक्रवार को विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कोलकाता नगर निगम मुख्यालय के पास जनसभा को संबोधित किया और यहां से उन्होंने मेयर को गिरफ़्तार करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को विधानसभा के आगामी बजट सत्र में भी उठायेंगे। इस दिन, शुभेंदु अधिकारी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि हमने अब तक प्राचीन घरों, पारंपरिक घरों, राजसी घरों, रवि टैगोर के घर के बारे में सुना है। यह पहली बार है कि मुख्यमंत्री के करीबी सहयोगी फिरहाद हकीम ने



इसमें झुकी हुई बिल्डिंग का नाम जोड़ा है। शुभेंदु ने आंकड़े देते हुए कहा कि केएमडीए क्षेत्र में जिस तरह से अवैध इमारतें बनी हैं, जिस तरह से उन्हें मंजूरी दी गई है, जिस तरह से अनधिकृत इमारतें बनाई गई हैं, अब उसका विरोध करने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री ने जहां पांच करोड़ लोगों को आश्रय दिया है, वहीं ममता बनर्जी और फिरहाद हकीम ने उनकी छत छीनने की साजिश रची है।

## हाईकोर्ट ने आरजीकर वित्तीय घोटाले में संदीप घोष की याचिका की खारिज

### पूर्व प्रिंसिपल ने आरोप तय करने की प्रक्रिया शुरू होने से पहले मांगी थी अतिरिक्त समय

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को आरजीकर मेडिकल कालेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने आरोप तय करने की प्रक्रिया शुरू होने से पहले अतिरिक्त समय की मांग की थी। यह मामला संस्थान में वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है। बता दें कि गत 28 जनवरी को कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश तीर्थंकर घोष की एकलपीठ ने सीबीआई को छह फरवरी तक आरोप तय करने की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया था, जिसके बाद मुकदमे की सुनवाई शुरू हो सकेगी। लेकिन, इस दिन, संदीप



घोष के वकील ने अदालत में एक याचिका दाखिल कर इस प्रक्रिया में और समय मांगा। हालांकि, न्यायमूर्ति घोष ने इस याचिका को खारिज करते हुए कहा कि मामले की सुनवाई में पहले ही काफी देरी हो चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि सीबीआई ने पिछले साल नवंबर में आरोपपत्र दाखिल किया था, लेकिन इसके बावजूद सुनवाई शुरू नहीं हो सकी थी। दरअसल, संदीप घोष के खिलाफ आरोप तय करने की प्रक्रिया पहले इसलिए शुरू नहीं हो पाई थी क्योंकि इसके लिए राज्य सरकार की अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जरूरी थी। बिना एनओसी के किसी भी सरकारी कर्मचारी पर मुकदमे की कार्यवाही नहीं हो सकती। लेकिन 28 जनवरी को सीबीआई ने अदालत को बताया कि उन्हें अब राज्य सरकार से एनओसी मिल चुकी है। इसके बाद, न्यायमूर्ति घोष ने सीबीआई को छह फरवरी तक आरोप तय करने की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया।

## महेशतला में चोरी के संदेह में युवक की पीटकर हत्या मामले में आठ गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

महेशतला में चोरी के संदेह में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जांचकर्ता बाकी लोगों की तलाश कर रहे हैं। और इस हत्या में और कौन शामिल है? इसकी भी जांच की जा रही है। डायमंड हार्बर जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किये गये लोग बर्दवान जिला के मंगलकोट, कटवा और रेजिनगर थाना क्षेत्रों के निवासी हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस पूछताछ के दौरान उन्होंने हत्या की बात कबूल कर ली है। लेकिन उस युवक की हत्या क्यों की गई? केवल चोर होने के संदेह पर किसी को इतने लंबे समय तक पीट-पीटकर कैसे मार डाला जा सकता है? या फिर इसके पीछे कोई और रहस्य है? इनकी जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गत बुधवार की देर रात देव दास (22) नामक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। गुरुवार सुबह हत्या की सूचना मिलने के बाद इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने घटनास्थल से कई लाठियां और एक धारदार हथियार बरामद किया। घटना के बाद डायमंड हार्बर जिला पुलिस की पहल पर आईसी महेशतला के नेतृत्व में तीन टीमें गठित की गईं। फिर, गिरफ्तारियां शुरू हुईं। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों से आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर अधिक जानकारी हासिल करने की कोशिश कर रही है। गिरफ्तार लोगों को शुक्रवार को अलीपुर अदालत में पेश किया गया।

## बालीघाट में गैरेज में लगी भीषण आग, 15 बसें और 10 झोपड़ी जलकर राख

**हावड़ा, समाज्ञा**

बालीघाट रेलवे स्टेशन के पास भयावह आग लगने से भगदड़ मच गई। घटनास्थल पर पहुंची दमकल के 9 इंजन ने लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक इस भीषण आग में 15 बसें और 10 झोपड़ी पूरी तरह से जलकर राख हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, बालीखाल बस स्टैंड के पास एक गैरेज में गुरुवार देर रात भीषण आग लग गई। गैरेज के अंदर विभिन्न ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग ने तुरंत ही विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि कई किलोमीटर दूर से भी देखी जा सकती थीं। घटना की खबर मिलते ही बाली थाना और बाली ट्रैफिक



गार्ड की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और बस मालिकों से संपर्क कर उन्हें सूचित किया। बस मालिकों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह से कुछ बसों को आग की लपटों से बाहर निकाला, लेकिन कुछ बसें आग की तीव्र गर्मी के कारण जल गईं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। वहीं, दमकल विभाग अब घटना की वास्तविक कारण की जांच कर रहा है।

## कलकत्ता इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन ने प्रेरणादायक आध्यात्मिक सत्र का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन (सीटा) ने कोलकाता के होटल केनिलवर्थ में एक प्रेरणादायक और प्रभावशाली सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु और मोटिवेशनल स्पीकर ऋषि नंदा ने किया। जिनका उद्देश्य सीटा के सदस्यों को प्रेरित और मोटिवेट करना था। इस सत्र में 130 से अधिक सदस्य शामिल हुए, जिनमें पूर्व अध्यक्ष विजय सुराणा, कमल चंदगोठिया, एसएल लोढा, संजय कुमार सिंघी, सुनील सिंघी, केडी मुंधड़ा, एसपी मुंधड़ा, एमएम भट्टार, ओम चांदक और उमा कांत अग्रवाल (बंटी) सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं। इस मौके पर अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने ऋषि नंदा का गर्मजोशी से स्वागत किया, जबकि सचिव जितेंद्र सुराणा ने कार्यक्रम के प्रायोजकों एम/एस फिनोमेटिक, बंधन म्युचअल फंड और गारुदा फाइनेंस के प्रति आभार व्यक्त किया।





कार्यक्रम में सीटा के सम्मानित सदस्य जैसे धर्मेंद्र दागा, मुरारी केडिया, सुशील हिरावत, ओम प्रकाश झाझरिया, सूर्या प्रकाश तोशनीवाल, आनंद चंदगोठिया, विनय राठी और रमेश बैद आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। युवा सदस्य वीनीत भाटिया ने राष्ट्रीय कवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता का शानदार पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में प्रायोजकों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम की सफलता में उपाध्यक्ष पुलकित चंदगोठिया, सचिव जितेंद्र सुराणा, कोषाध्यक्ष अमित झुनझुनवाला, संयुक्त सचिव मनीष गुप्ता और प्रकाश कुमार सिंह सहित अन्य समिति सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे।

इस अवसर पर सुशील पोद्दार, पवन पटोदिया, सिद्धि जैन, कुमार एम. अजीमेरा, दिनेश जैन, सुनील गोयनका और रतन गोयल जैसी प्रमुख हस्तियां भी उपस्थित थीं। विशेष आभार एमओसी संजय कुमार सिंघी को व्यक्त किया गया, जिन्होंने इस कार्यक्रम के सुचारू संचालन में अहम भूमिका निभाई। यह सत्र अत्यधिक सफल रहा, और सीटा के सदस्यों ने ट्रेड डेवलपमेंट कमेटी, जिसके संयोजक गौतम बेगानी हैं, का धन्यवाद किया, जिन्होंने इस प्रेरणादायक और समृद्धि से भरे कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीटा अपने सदस्यों और व्यापारिक समुदाय के व्यापक लाभ के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाता है।

## साल्टलेक में देर रात कार की चपेट में आकर स्कूटी चालक की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा**

महानगर में एक और युवक तेज रफ्तार की गाड़ी की चपेट में आकर मौत की बलि चढ़ गया। मिली जानकारी के अनुसार, गत गुरुवार की देर रात साल्टलेक में टैंक नंबर 5 के सामने एक निजी कार की टक्कर से एक स्कूटर चालक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक युवक का नाम विक्टर गंगोपाध्याय के रूप में की गई है। वह साल्टलेक का निवासी था। पुलिस हत्यारे वाहन की तलाश कर रही है। बताया गया है कि गत गुरुवार की देर रात करीब 1 बजे विक्टर स्कूटी पर सवार होकर बैसाखी की तरफ से बीएफसी एफ ब्लॉक की तरफ जा रहा था। बताया गया है कि स्कूटर की गति काफी अधिक थी। एक स्पीड ब्रेकर के सामने आने के कारण विक्टर को स्कूटर की गति धीमी करनी पड़ी। तभी, पीछे से एक निजी कार तेज गति से आ रही थी। जैसे ही स्कूटी ने ब्रेक लगाया, चार पहिया वाहन के चालक ने नियंत्रण खो दिया और स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर से विक्टर तुरंत सड़क पर गिर गया। उसके सिर पर गंभीर चोटें लगी और पूरा शरीर खून से लथपथ हो गया। उसे लहूलुहान हालत में बिधाननगर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के तुरंत बाद हत्यारा वाहन भाग गया। पुलिस वाहन की तलाश कर रही है। इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

### लॉ कॉलेज में सरस्वती पूजा विवाद पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा... 'उत्सव में बाधा पैदा करने नहीं देंगे'

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के एक कॉलेज में सरस्वती पूजा के आयोजन को लेकर विद्यार्थियों के दो समूहों के बीच विवाद के बाद विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि उत्सव को रोकने के किसी भी प्रयास को अनुमति नहीं दी जाएगी। बिमान बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि पिछले वर्षों की तरह जो-गेशचंद्र लॉ कॉलेज परिसर में पूजा की अनुमति दी जानी चाहिए और उत्सव को रोकने की कोशिश करने वालों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज में सरस्वती पूजा को रोकने के किसी भी प्रयास की अनुमति नहीं दी जाएगी। अगर कोई धमकायेगा या जबरदस्ती करनेगा या किसी अन्य तरीके से उत्सव को रोकने की कोशिश करता है, तो सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## सियालदह डिवीजन में बालीगंज और कांकुरगाछी रोड जंक्शनों के बीच ट्रेन संचालन में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन के बालीगंज और कांकुरगाछी रोड जंक्शनों के बीच स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली को चालू करने के लिए 52 घंटे का इंटरलॉकिंग/नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। इस कार्य के तहत बालीगंज जंक्शन और कांकुरगाछी रोड जंक्शन पर पुराने आरआरआई पैनल को बदलकर दो 65 इंच के वीडीयू -मॉनिटर वाले हॉट स्टैंडबाय ड्यूल विजुअल डिस्प्ले यूनिट इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम को स्थापित किया जाएगा, साथ ही ट्रैक सर्किट्स के स्थान पर मल्टी-सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर लगाए जाएंगे। यह कार्य 1 फरवरी 2025 की रात 00:00 बजे से 3 फरवरी 2025 की सुबह 04:00 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान निम्नलिखित ट्रेन सेवाओं में परिवर्तन किए गए हैं। जिसमें 01 फरवरी को कई ट्रेनों को रद्द किया जाएगा, जिनमें प्रमुख रूप से सियालदह-बारुईपुर, सियालदह-सोनारपुर, बीबीडी बाग-बारुईपुर और अन्य ट्रेनें शामिल हैं। इसके अलावा, कुछ ट्रेनों के शॉर्ट-टर्मिनेशन और शॉर्ट-ओरिजिनेशन किए जाएंगे। इसके साथ ही कुछ ट्रेनों को डाइवर्ट किया जाएगा, जिनमें नैहाटी-माजरहाट, कल्याणी सिमांता-के बजबज और अन्य मार्ग शामिल हैं। इसके अलावा, सभी स्टेशनों पर ठहराव के साथ, दमदम जंक्शन से 08:10 बजे से दमदम जंक्शन-बरासात स्पेशल, सियालदह से 19:00 बजे सियालदह-राणाघाट स्पेशल, सियालदह से 15:05 बजे सियालदह-नैहाटी स्पेशल, बजबज से 17:30 बजे, बजबज-न्यू अलिपुर स्पेशल चलेंगी। इसके साथ ही, 02 फरवरी को भी कई ट्रेनें रद्द की जाएंगी और कुछ ट्रेनें शॉर्ट-टर्मिनेट की जाएंगी।

## ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ सियालदह टीम ने गरीबों में बांटे कंबल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ), सियालदह मंडल की टीम ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में गरियाहाट क्षेत्र में सड़क किनारे आश्रय लिए गरीबों के बीच कंबल वितरित किए। सियालदह मंडल की ओर से शुक्रवार को एक बयान में बताया गया कि ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ/सियालदह की अध्यक्ष गुंजन निगम के नेतृत्व में महिला सदस्यों ने जरूरतमंदों के बीच यह कंबल वितरित किए। यह पहल ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ/सियालदह की चल रही कल्याणकारी गतिविधियों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सर्दियों में जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान करना है। ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ सदस्यों ने यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया कि कंबल सबसे गरीब व जरूरतमंदों तक पहुंचें, जिससे उन्हें राहत मिले। बयान में बताया गया कि



कंबल वितरण ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ/सियालदह द्वारा पूरे वर्ष में की जाने वाली कई धर्मार्थ गतिविधियों में से एक है, जो सामाजिक कल्याण और सामुदायिक सेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अध्यक्ष गुंजन निगम ने कहा कि अपने नेक प्रयासों को जारी रखते हुए ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ/ सियालदह जरूरतमंदों की मदद और समर्थन की एक किरण के रूप में खड़ा है। आगे भी इस प्रकार का सेवा कार्य जारी रहेगा।

## डिजिटल गिरफ्तारी ठगी: चारु मार्केट पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2 करोड़ रुपये रिकवर

**कोलकाता :** चारु मार्केट थाना पुलिस द्वारा दर्ज डिजिटल ठगी के मामले में अब तक सात आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस मामले में 66.27 लाख रुपये की ठगी का आरोप है, जिसकी शिकायत शुभ्रा गुहा ने दर्ज कराई थी। पुलिस की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं, जिसमें आरोपियों द्वारा ठगी की राशि को नकद और क्रिप्टोकरेंसी में छिपाने का पता चला है।

चारु मार्केट पुलिस ने पहले ही इस केस में 74 लाख रुपये नकद बरामद किए थे। यह रकम मुख्य आरोपी उत्पल शिकदर के नदिया जिले के कृष्णानगर स्थित घर से जब्त की गई थी।

इसके अलावा, पुलिस ने जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल और लैपटॉप की गहन




पड़ताल की, जिससे पता चला कि ठगी की एक बड़ी रकम क्रिप्टोकरेंसी में छिपाई गई थी। तीन आरोपियों के बाइनैंस वॉलेट में ठगी की रकम मिलने की पुष्टि हुई, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत बाइनैंस से संपर्क कर इन वॉलेट्स को ब्लॉक करने के लिए अनुरोध किया।

कोर्ट के आदेश पर बाइनैंस ने इन संदिग्ध वॉलेट्स को ब्लॉक कर दिया और पुलिस को इसकी पुष्टि भी भेजी। अब तक इस मामले में कुल 2 करोड़ रुपये से अधिक की राशि रिकवर या ब्लॉक की जा चुकी है।

# महाकुंभ में भगदड़: संगम पहुंचा जांच आयोग, घटना स्थल का किया भ्रमण

## सीसीटीवी फुटेज और 'टोपोग्राफी' के आधार पर होगी हादसे की सघन जांच: जांच आयोग

**महाकुम्भ :** महाकुम्भ में मौनी अमावस्या स्नान पर हुए हादसे की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने अपनी कार्यवाही तेज कर दी है। आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने शुक्रवार को प्रयागराज में अधिकारियों के साथ पहली बैठक की। बैठक के बाद आयोग ने संगम नोज के निकट घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। जांच आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने कहा कि घटनास्थल की टोपोग्राफी और परिस्थितियों का अध्ययन किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों का गहराई से विश्लेषण किया जाएगा। बता दें कि प्रयागराज महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के



मौके पर स्नान के लिए उमड़ी भीड़ में भगदड़ की स्थिति बन गई, जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य घायल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता वाले इस आयोग में सेवानिवृत्त आईएएस अफसर डी. के. सिंह और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी वी. के. गुप्ता भी शामिल हैं। आयोग को अपने गठन के एक महीने के अंदर मामले की जांच रिपोर्ट देनी होगी। इस सिलसिले में जारी अधिसूचना के मुताबिक आयोग भगदड़ के कारणों और परिस्थितियों की जांच करेगा। साथ ही भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के सिलसिले में सुझाव भी देगा।

**घटनास्थल की जमीनी सच्चाई पर फोकस**

आयोग ने अधिकारियों से हादसे की परिस्थितियों और इलाके की भौगोलिक स्थिति पर विस्तृत जानकारी ली। न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने बताया कि यह आकस्मिक दुर्घटना थी लेकिन इसके पीछे के कारणों को सिलसिलेवार तरीके से समझने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर निरीक्षण पूरा कर लिया गया है, लेकिन अगर दोबारा जांच की जरूरत पड़ी तो टीम फिर आएगी। आयोग के सदस्य, सेवानिवृत्त आईएएस डीके सिंह और सेवानिवृत्त आईपीएस वीके गुप्ता ने भी जांच में तेजी लाने की बात कही है। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि हमारे पास केवल एक महीने का समय है, लेकिन जांच को प्राथमिकता के साथ तेजी से पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया से महाकुम्भ में कोई व्यवधान न हो, इसका ध्यान रखा जाएगा। आयोग सभी तथ्यों का गहन विश्लेषण कर किसी ठोस निष्कर्ष पर पहुंचेगा।

**घायलों से की जाएगी बात**

आयोग ने अस्पताल जाकर घायलों से भी बातचीत करने की योजना बनाई है। न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने कहा कि घायलों से मिली जानकारी जांच को सही दिशा देने में मदद करेगी। किसी एक पहलू पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय सभी संभावित कारणों पर विचार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले, आयोग के तीनों सदस्यों ने गुरुवार को लखनऊ के जनपथ स्थित अपने कार्यालय में पहुंचकर कामकाज की शुरुआत की थी। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हर्ष कुमार ने बताया था कि जांच को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाना है इसलिए हमने घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर कार्यभार संभाल लिया है।

## अयोध्या में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने किया हवाई सर्वेक्षण



**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ने के मद्देनजर शुक्रवार को व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अयोध्या का हवाई सर्वेक्षण किया। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने अयोध्या का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद स्थिति की समीक्षा की और श्रद्धालुओं के वास्ते सुविधाएं एवं सुचारू प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। बयान के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से अयोध्या में श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित भीड़ देखी जा रही है, रोजाना देश-विदेश से लाखों लोग श्री रामलला का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। बयान के मुताबिक, हवाई सर्वेक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बढ़ती भीड़ को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने, यातायात को सुचारू बनाए रखने और सुविधाओं को और बढ़ाने के निर्देश जारी किए।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पुलिस ने मुठभेड़ के बाद छह बदमाश गिरफ्तार किए, गोली लगने से दो घायल

**नोएडा(उप्र) :** गौतमबुद्ध नगर में शुक्रवार को नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद छह कथित बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए कहा कि मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बदमाशों के पास से बिग बॉस्केट के स्टोर से चोरी किये गए एप्पल कंपनी के पांच स्मार्टफोन, एप्पल की दो स्मार्ट वॉच, इयरबड, ताला काटने में प्रयोग होने वाला ग्राइंडर, दो तमंचा, गोली और घटना में इस्तेमाल कार बरामद की गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि थाना बिसरख पुलिस ऐस सिटी गोल चक्कर के पास शुक्रवार तड़के छानबीन कर रही थी, तभी एक सफेद रंग की कार (टोयोटा अल्टिस) आती दिखाई दी।

### भारत में अवैध रूप से घुसने का प्रयास कर रहा चीनी नागरिक गिरफ्तार

**सिद्धार्थ नगर (उप्र) :** सिद्धार्थ नगर जिले के मोहना क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा पर कथित तौर पर बिना वीजा और वैध दस्तावेजों के भारत में दाखिल होने की कोशिश कर रहे एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार कर लिया गया। मोहना के थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार चीनी नागरिक की पहचान झे यिंग बोधिसत्व (33) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वह बृहस्पतिवार शाम नेपाल से भारत आ रहा था। उन्होंने बताया कि उसे मोहना इलाके में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और पुलिस की संयुक्त टीम ने नियमित जांच के दौरान गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चीनी नागरिक की जांच के दौरान उसके पास से एक चीनी पासपोर्ट, नेपाली वीजा, ड्राइविंग लाइसेंस और हांगकांग, चीन का एक पहचान दस्तावेज बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि उसके पास कोई भारतीय वीजा के कागजात नहीं मिले। मिश्रा ने बताया कि नागरिक के खिलाफ एक मामला दर्ज कर लिया गया है और खुफिया ब्यूरो को सूचित कर दिया गया है।

### योगी नैतिक रूप से जा चुके हैं, अब राजनीतिक रूप से भी चले जाएंगे : अखिलेश



**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज महाकुंभ में पिछले दिनों हुई भगदड़ की घटना के लिए राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि "संत-महात्माओं और आम जनता का भरोसा खो चुके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नैतिक रूप से जा चुके हैं और अब राजनीतिक रूप से भी चले जाएंगे।" सपा की ओर से यहां जारी एक बयान के अनुसार यादव ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ सरकार की गलती से हुई है, इसके लिए पूरी तरह सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा, "भाजपा सरकार अपनी नाकामी छिपा रही है। भगदड़ में जान गंवाने वालों की सही संख्या नहीं बता रही है। भाजपा सरकार मृतकों की संख्या इसलिए छिपा रही है, जिससे उसे मुआवजा नहीं देना पड़े। यह सरकार की संवेदनहीनता है।"

## उपराष्ट्रपति धनखड़ और 73 देशों के राजनयिक आज महाकुंभ में करेंगे संगम स्नान

**महाकुंभ नगर :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और 73 देशों के 116 राजनयिक शनिवार को महाकुंभ मेले में आएंगे, जहां उपराष्ट्रपति और राजनयिकों के संगम स्नान करने का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शनिवार को मेले में आएंगे और एक धार्मिक आयोजन में शामिल होंगे। क्षेत्राधिकारी (प्रोटोकॉल, तृतीय) प्रतिमा सिंह ने शनिवार को महाकुंभ नगर में उपराष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन की पुष्टि की। हालांकि, उन्होंने उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम की जानकारी साझा नहीं की। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पांच फरवरी को महाकुंभ में आगमन प्रस्तावित है। वहीं, शनिवार को शाम चार बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सतुआ बाबा के शिविर में पट्टाभिषेक समारोह में शामिल होने का कार्यक्रम है। सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, शनिवार को 73 देशों के 116 राजनयिक महाकुंभ मेले में आएंगे और उनका अरैल में भव्य स्वागत किया जाएगा। बयान के मुताबिक, ये राजनयिक अरैल में अपने अपने देशों का ध्वज फहराएंगे और संगम में डुबकी लगाएंगे। इसके मुताबिक, ये राजनयिक अक्षयवट, सरस्वती कूप और लेटे हुए हनुमान मंदिर में दर्शन भी करेंगे। जिन देशों के राजनयिक महाकुंभ में शिरकत कर रहे हैं, उनमें अमेरिका, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस, रूस, स्विट्जरलैंड, जापान, न्यूजीलैंड, जर्मनी, नेपाल और कनाडा शामिल

## महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं को करनी पड़ी लंबी पदयात्रा

**वाराणसी/ प्रयागराज :** महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान के बाद अपने गंतव्य की ओर लौट रहे श्रद्धालुओं को विभिन्न जगहों पर बैरिकेड लगाए जाने और जाम की वजह से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है और उन्हें लंबी पदयात्रा करनी पड़ी। बृहस्पतिवार को सुबह के 10 बजे थे। दर्जनों श्रद्धालुओं का एक जत्था त्रिवेणी संगम आने और जाने में करीब 30 किलोमीटर पैदल चलने से थककर चूर हो चुका था। उन्हें राजस्थान के अन्य साथियों से मिलने के लिए अभी आठ किलोमीटर और पैदल चलना था, और ये सब प्रयागराज के बाहर खेतों के निकट आराम करने बैठे थे। इनमें से एक घनश्याम ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "कोई साधन उपलब्ध नहीं होने के कारण हम त्रिवेणी संगम से निरंतर पैदल चलते



रहे.. पुलिस अधिकारियों ने चौराहे पर हमारी मदद की, लेकिन उसके बाद सड़क किनारे कहीं भी चाय पानी नहीं मिला।" कई किलोमीटर पैदल चलने का दावा करने वाले एक अन्य श्रद्धालु बाबूलाल ने कहा, "पुलिस निजी वाहनों में चढ़ाने में लोगों की मदद कर रही है, लेकिन ड्राइवर जब तक लंबी दूरी के यात्री नहीं मिलते, जाने से मना करते हैं।" उन्होंने कहा, "हमने आधी रात संगम में डुबकी लगाई और सुबह से ही चल रहे हैं। एक लंबी और थकान भरी यात्रा अब भी बाकी है।"

## न्यूज अपडेट

### जनता का ध्यान भटकाने के लिए गैर मुद्दे को मुद्दा बना रही है भाजपा: गहलोत

**जयपुर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर सोनिया गांधी की टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के हमले के बाद राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि वह (भाजपा) जनता का ध्यान भटकाने के लिए "गैर मुद्दे को मुद्दा" बना रही है। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद कहा कि वह अपने संबोधन के आखिर तक थक गई थीं और बहुत मुश्किल से बोल पा रही थीं। गहलोत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, "भाजपा नेता अनावश्यक रूप से सोनिया गांधी जैसे व्यक्तित्व पर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। यह बेहद निंदनीय है।" उन्होंने कहा, "सोनिया गांधी ने एक घंटे तक राष्ट्रपति महोदया द्वारा पढ़े गए अभिभाषण के संदर्भ में सहज मनोभाव में उनके लिए बात कही। पूरा देश जानता है कि सोनिया गांधी संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के लिए हमेशा बेहद सम्मान रखती हैं।" कांग्रेस नेता गहलोत ने लिखा, "भाजपा हमेशा की तरह जनता का ध्यान भटकाने के लिए गैर मुद्दे को मुद्दा बना रही है।"

### बसंत पंचमी पर्व निर्विघ्न संपन्न कराने को पुराने अनुभवी अधिकारी तैनात

**प्रयागराज :** महाकुंभ में भगदड़ की घटना के बाद आगामी बसंत पंचमी स्नान पर्व को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों समेत कई पुलिस अधिकारियों की मेला में तैनाती की है। पिछले कुंभ (2019) में मेलाधिकारी विजय किरन आनंद के साथ ही प्रयागराज विकास प्राधिकरण के तत्कालीन उपाध्यक्ष भानु चंद्र गोस्वामी और तत्कालीन मंडलायुक्त आशीष गोयल ने सकुशल मेला संपन्न कराया था। एक अधिकारी ने कहा कि शासन ने पिछले कुंभ को निर्विघ्न संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाने वाले भानु चंद्र गोस्वामी और आशीष गोयल को आगामी बसंत पंचमी (अमृत स्नान) सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से लखनऊ से यहां बुलाया गया है। अधिकारी ने कहा कि दोनों अधिकारियों ने कार्यभार संभाल लिया है। इसी के साथ, शासन ने अन्य जिलों में तैनात सात राजपत्रिक पुलिस अधिकारियों की भी मेले में ड्यूटी लगाई है जिनमें देवरिया में तैनात एसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, भ्रष्टाचार निवारण संगठन में तैनात लक्ष्मी नारायण मिश्र, प्रशासन में तैनात राजधारी चौरसिया और डीसीपी (कानपुर नगर) श्रवण कुमार सिंह शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, अपर पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात विकास चंद्र त्रिपाठी, ओम प्रकाश सिंह और प्रवीण कुमार यादव को भी मेले में ड्यूटी पर लगाया गया है। पिछले कुंभ में पुलिस व्यवस्था का नेतृत्व करने वाले डीआईजी (सेवानिवृत्त) के पी सिंह ने मेले में अनुभवी अधिकारियों की तैनाती की सराहना करते हुए 'पीटीआई-भाषा' से कहा, इससे अगले अमृत स्नान को सकुशल संपन्न कराने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि गत मंगलवार देर रात संगम नोज पर तड़के हुई भगदड़ की घटना में 30 लोगों की मृत्यु हो गई थी, जबकि 60 अन्य लोग घायल हो गए थे।

### राजस्थान सरकार विधि विरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक पेश करेगी

**जयपुर :** राजस्थान सरकार विधानसभा के मौजूदा बजट सत्र में विधिविरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक, 2025 भी पेश करेगी। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को अपने अभिभाषण में यह जानकारी दी। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में सत्र में पेश किए जाने वाले विधायी और वित्तीय कार्यों की सूची पढ़ी। उन्होंने कहा, "इस सत्र में निम्नांकित विधायी कार्य के साथ-साथ अन्य विधायी और वित्तीय कार्य सम्पादन हेतु आपके समक्ष विचारार्थ रखे जाएंगे... राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025, भरतपुर विकास प्राधिकरण विधेयक 2025, बीकानेर विकास प्राधिकरण विधेयक 2025 तथा राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक, 2025।" हालांकि, उन्होंने अपने संबोधन में इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। उल्लेखनीय है कि 30 नवंबर को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई थी जिसमें जबरन धर्म परिवर्तन रोकने के लिए विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी गई थी। तब संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने संवाददाताओं को बताया था कि विधेयक आगामी विधानसभा सत्र में पेश किया जाएगा। उन्होंने बताया था, सरकार ने राज्य में जबरन धर्म परिवर्तन रोकने के लिए आगामी विधानसभा सत्र में विधेयक लाने का फैसला किया है। विधेयक में एक साल से लेकर दस साल तक की सजा का प्रावधान है, जिसमें किसी व्यक्ति या समूह का जबरन धर्म परिवर्तन कराने पर जुर्माना लगाया जा सकता है।

## वाराणसी में घाटों पर आम लोगों के लिए पांच फरवरी तक बंद रहेगी गंगा आरती

**वाराणसी (उप्र) :** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ से लौटने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए वाराणसी के घाटों पर होने वाली गंगा आरती को आम लोगों के लिए पांच फरवरी तक बंद रखने का फैसला किया गया है। आरती आयोजन समिति की तरफ से यह जानकारी दी गयी। वाराणसी पुलिस आयुक्तालय (कमिश्नरेट) ने काशीवासियों से अनावश्यक रूप से घर से बाहर ना निकलने और श्रद्धालुओं का सहयोग करने की अपील की है। गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि दशाश्वमेध घाट पर आयोजित होने वाली गंगा आरती अपरिहार्य कारणों से पांच फरवरी, 2025 तक जनसामान्य के लिए बंद रहेगी। गंगा आरती करने वाली संस्था ने दर्शनार्थियों/श्रद्धालुओं से अपील की है। इसी प्रकार शीतला घाट, अस्सी घाट समेत अन्य घाटों पर भी गंगा आरती करने वाली समितियों ने भी जनसामान्य, दर्शनार्थियों और श्रद्धालुओं से पांच फरवरी तक आरती में शामिल न होने की अपील की है। इस बीच, वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने भी काशीवासियों से अनावश्यक रूप से घर से बाहर ना निकलने और श्रद्धालुओं का सहयोग करने की अपील की है। प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर वापस लौटे बड़ी संख्या में श्रद्धालु अब भी वाराणसी कैंट और बनारस स्टेशन पर फंसे हुए हैं। कई श्रद्धालुओं ने बताया कि अत्यधिक भीड़ की वजह से वे अपनी ट्रेन पकड़ नहीं पाए और अब वे भीड़ कम होने का इंतजार कर रहे। वहीं कुछ ट्रेनों के निरस्त होने की वजह से यात्री अब भी स्टेशन पर फंसे हैं और अन्य किसी साधन का इंतजार कर रहे हैं। असम के सोनिकपुर निवासी बॉबी माया लिम्बु ने बताया कि वह अपने समूह के साथ प्रयागराज आयी थीं। उन लोगों ने 26 जनवरी को प्रयागराज संगम तट पर स्नान किया। वहां से वे अयोध्या दर्शन पूजन करने गए। वहां से 30 जनवरी को वाराणसी पहुंचे हैं। कल ही उनकी ट्रेन थी परंतु भीड़ के कारण ये लोग ट्रेन नहीं पकड़ पाए।

## आगरा में टोल टैक्स मांगने पर कार चालक ने टोल कर्मी को एक किलोमीटर तक बोनट पर लेकर घसीटा

**आगरा (उप्र) :** आगरा जिले के खंदौली टोल टैक्स प्लाजा पर एक कार चालक ने टोल मांगने पर एक कर्मचारी को लगभग एक किलोमीटर तक बोनट पर घसीटा और फिर उसे छोड़कर भाग गया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन की जा रही है। पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार को आगरा से मथुरा की तरफ एक कार जा रही थी, जब कार खंदौली टोल पर पहुंची तो कार का 'फास्टैग' बंद होने के कारण टोल कर्मी ने टोल टैक्स मांगा। पुलिस के मुताबिक, कार चालक ने टोल नहीं दिया और गाली गलौज करके कार को जबरदस्ती निकालने लगा। इसके मुताबिक़, टोल कर्मी कार के सामने आ कर खड़ा हो गया। कार चालक ने टोल कर्मी पर कार चढ़ाने की कोशिश की तो वह बोनट पर चढ़ गया। पुलिस के मुताबिक, चालक बैरियर तोड़ते हुए बोनट पर चढ़े टोल कर्मी को लेकर आगे बढ़ गया। टोल कर्मी चलती कार के दौरान छत पर चढ़ गया और बचने का प्रयास करता रहा। चालक ने करीब एक किलोमीटर दूरी के बाद टोल कर्मी को कार के ऊपर से उतारा और वाहन लेकर भाग गया। घटना टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। इस मामले में टोल कर्मी संतोष कुमार ने थाना खंदौली में मामला दर्ज कराया है।

## बिहार सरकार परियोजनाओं को शुरू करने के लिए 'मिशन मोड' में: मुख्य सचिव

**पटना :** बिहार के मुख्य सचिव ने कहा है कि 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं पर काम जल्द शुरू हो, यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार "मिशन मोड" में काम कर रही है। इन परियोजनाओं की घोषणा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की वर्तमान में जारी 'प्रगति यात्रा' के दौरान की गई है। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में कहा कि 100 से अधिक परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है और विधानसभा चुनाव से काफी पहले काम शुरू करने की योजना है। मीणा ने कहा, "29 जनवरी तक कुल 168 परियोजनाओं की घोषणा की गई थी। इनमें से 103 के लिए आवश्यक मंजूरी दी जा चुकी है, जिनकी कुल लागत 11,000 करोड़ रुपये से अधिक है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि फरवरी तक ऐसी सभी परियोजनाओं के लिए मंजूरी दे दी जाए, ताकि अप्रैल तक निविदा प्रक्रिया पूरी हो जाए और जून तक जमीनी स्तर पर काम शुरू हो जाए।" मुख्य सचिव ने कहा, "हम 'मिशन मोड' में काम कर रहे हैं ताकि विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले ही काम शुरू हो जाए।"

## महाकुंभ मौनी अमावस्या स्नान पर्व के दौरान रेलवे प्रशासन द्वारा किया गया 500 से ज्यादा आउटवर्ड गाड़ियों का परिचालन

**महाकुम्भ :** महाकुंभ 2025 के अवसर पर श्रद्धालुओं को बेहतर यात्रा सुविधा देने के लिए रेलवे प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। 28 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक, मौनी अमावस्या स्नान पर्व के दौरान प्रयागराज के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से 500 से अधिक आउटवर्ड गाड़ियों का संचालन किया गया। इन गाड़ियों का उद्देश्य श्रद्धालुओं को संगम में स्नान के बाद उनके घरों की ओर वापस लाना था।

**रेलों का संचालन, विशेष ट्रेनों का परिचालन**

रेल प्रशासन के अनुसार, महाकुंभ के दौरान कुल 13,450 गाड़ियों का संचालन किया जाएगा, जिसमें से 10,028 नियमित गाड़ियाँ और 3400 विशेष गाड़ियाँ शामिल हैं। अब तक 2000 से अधिक विशेष गाड़ियों का परिचालन हो चुका है। रेलवे प्रशासन ने बताया कि गाड़ियों के मार्ग में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया गया है और कुछ गाड़ियों का टर्मिनल स्टेशन प्रयागराज की जगह सूबेदारगंज बनाया गया है।



**सिस्टम की निगरानी और आगामी योजना**

रेलवे प्रशासन ने वॉर रूम और कंट्रोल रूम के माध्यम से गाड़ियों के संचालन की निगरानी की है। महाप्रबंधक उपेन्द्र चन्द्र जोशी और मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी लगातार स्थिति की जांच कर रहे हैं। आने वाले बसंत पंचमी पर्व के दौरान भी यात्रियों के लिए अधिक विशेष गाड़ियाँ चलाने की योजना है।

## डंपर की टक्कर से वैन सवार आठ लोगों की मौत : 11 घायल, मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया शोक

**गाजीपुर (उप्र) :** गाजीपुर जिले के नंदगंज क्षेत्र में शुक्रवार को डंपर की टक्कर लगने से वैन सवार आठ लोगों की मौत हो गई तथा 11 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। जिलाधिकारी आर्यका अखोरी ने बताया कि गोरखपुर जिले के बांसगांव थानाक्षेत्र के हल्दीचौक गांव के रहने वाले कुछ लोग प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करके एक वैन से वापस गोरखपुर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि दोपहर में रेवसा गांव में एक डंपर ने वैन को टक्कर मार दी और इस टक्कर से लोग सड़क पर जा



गिरे और डंपर ने उन्हें कुचल दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में अमर सिंह (45), सुरेन्द्र गुप्ता (54), पुष्पा यादव (40), नित्या सिंह (5), इसरावती देवी (45) और लीलावती (40) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल हुए 13 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सुधा चौरसिया (55) और श्याम सुंदर (45) की भी मौत हो गई। जिलाधिकारी ने बताया कि बाकी घायलों का इलाज किया जा रहा है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा 'एक्स' पर की गई पोस्ट में कहा गया है, "उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गाजीपुर में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री जी ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।"

## पंजाब : सड़क दुर्घटना में 11 लोगों की मौत, 15 घायल

**फिरोजपुर (पंजाब) :** पंजाब के फिरोजपुर जिले के गुरुहरसहाय उपमंडल में शुक्रवार को कोहरे की वजह से पिक अप वैन और कैंटर ट्रक की हुई टक्कर में 11 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वैन में 20 से अधिक लोग सवार थे, जिनमें से अधिकतर बैरा तौर पर काम करते थे और जलालाबाद में एक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। यह दुर्घटना गुरुहरसहाय उपमंडल के गोलू का मोड़ गांव के पास हुई। पुलिस ने बताया कि घायलों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है। फिरोजपुर की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सौम्या



मिश्रा ने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद सड़क सुरक्षा फोर्स (एसएसएफ) की टीम मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। पुलिस ने कहा कि वे सुबह करीब आठ बजे हुई इस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं। उपायुक्त दीपशिखा शर्मा ने बताया कि गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को फरीदकोट के गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जबकि कुछ अन्य को जलालाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया, "घटना के तुरंत बाद पांच एम्बुलेंस घटनास्थल पर भेजी गईं।" प्रशासन घायलों के इलाज का खर्च वहन करेगा। मुख्यमंत्री भगवंत मान और विभिन्न राजनीतिक दलों के कई अन्य नेताओं ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया। मान ने सोशल मीडिया मंच पर 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, "आज सुबह फिरोजपुर से कैंटर और पिकअप वाहन की टक्कर से एक बड़े हादसे की खबर। शादी समारोह में जा रहे बैरा की दुखद मौत की खबर मिली है और कुछ लोगों के घायल होने की खबर है।"

## न्यूज इन ब्रीफ

### सैफ हमला मामले में चेहरा पहचान परीक्षण से आरोपी के चेहरे का मिलान हुआ : पुलिस

**मुंबई :** चेहरे की पहचान करने वाले परीक्षण से पुष्टि हुई है कि अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार बांग्लादेशी व्यक्ति का चेहरा अभिनेता की इमारत में लगे सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे व्यक्ति से मिलता है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि जांच रिपोर्ट के अनुसार, 16 जनवरी के हमले के लिए गिरफ्तार शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर (30) वही व्यक्ति है, जिसे बांद्रा के सतगुरु शरण बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी फुटेज में देखा गया था। उन्होंने बताया कि मामले को सुलझाने में चेहरे की पहचान करने वाली तकनीक ने अहम भूमिका निभाई है। पुलिस के अनुसार, शरीफुल ने 16 जनवरी की रात अभिनेता के 12वीं मंजिल स्थित अपार्टमेंट में घुसकर उन पर छह बार चाकू से हमला किया और फिर मौके से भाग गया। उसे तीन दिन बाद पड़ोसी ठाणे शहर से गिरफ्तार किया गया। मुंबई की एक अदालत ने बुधवार को आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। हमले के बाद खान को नजदीकी लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी दो सर्जरी हुई। 21 जनवरी को अभिनेता को निजी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर काम कर रहे हैं भारत, अमेरिका

**नयी दिल्ली :** भारत ने शुक्रवार को कहा कि वह मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के जल्द प्रत्यर्पण के लिए अमेरिकी अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने 21 जनवरी को राणा की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी, जिससे उसके भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''हम अब मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी को शीघ्र भारत प्रत्यर्पित करने के लिए प्रक्रियागत मुद्दों पर अमेरिकी पक्ष के साथ काम कर रहे हैं।''

### ईडी ने चीन के ऋण ऐप से 'धोखाधड़ी' के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने चीन के नियंत्रण वाले ऋण ऐप के जरिए हुए ''घोटाले'' से जुड़े धनशोधन के मामले की जांच के तहत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस ऐप के जरिए विभिन्न लोगों के साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी की गई थी। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि जांच में पाया गया कि सिंगापुर के एक नागरिक के निर्देश पर सभी संदिग्धों ने फर्जी ऋण ऐप के जरिए 230.92 करोड़ रुपये की आपराधिक आय अर्जित की। ईडी ने कहा कि इन पैसों को फिर उनके (गिरफ्तार आरोपियों) द्वारा नियंत्रित कंपनियों के माध्यम से सिंगापुर स्थानांतरित कर दिया गया। केरल और हरियाणा में पीड़ितों द्वारा दर्ज कराई गईं 11 प्राथमिकियों के बाद धनशोधन का मामला सामने आया। पीड़ितों ने शिकायत की थी कि ऋण सुविधा के नाम पर उनसे ''जबरन वसूली'' की गई और अधिक भुगतान के लिए ''ब्लैकमेल'' किया गया। एजेंसी ने पिछले साल फरवरी में इस मामले में छापेमारी की थी और बैंक में जमा 123 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जब्त कर ली थी।

### निर्वाचन आयोग के ऐप ने आचार संहिता उल्लंघन के मामलों से निपटने में 98 प्रतिशत सटीकता हासिल की

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान 'सीविजिल' ऐप के माध्यम से चुनाव आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों से निपटने में 98 प्रतिशत सटीकता हासिल की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जारी एक बयान में यह कहा गया। इस ऐप ने रिपोर्ट किए गए उल्लंघनों पर त्वरित कार्रवाई की सुविधा प्रदान की, जिसका औसत प्रतिक्रिया समय 36.16 मिनट था। 'सीविजिल' उस समय सुर्खियों में आया जब ऐप पर मिली शिकायत के बाद निर्वाचन आयोग (ईसी) का उड़नदस्ता बृहस्पतिवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान के कपूरथला हाउस स्थित सरकारी आवास पर पहुंचा। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी के 11 जिलों में ऐप के माध्यम से 5,920 शिकायतें प्राप्त हुईं।

# रेलवे लाइन के माध्यम से कश्मीर को कन्याकुमारी से जोड़ा गया : राष्ट्रपति मुर्मू



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि उधमपुर-बारामूला-श्रीनगर रेल परियोजना पूरी होने के साथ ही कश्मीर अब कन्याकुमारी से रेलवे लाइन के जरिए जुड़ गया है। बजट सत्र की शुरुआत में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने रेल मंत्रालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुर्मू ने कहा, ''उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना पूरी हो गई है, जो देश को कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेलवे लाइन के जरिए जोड़ती है।'' उन्होंने कहा ''इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत चिनाब पुल का निर्माण किया गया है, जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल है। इसके अलावा भारत का पहला रेल केबल ब्रिज 'अंजी' भी बनकर तैयार हो गया है।'' राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि देश भर में 71 वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनें चल रही हैं, जिनमें पिछले छह महीनों में 17 नई वंदे भारत ट्रेनें और एक नमो भारत ट्रेन शामिल की गई हैं। उन्होंने कहा कि भारत में मेट्रो नेटवर्क अब 1,000 किलोमीटर के स्तर को पार कर चुका है।

### भारत का विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा, हवाई अड्डों की संख्या बढ़ा रही सरकार : राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत का विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और सरकार घरेलू एयरलाइनों द्वारा ऑर्डर किए गए 1,700 से अधिक विमानों के संचालन के लिए हवाई अड्डों की संख्या का विस्तार कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़ान' के तहत लगभग 1.5 करोड़ लोगों ने विमानों से यात्रा की है। बजट सत्र की शुरुआत के अवसर पर संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि भारत का विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। राष्ट्रपति ने कहा, ''देश की एयरलाइन कंपनियों ने 1,700 से अधिक नए विमानों के ऑर्डर दिए हैं। हम इतने बड़े बेड़े को संचालित करने के लिए हवाई अड्डों का विस्तार कर रहे हैं। पिछले एक दशक में देश में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी हो गई है।''

### वह दिन दूर नहीं, जब स्वदेश विकसित 'गगनयान' में अंतरिक्ष यात्रा करेंगे भारतीय नागरिक : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि वह दिन दूर नहीं, जब कोई भारतीय नागरिक स्वदेशी रूप से विकसित अंतरिक्ष यान 'गगनयान' में सवार होकर अंतरिक्ष की यात्रा करेगा। बजट सत्र की शुरुआत में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग में मिली सफलता के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की भी सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा, ''अंतरिक्ष डॉकिंग में हाल की सफलता ने भारत के लिए अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है।''

## एक साथ चुनाव संबंधी समिति निर्वाचन आयोग, पूर्व न्यायाधीशों और अन्य से कर सकती विचार-विमर्श

**नयी दिल्ली :** देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयकों पर विचार कर रही संसदीय समिति द्वारा विचार-विमर्श के लिए शुक्रवार को तैयार की गई एक सांकेतिक सूची में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीशों, निर्वाचन आयोग, राजनीतिक दलों और राज्य सरकारों का उल्लेख है। समिति की बैठक में कई विपक्षी सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें हर बैठक के दौरान होने वाली बातचीत के शब्दशः विवरण की एक प्रति वितरित की जानी चाहिए। इस पर समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने कहा कि ऐसी मांग संसदीय समितियों द्वारा अपनाई जाने वाली परंपरा के अनुरूप नहीं है। हालाँकि, द्रमुक के सांसद पी विल्सन और कांग्रेस के मनीष तिवारी जैसे सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी मांग संसदीय समितियों को निर्देशित करने वाले नियमों के अंतर्गत आती है। चौधरी ने कहा कि वह इस मुद्दे पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की राय मांगेंगे। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने विपक्षी सहयोगियों के विचार का समर्थन किया। जब सत्तारूढ़ दल के एक सदस्य ने यह सुझाव दिया कि 'एक देश, एक चुनाव' के विचार पर जागरूकता बढ़ाने की प्रकिया में शैक्षणिक संस्थानों को शामिल किया जा सकता है, तो कुछ विपक्षी सदस्यों ने यह कहते हुए आपत्ति जताई कि यह संयुक्त संसदीय समिति के दायरे से बाहर है। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए चौधरी ने कहा कि विभिन्न निकायों और अन्य हितधारकों की एक सांकेतिक सूची तैयार की गई थी और सदस्यों को विचार के लिए और अधिक नाम सुझाने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा, ''हम सभी हितधारकों की राय लेंगे। इसमें लिखित के साथ-साथ मौखिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।''

## अपनी राजनीति चमकाने के लिए 'आप-दा' वालों ने दिल्ली को 'एटीएम' में तब्दील किया : प्रधानमंत्री



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर तीखा हमला बोलते हुए उस पर दिल्ली के विकास को रोकने और अन्य राज्यों में अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी को ''राजनीतिक एटीएम'' में तब्दील करने का आरोप लगाया। दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर द्वारका में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी के मतदाताओं से कहा कि वे 'डबल इंजन' सरकार बनाकर मोदी को दिल्ली की भी सेवा करने का मौका दें। उन्होंने आधुनिक दिल्ली के लिए भाजपा के दृष्टिकोण के प्रमाण के रूप में यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर पर प्रकाश डाला जिसका हाल ही में उद्घाटन किया गया था। मोदी ने कहा कि भाजपा दिल्ली को जितना आधुनिक बनाना चाहती है, उसकी एक झलक केंद्र सरकार द्वारा द्वारका में निर्मित यशोभूमि में दिखती है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, ''मैं गारंटी देता हूं कि भाजपा सरकार दिल्ली की प्रगति में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।'' आप पर निशाना साधते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि पार्टी ने अपने राजनीतिक विस्तार के लिए दिल्ली के संसाधनों को अन्यत्र खर्च कर दिया। उन्होंने कहा, ''आप-दा वालों ने दिल्ली को अपनी राजनीति चमकाने का एटीएम बना दिया है। आप-दा वालों ने दिल्ली का पैसा निचोड़ लिया है, लूट लिया है। दिल्ली में घोटाले करके ये आप-दा वाले कालेधन से देश के दूसरे राज्यों में राजनीति चमकाते हैं।'' प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और उसके ''शाही परिवार'' पर आदिवासी पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अनादर करने का आरोप लगाया। भाजपा ने आरोप लगाया है कि सोनिया गांधी का राष्ट्रपति को ''बेचारी'' कहना सर्वोच्च पद का अपमान है और यह उनकी सामंती मानसिकता को दर्शाता है। हालांकि, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने स्पष्ट किया कि उनकी मां राष्ट्रपति के प्रति अत्यंत सम्मान रखती हैं और यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनकी टिप्पणियों को ''मीडिया द्वारा तोड़-मरोड़कर पेश किया गया''। मोदी ने आप पर निशाना साधते हुए कहा, ''बीते 11 साल में आप-दा ने सबके साथ लड़ाई-झगड़ा ही किया है। ये केंद्र सरकार से लड़ते हैं, ये हरियाणा वालों के साथ लड़ते हैं, ये यूपी वालों के साथ लड़ते हैं, ये केंद्र सरकार की योजनाओं को लागू नहीं होने देते हैं। अगर दिल्ली में यही आप-दा वाले रहे, तो दिल्ली विकास में पीछे रह जाएगी और बर्बाद होती जाएगी।'' उन्होंने कहा, ''दिल्ली में तकरार वाली नहीं, तालमेल वाली सरकार चाहिए, ताकि मिलजुल कर दिल्ली की हर बड़ी समस्या का समाधान हो।'' प्रधानमंत्री ने लोगों से आह्वान किया कि दिल्ली को ''लूट और झूठ'' की 'आप-दा' से मुक्त कराना है। मोदी ने मतदाताओं से कहा कि उन्होंने पहले कितने ही साल कांग्रेस को देखा और फिर दिल्ली पर 'आप-दा वालों ने कब्जा' कर लिया। उन्होंने कहा, ''आपने मुझे देश की सेवा करने का बार-बार अवसर दिया है, अब आप मुझे 'डबल इंजन' सरकार बनाकर दिल्ली की भी सेवा करने का मौका दें।'' मोदी ने लोगों को आश्वासन दिया कि दिल्ली में भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा, ''जैसे ही भाजपा यहां सरकार बनाएगी, आप के भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।'' अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के दौरान आप के वादों की याद दिलाते हुए उन्होंने कहा, ''अन्ना आंदोलन के दौरान, उन्होंने देश की राजनीति को बदलने का वादा किया था। देश देख रहा है कि उन्होंने अन्ना हजारे और लोगों को कैसे धोखा दिया।'' मोदी ने आप पर दिल्ली के बजट का केवल 20 प्रतिशत विकास पर खर्च करने और बुनियादी ढांचे की उपेक्षा करने का आरोप लगाया।

## प्रधानमंत्री मोदी, केजरीवाल भ्रष्ट और कायर हैं : प्रियंका



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि ये दोनों नेता भ्रष्ट और कायर हैं जो पहले अपने लिए कुछ करते हैं , बाद में जनता के बारे में सोचते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में पहली बार चुनावी प्रचार में उत्तरी प्रियंका गांधी ने भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी पर दिल्ली को बर्बाद करने का आरोप भी लगाया और कहा कि ये दोनों दल जिम्मेदारियों से भागते हैं और बहाना बनाते हैं। उन्होंने पहले नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी रोहित चौधरी के लिए रोड शो किया और फिर मुस्तफाबाद में कांग्रेस उम्मीदवार अली मेहंदी के लिए चुनावी सभा को संबोधित किया।

## आम आदमी पार्टी फिर से 70 में से 60 से अधिक सीट पर जीत हासिल करेगी : केजरीवाल



**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को विश्वास जताया कि उनकी पार्टी पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन करते हुए 70 में से 60 से अधिक सीट पर जीत हासिल करेगी। पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर निर्वाचन क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पहले ही हार मान ली है। उन्होंने कहा, ''भाजपा ने अपनी हार स्वीकार कर ली है। यदि हर वोट भाजपा की 'गुंडागर्दी' के खिलाफ झाड़ू (आम आदमी पार्टी का चुनाव चिह्न) को जाता है, तो हम एक बार फिर 60 सीट के आंकड़े को पार कर जाएंगे।'' 'आप' ने 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में 70 में से 62 सीट पर जीत दर्ज की थी और 2015 में 67 सीट हासिल की थीं। केजरीवाल ने मतदाताओं को यह भी चेतावनी दी कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो वह 'आप' के नेतृत्व वाली सरकार की मुफ्त कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर देगी, जिसमें मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिये मुफ्त बस यात्रा शामिल है।

## न्यूज अपडेट

### राज्यसभा में मनमोहन सिंह, जिमी कार्टर, चार पूर्व सदस्यों को दी गयी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर तथा हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला और उच्च सदन के चार पूर्व दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गयी। सदन ने भारत के आर्थिक विकास में डॉ सिंह योगदान की सराहना करते हुए एक प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया। संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा संबोधित किए जाने के कुछ समय बाद उच्च सदन की बैठक शुरू हुई। कार्यवाही शुरू होते ही सभापति जगदीप धनखड़ ने भारतीय जनता पार्टी के सदाशिव तानवडे और तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। सभापति ने इसके उपरांत सदन को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला, पूर्व सदस्य हरवेंद्र सिंह हंसपाल, श्याम बेनेगल, प्रीतीश नंदी एवं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जेम्स अर्ल कार्टर जूनियर के पिछले दिनों हुए निधन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह 2004 से लेकर 2014 तक भारत के लगातार दो बार प्रधानमंत्री रहे। वह छह बार राज्यसभा के सदस्य भी थे। उन्होंने उच्च सदन में नेता प्रतिपक्ष का दायित्व भी निभाया।

### रविवार को खुलेगा अमृत उद्यान, गुलाब के 140 से अधिक प्रकार के फूल, पुष्प घड़ी आकर्षण के केंद्र

**नयी दिल्ली :** प्रसिद्ध अमृत उद्यान रविवार को आम लोगों के लिए खुलेगा। यहां 140 प्रकार के गुलाब, पुष्प घड़ी और बाल वाटिका उनके लिए आकर्षण के केंद्र होंगे। राष्ट्रपति भवन ने बताया कि इस साल आगंतुकों को 'प्लुमेरिया' के पेड की एक रंग-बिरंगी श्रृंखला देखने को मिलेगी। उसने बताया कि कि प्लुमेरिया गार्डन के बगल में एक बरगद का बाग होगा। यह बाग़ राजसी बरगद के पेड़ों का घर है, जो अपनी फैली हुई शाखाओं और जड़ों के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में एक मनमोहक वातावरण बनता है। बाग के मीडिया पूर्वावलोकन के दौरान राष्ट्रपति भवन द्वारा साझा किए गए एक नोट के अनुसार यहां लगभग 220 मीटर का एक संवेदी पथ होगा जिसपर नंगे पैर चलने से इंद्रियां झंकृत होंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपप्रेस सचिव नविका गुप्ता ने बताया कि लोग सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन पूर्वाह्न 10 बजे से छह बजे तक इस उद्यान में जा सकते हैं।

### जेल में बंद उप्र के विधायक अब्बास को जान के खतरे की आशंका, वर्चुअल माध्यम से पेशी की अनुमति मांगी

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के विधायक अब्बास अंसारी ने मुठभेड़ में मारे जाने की आशंका जताते हुए, गैंगस्टर अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में निचली अदालत की कार्यवाही में वीडियो कांफ्रेंस के जरिये उपस्थित होने की अनुमति देने का अनुरोध शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय से किया। अंसारी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के टिकट पर राज्य के मऊ निर्वाचन क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ को गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सूचित किया कि वह (अब्बास) कासगंज की जेल से वीडियो कांफ्रेंस के जरिये अदालत में पेश हो रहे थे, लेकिन यह सुविधा बंद कर दी गई है।

### कारोबार के उद्देश्य से ईरान गए तीन भारतीय लापता : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि ईरान में तीन भारतीय नागरिक लापता हो गए हैं और भारत ने इस मुद्दे को तेहरान के समक्ष गंभीरता से उठाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारतीय नागरिक कारोबारी उद्देश्य से ईरान गए थे और वहां पहुंचने के कुछ समय बाद ही अपने परिवारों से उनका संपर्क टूट गया। उन्होंने कहा, ''हम तीनों लापता भारतीय नागरिकों के परिवारों के साथ लगातार संपर्क में हैं।'' प्रवक्ता ने कहा, ''यह मामला दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास और तेहरान स्थित ईरानी विदेश मंत्रालय के समक्ष उठाया गया है।'' उन्होंने कहा, ''विदेश मंत्रालय और तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ईरान के अधिकारियों के संपर्क में हैं तथा लापता नागरिकों का पता लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनकी सहायता का अनुरोध किया गया है।'' बताया जा रहा है कि तीनों भारतीय दिसंबर में ईरान गए थे।

## मालदीव के आर्थिक संकट को लेकर माले से करीबी संपर्क में है भारत : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** मालदीव के सामने बढ़ते आर्थिक संकट के बीच भारत ने शुक्रवार को कहा कि वह स्थिति के बारे में द्वीपीय देश के साथ निकट संपर्क में है। मालदीव की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है, जिसका मुख्य कारण कर्ज का संकट है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक सवाल पर कहा, ''मालदीव के अधिकारियों के सामने मौजूद स्थिति को लेकर हम उनके साथ लगातार संपर्क में हैं।'' जायसवाल ने मालदीव सरकार द्वारा हाल में किए गए कुछ समझौतों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे राजस्व हानि होने की आशंका है और यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, ''हमें अपनी नीतियां बनाते समय निश्चित रूप से इस बात को ध्यान में रखना होगा।'' सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बीच आगामी वार्ता के संबंध में एक सवाल पर जायसवाल ने कहा कि भारत को उम्मीद है कि पारस्परिक रूप से सहमत सभी समझौतों का सम्मान किया जाएगा। बीएसएफ और बीजीबी के बीच महानिदेशक स्तर की वार्ता 17 फरवरी से 20 फरवरी तक नयी दिल्ली में होनी है। जायसवाल ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि परस्पर सहमति वाले सभी समझौता ज्ञापनों और समझौतों का सम्मान किया जाएगा। ये सीमा सुरक्षा बलों के बीच ठोस जुड़ाव का आधार बनते हैं और सीमा पर पारस्परिक रूप से लाभकारी सुरक्षा और व्यापार बुनियादी ढांचे के निर्माण की सुविधा प्रदान करते हैं।''

## केजरीवाल 'वैगनआर' में आए और सीधे 'शीशमहल' की पार्किंग में चले गए : राहुल



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी को लेकर शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर फिर निशाना साधा और कटाक्ष करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक राजनीति में 'वैगनआर' गाड़ी में आए और सीधे 'शीशमहल' की पार्किंग में चले गए। राहुल गांधी ने मादीपुर की एक चुनावी सभा में यह आरोप भी लगाया कि केजरीवाल और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने भाषणों में सिर्फ झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा, मैंने कभी झूठा वादा किया हो। मैं वही वादा करता हूं, जो किया जा सकता है। हम मनरेगा योजना लाए, किसानों का कर्ज माफ किया, दिल्ली में फ्लाईओवर बनवाए, विकास का काम किया, लेकिन कभी झूठे वादे नहीं किए। उन्होंने केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा, केजरीवाल जी 'वैगनआर' में आए और सीधा 'शीशमहल' की पार्किंग में चले गए। विपक्षी दलों ने केजरीवाल के पूर्व आधिकारिक निवास को 'शीशमहल' की संज्ञा दी है क्योंकि उसके नवीनीकरण पर कथित रूप से करोड़ों रुपये खर्च किए गए थे। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के मुखिया ने करोड़ों रुपये का घर बनाया, भ्रष्टाचार किया और पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के सारे विकास के काम बर्बाद कर दिए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सिर्फ झूठे वादे करते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, केजरीवाल जी ने कहा था कि दलितों और अल्पसंख्यकों की रक्षा करूंगा।

## रेलवे का सुपरऐप जल्द होगा लॉन्च, रिजर्वेशन टिकट के साथ खाना भी कर सकेंगे ऑर्डर




**नयी दिल्ली :** भारतीय रेलवे बहुत जल्द ही रेलवे का सुपरऐप लॉन्च करने जा रहा है। यह ऐप भारतीय रेलवे द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं को, जो अभी फिल्हाल अलग-अलग मोबाइल ऐप पर हैं, वो अब एक ही ऐप पर उपलब्ध होगी। पहले चरण में ऐप आरक्षित टिकटों, अनारक्षित टिकटों और प्लेटफ़ॉर्म टिकटों के लिए बुकिंग सेवाओं की जानकारी देगा। इसके साथ ही रेलवे की इस सुपर ऐप में ट्रेन पूछताछ, पीएनआर पूछताछ और खाना ऑर्डर करना शामिल है। रेल मंत्रालय की ओर से सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम्स भारतीय रेलवे के सभी सार्वजनिक अनुप्रयोगों के लिए एक सुपरऐप विकसित कर रहा है। अभी शुरुआत में ऐप आरक्षित टिकट, अनारक्षित और प्लेटफ़ॉर्म टिकट, ट्रेन पूछताछ, पीएनआर पूछताछ, बोर्ड पर खाना ऑर्डर करने, रेलमदद और माल ढुलाई से संबंधित पूछताछ के लिए सेवाएं प्रदान करेगा। ऐप को उपयोगकर्ताओं के आसानी के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें उपयोगकर्ता इंटरफ़ेस और उपयोगकर्ता अनुभव दोनों को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है।

**भारतीय रेलवे सुपरऐप सुविधाएं कुछ इस तरह होंगी**

**सिंगल-साइन-ऑन**

उपयोगकर्ता एकल क्रेडेंशियल के माध्यम से सभी सेवाओं तक पहुंच सकेंगे। इसके अलावा, समान क्रेडेंशियल का उपयोग भारतीय रेलवे के मौजूदा ऐप्स जैसे आईआरसीटीसी रेलकनेक्ट, यूटीएस मोबाइल ऐप आदि में किया जाएगा।

**ऑल-इन-वन ऐप**

आज की तारीख में आरक्षित और अनारक्षित बुकिंग के लिए अलग-अलग ऐप उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, ट्रेन की आवाजाही/शेड्यूल का विवरण जांचने के लिए अलग ऐप डाउनलोड करना होगा। ये सभी सेवाएँ अब एक एकीकृत ऐप के माध्यम से उपलब्ध होंगी।

**एकीकृत सेवाए**

एक समेकित और एकीकृत तरीके से कई स्रोतों से व्यापक जानकारी देने के लिए सेवाओं का एकीकरण किया जा रहा है। उदाहरण के लिए, पीएनआर पूछताछ संबंधित ट्रेन जानकारी भी प्रदर्शित करेगी।

**आसान ऑनबोर्डिंग/साइन-अप**

उपयोगकर्ताओं को सुपरऐप पर शामिल होने के लिए अपने मौजूदा रेलकनेक्ट या यूटीएस ऐप क्रेडेंशियल का उपयोग करने की सुविधा दी जाती है। उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने और ऐप को आसानी से सुलभ बनाने के लिए साइन-अप प्रक्रिया को सरल बनाया गया है।

**लॉगिन में आसानी**

उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाने के लिए कई लॉगिन विकल्प प्रदान किए गए हैं। एक बार लॉग-इन करने के बाद, ऐप को झझखछ या बायोमेट्रिक के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है।

## आरेडिका में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली चिकित्सालय में शुक्रवार को आरेडिका चिकित्सालय द्वारा वेंकटेश्वर हॉस्पिटल द्वारका, नई दिल्ली के सहयोग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ. रीतेश सांगुड़ी (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. मनीष कुमार (न्यूरोसर्जन), एंव डॉ. आशुतोष कुमार (यूरोलॉजिस्ट) के द्वारा चिकित्सालय में आये 200 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विशेष जांच के रूप में एचबीए1सी, ईसीजी एवं लिपिड प्रोफाइल का परीक्षण किया गया। शिविर के उपरांत चिकित्सकों द्वारा महाप्रबंधक महोदय के सभागार में एक गोष्ठी के माध्यम से दिल की बीमारियों की रोकथाम के उपायों, स्वस्थ जीवन शैली, आहार, व्यायाम और तनाव प्रबंधन पर चर्चा की, साथ ही, मस्तिष्क और रीढ़ की सेहत को बनाए रखने के लिए उचित आहार, योग, शारीरिक व्यायाम और मानसिक संतुलन के महत्व पर भी आवश्क जानकारी प्रदान की। मण्डल चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक कुमार शाही ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्देश्य केवल स्वास्थ्य परीक्षण करना नही, बल्कि लोगों को उनके स्वास्थ्य के बारे में जागरूक कराना एवं सजग बनाना है। आरेडिका प्रशासन ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के लिए सभी प्रकार के संसाधनों की व्यवस्था कर कर्मचारी कल्याण का संदेश दिया जिसके फलस्वरूप शिविर का सफल आयोजन संभव हो सका।

## डीडीसीए ने कोहली को 100 टेस्ट खेलने के लिए सम्मानित किया



**नयी दिल्ली :** भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली को शुक्रवार को दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने 100 टेस्ट खेलने के लिए सम्मानित किया। उन्होंने यह उपलब्धि मार्च 2022 में हासिल की थी। कोहली ने उस ऐतिहासिक मैच के बाद से 23 और टेस्ट मैच खेले हैं। लेकिन यह देखते हुए कि वह नवंबर 2012 के बाद से अपने पहले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए राष्ट्रीय राजधानी में हैं, डीडीसीए ने उन्हें सम्मानित करने का फैसला किया। इशांत शर्मा और वीरेंद्र सहवाग दिल्ली के अन्य दो क्रिकेटर हैं जिन्होंने 100 टेस्ट मैच खेले हैं। डीडीसीए के एक अधिकारी ने कहा, ''यह लंबे समय से लंबित था। वह यहां थे इसलिए हमने उन्हें सम्मानित करने का सोचा।'' इस अवसर पर डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट की। संक्षिप्त सम्मान समारोह दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद हुआ।

## बडोनी के 99 रन से दिल्ली ने बढ़त हासिल की, कोहली छह रन बनाकर आउट



**नयी दिल्ली :** कप्तान आयुष बडोनी की 99 रन की साहसिक पारी की बदौलत दिल्ली ने रेलवे के खिलाफ शुक्रवार को ग्रुप डी रणजी ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन पहली पारी में बढ़त हासिल की जबकि तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान ने विराट कोहली को सस्ते में पवेलियन भेजा। दिल्ली ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 41 रन से करते हुए बडोनी (77 गेंद पर 99 रन) और सुमित माथुर (189 गेंद पर नाबाद 78 रन) के बीच 133 रन की साझेदारी की बदौलत रेलवे के 241 रन के जवाब में पहली पारी में सात विकेट पर 334 रन बनाकर 93 रन की बढ़त हासिल कर ली। बडोनी ने 56वें ओवर में लेग स्पिनर कर्ण शर्मा की गेंद पर स्लॉग स्वीप खेलने की कोशिश में आउट होने से पहले अपने शानदार शॉट से विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बनाया। रेलवे के तेज गेंदबाजों को पहले घंटे में कोई सफलता नहीं मिली जिसमें यश ढुल (69 गेंद पर 32 रन) और सनत सांगवान ने उम्दा बल्लेबाजी की। ढुल ने कुछ बाउंड्री लगाई जिसमें एक बेहतरीन कवर ड्राइव भी शामिल था लेकिन वह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज राहुल शर्मा की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए। ढुल के आउट होने के बाद विराट कोहली क्रीज पर आए और प्रशंसकों ने जोरदार नारेबाजी की। हालांकि प्रशंसकों की खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई क्योंकि यह स्टार क्रिकेटर हिमांशु सांगवान की गेंद पर ड्राइव लगाने की कोशिश में पूरी तरह से चूक गया और उनका ऑफ स्टंप उखड़ गया। कोहली ने इससे पहले एक सीधी बाउंड्री लगाई थी लेकिन क्रीज के बाहर खड़े होकर उन्होंने फिर से आक्रामक रुख अपनाया लेकिन गेंद को चूक गए, जो अंदर की ओर आई और उनके स्टंप से टकरा गई।

**मेरे अब तक के क्रिकेट करियर का सबसे अहम विकेट: सांगवान ने कोहली के विकेट पर कहा**

### पंड्या और दुबे के अर्धशतक

# भारत ने इंग्लैंड को 15 रन से हराकर 3-1 की विजयी बढ़त बनाई



**पुणे :** हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे के तूफानी अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने शुक्रवार को यहां इंग्लैंड को चौथे टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 15 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली। भारत ने स्वदेश में पिछली 17 द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाएं नहीं गंवाई हैं। भारत के 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम लेग स्पिनरों रवि बिश्नोई (28 रन पर तीन विकेट) और वरूण चक्रवर्ती (28 रन पर दो विकेट) तथा हर्षित राणा (33 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 19.4 ओवर में 166 रन पर सिमट गई। हैरी ब्रूक (51) और सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (39) ने इंग्लैंड की जीत की उम्मीद जगाई थी लेकिन गेंदबाजों ने भारत को जोरदार वापसी दिलाई। भारत के लिए पंड्या ने 30 गेंद में चार छक्कों और इतने ही चौकों से 53 रन की पारी खेलने के अलावा दुबे (53 रन, 34 गेंद, सात चौके, दो छक्के) के साथ छठे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की जिससे टीम 12 रन पर तीन विकेट गंवाने के बावजूद नौ विकेट पर 181 रन बनाने में सफल रही। मेजबान टीम ने अंतिम पांच ओवर में 68 रन जुटाए। इंग्लैंड की ओर से साकिब महमूद सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 35 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जेमी ओवरटन ने भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए। श्रृंखला का पांचवां और अंतिम टी20 रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।

## बीसीसीआई पुरस्कार: बुमराह को पुरुष क्रिकेटर, मंधाना को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर का पुरस्कार



**मुंबई :** करिश्माई तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पुरुष वर्ग में 2023-24 के सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पॉली उमरीगर पुरस्कार के लिए चुना गया जबकि स्मृति मंधाना ने महिला वर्ग में यह पुरस्कार जीता जो शनिवार को बोर्ड के वार्षिक पुरस्कार समारोह के दौरान दिए जाएंगे। बुमराह को 2024 में कौशल, सटीकता और निरंतरता के साथ शानदार प्रदर्शन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का टेस्ट और ओवरऑल साल का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। उन्होंने पिछले साल भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड तथा बांग्लादेश के खिलाफ भारत की घरेलू श्रृंखलाओं में जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह 31 वर्षीय तेज गेंदबाज बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहा और उन्होंने पांच टेस्ट मैच में 32 विकेट चटकाए। आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय क्रिकेटर मंधाना ने 2024 में 743 रन बनाए। उन्होंने चार एकदिवसीय शतक बनाए जो महिलाओं के एकदिवसीय प्रारूप में एक साल में सर्वाधिक शतक का रिकॉर्ड है। उन्होंने पिछले साल सौ से अधिक बाउंड्री लगाई जिसमें 95 चौके और छह छक्के शामिल हैं। इस 28 वर्षीय क्रिकेटर के एकदिवसीय मुकाबलों में 57.86 की औसत और 95.15 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

## कमालिनी के अर्धशतक से भारत अंडर-19 टी20 विश्व कप के फाइनल में

### दक्षिण अफ्रीका से होगी भिड़ंत



**कुआलालंपुर :** स्पिनरों के उम्दा प्रदर्शन के बाद जी कमालिनी के अर्धशतक से गत चैंपियन भारत ने शुक्रवार को यहां एकतरफा सेमीफाइनल में इंग्लैंड को नौ विकेट से हराकर आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई। भारत रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। दक्षिण अफ्रीका ने पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर पहली बार आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। भारत ने बाएं हाथ की स्पिनरों पारुनिका सिसोदिया (21 रन पर तीन विकेट) और वैष्णवी शर्मा (23 रन तीन विकेट) की फिरकी के जादू से इंग्लैंड को आठ विकेट पर 113 रन पर रोक दिया और फिर सलामी बल्लेबाज जी त्रिशा (35 रन, 29 गेंद, पांच चौके) और कमालिनी (नाबाद 56 रन, 50 गेंद, आठ चौके) की पारियों की बदौलत 15 ओवर में एक विकेट पर 117 रन बनाकर जीत दर्ज की। त्रिशा ने आक्रामक शुरुआत की जिससे भारत ने पावर प्ले में बिना किसी नुकसान के 44 रन बनाए। कमालिनी को किस्मत का भी साथ मिला जब इंग्लैंड की कप्तान एबिगेल नोरग्रोव ने तेज गेंदबाज अमु सुरेनकुमार की गेंद पर उनका कैच टपका दिया। कमालिनी के साथ 60 रन की साझेदारी करने के बाद त्रिशा को बाएं हाथ की स्पिनर फोबे ब्रेट ने बोल्ड किया। कमालिनी ने इसके बाद सानिका चाल्के (नाबाद 11) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन की अटूट साझेदारी करके भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया।

### न्यूज अपडेट

## मिशेल मार्श चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर, आईपीएल में खेलना भी संदिग्ध

सिडनी : ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल मार्श पीठ में तकलीफ के कारण अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं और उनका इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलना भी संदिग्ध है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में मार्श की चोट के बारे में जानकारी दी और कहा कि उन्हें 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर कर दिया गया है।

## मंत्रालय ने एशियाई शीतकालीन खेलों के लिए 88 सदस्यीय भारतीय दल को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** खेल मंत्रालय ने सात से 14 फरवरी तक चीन के शहर हार्बिन में होने वाले नौवें एशियाई शीतकालीन खेलों के लिए 88 सदस्यीय भारतीय दल की भागीदारी को मंजूरी दी है जिससे दल के आकार को लेकर कई सप्ताह से चल रही अनिश्चितता समाप्त हो गई। दल में अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस-कंट्री स्कीइंग, फिगर स्केटिंग, शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग और स्पीड स्केटिंग (लॉन्ग ट्रैक) जैसे खेलों में 59 खिलाड़ी और 29 टीम अधिकारी शामिल होंगे और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल महासंघ सहायता (एएनएसएफ) योजना के तहत सरकार से पूर्ण वित्त पोषण प्राप्त होगा।

## तेंदुलकर बीसीसीआई 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से होंगे सम्मानित



**मुंबई :** पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को शनिवार को यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के वार्षिक समारोह में बोर्ड के 'लाइफटाइम अचीवमेंट (जीवनपर्यन्त उपलब्धि)' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। तेंदुलकर इस पुरस्कार के 31वें प्राप्तकर्ता होंगे। बीसीसीआई ने भारत के पहले कप्तान कर्नल सीके नायडू के सम्मान में 1994 में इस पुरस्कार को शुरू किया था।नायडू का 1916 से 1963 के बीच 47 साल लंबा प्रथम श्रेणी करियर रहा है। यह एक विश्व रिकॉर्ड है। नायडू ने प्रशासक के रूप में भी खेल की सेवा की थी। बोर्ड के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''हां, उन्हें वर्ष 2024 के लिए सी के नायडू 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।''

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की 15 सदस्यीय टीम में केवल एक विशेषज्ञ स्पिनर

**लाहौर :** पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने अगले महीने शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम में केवल एक विशेषज्ञ स्पिनर को शामिल करके शुक्रवार को सभी को चौंका दिया। टीम में नौ बल्लेबाजों को चुना गया है। मोहम्मद रिजवान की कप्तानी वाली टीम में एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर 26 वर्षीय अबरार अहमद ने चार वनडे मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 33 रन पर चार विकेट के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 10 विकेट चटकाए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों के अनुसार 11 फरवरी तक टीम में बदलाव कर सकता है। चयनकर्ताओं ने ऑलराउंडर खुशदिल शाह और फहीम अशरफ तथा सलामी बल्लेबाज फखर जमां को टीम में वापसी कराई है। साइम अयूब के टखने में चोट लगने के बाद फखर को टीम में शामिल किया जाना तय था।

**पीसीबी प्रमुख ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आयोजन स्थलों के पूरी तरह से तैयार होने का आश्वासन दिया**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए देश की तैयारियों को लेकर उठ रही चिंताओं को दूर करने की कोशिश करते हुए शुक्रवार को कहा कि लाहौर, कराची और रावलपिंडी के स्टेडियम निर्धारित तिथि तक टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए तैयार होंगे।



## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5.57 अरब डॉलर बढ़कर 629.56 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 5.57 अरब डॉलर बढ़कर 629.56 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.89 अरब डॉलर घटकर 623.98 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। पिछले कुछ सप्ताह से विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का रुख रहा है। इस गिरावट का कारण पुनर्मूल्यांकन के साथ-साथ रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप को माना जा रहा है। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

## सोना 84,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड पर, चांदी में भी उछाल

**नयी दिल्ली :** मजबूत वैश्विक संकेतों और जोरदार घरेलू मांग के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 84,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीसरे सत्र में तेजी जारी रही और यह 1,100 रुपये की तेजी के साथ 84,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। एक जनवरी को स्थानीय बाजार में सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था, जिसके बाद से इसमें 5,510 रुपये या सात प्रतिशत की तेजी आई है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में 1,100 रुपये की तेजी आई और यह अबतक के सर्वोच्च स्तर 84,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि इसका पिछली बंद भाव 83,400 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

# वृद्धि को गति देने वाले बजट की उम्मीद में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 741 अंक चढ़ा



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 741 अंक चढ(गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,500 अंक का स्तर पार कर गया। लार्सन एंड टुब्रो के तीसरी तिमाही के अनुकूल नतीजों और आर्थिक समीक्षा से वृद्धि तेज करने वाले बजट की उम्मीद से बाजार को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 740.76 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,500.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 846.15 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 258.90 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,508.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 297.3 अंक तक चढ़ गया था। शुक्रवार को संसद में पेश आर्थिक समीक्षा 2024-25 में अनुमान जताया गया है कि मजबूत बुनियाद, सूझ-बूझ वाली राजकोषीय मजबूती की रूपरेखा और निजी खपत बने रहने के साथ देश की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत रह सकती है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''आर्थिक समीक्षा से यह संकेत मिलता है कि बजट आर्थिक वृद्धि को गति देने वाला होगा। इससे बाजार में तेजी आई। सकारात्मक वैश्विक संकेतों और प्रमुख कंपनियों के उम्मीद से बेहतर वित्तीय नतीजों से भी तेजी को समर्थन मिला।'' उन्होंने कहा, ''बाजार को उम्मीद है कि खपत को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत कर में कटौती के साथ रोजगार सृजन के लिए कदम उठाये जाएंगे। राजकोषीय घाटे में कटौती करके लेकिन बुनियादी ढांचे के खर्च को बढ़ावा देकर सरकार बाजार में संभावित सुधार के लिए रास्ता तैयार कर सकती है।'' सेंसेक्स की कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो का शेयर 4.31 प्रतिशत मजबूत हुआ। बुनियादी ढांचे और इंजीनियरिंग कंपनी का एकीकृत लाभ 14 प्रतिशत बढ़कर 3,359 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। नेस्ले के शेयर में भी 4.25 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 4.94 प्रतिशत बढ़कर 688.01 करोड़ रुपये रहने की सूचना से इसका शेयर चढ़ा।

## भारतीय रुपये ने कनाडा, कोरिया, ब्राजील की मुद्राओं से बेहतर प्रदर्शन किया: आर्थिक समीक्षा

**नयी दिल्ली :** भारतीय रुपये ने कनाडाई डॉलर, दक्षिण कोरियाई वोन और ब्राजीलियाई रियाल जैसी अन्य मुद्राओं से बेहतर प्रदर्शन किया है। शुक्रवार को संसद में पेश की गई आर्थिक समीक्षा में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में भारतीय रुपये में मामूली 2.9 प्रतिशत की गिरावट आई है। भारतीय रुपये (आईएनआर) का मूल्य बाजार तय करता है, जिसका कोई लक्ष्य, विशिष्ट स्तर या मूल्य दायरा नहीं है। विभिन्न घरेलू और वैश्विक कारक आईएनआर की विनिमय दर को प्रभावित करते हैं। इनमें डॉलर सूचकांक की चाल, पूंजी प्रवाह के रुझान, ब्याज दरें, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और चालू खाते का घाटा यानी कैड शामिल हैं। समीक्षा में कहा गया, ''वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों (छह जनवरी 2025 तक) में भारतीय रुपये में मामूली 2.9 प्रतिशत की गिरावट आई। इस दौरान रुपये ने कनाडाई डॉलर, दक्षिण कोरियाई वॉन और ब्राजीलियाई रियाल जैसी मुद्राओं से बेहतर प्रदर्शन किया।'' समान अवधि में कनाडाई डॉलर में 5.4 प्रतिशत, कोरियाई वॉन में 8.2 प्रतिशत और ब्राजीलियाई रियाल में 17.4 प्रतिशत की गिरावट आई। समीक्षा में कहा गया कि 2024 के दौरान रुपये में गिरावट की वजह पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी चुनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच डॉलर की मजबूती है।

## रेल नेटवर्क के विस्तार में आई कमी, डिब्बों, इंजन का उत्पादन बढ़ा

देश में रेल नेटवर्क के विस्तार में लगभग 10 प्रतिशत की कमी आई है। शुक्रवार को संसद में पेश आर्थिक समीक्षा 2024-25 में यह जानकारी दी गई है। समीक्षा कहती है हालांकि, रेल नेटवर्क विस्तार में कमी आई है, लेकिन रेल से संबंधित चीजों जैसे रेल के डिब्बों और इंजन का उत्पादन पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-नवंबर अवधि की तुलना में बढ़ गया है। समीक्षा के अनुसार पिछले वित्त वर्ष (अप्रैल-नवंबर) में 2,282 किलोमीटर रेल नेटवर्क चालू किया गया था जबकि चालू वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान यह घटकर 2,031 किलोमीटर रह गया। हालांकि इस अवधि में रेल के डिब्बों का उत्पादन बढ़कर 26,148 है गया, जो पहले 22,042 था जबकि इंजन का उत्पादन बढ़कर 1042 हो गया, जो पहले 968 था।

## भारतीय रेल ने यात्री यातायात में आठ प्रतिशत, माल ढुलाई राजस्व में 5.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की



**नयी दिल्ली :** संसद में शुक्रवार को पेश आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार भारतीय रेल ने वित्त वर्ष 2023-24 में यात्री यातायात में आठ प्रतिशत और माल ढुलाई राजस्व में 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। समीक्षा में कहा गया, भारतीय रेल (आईआर) दुनिया का चौथा सबसे बड़ा नेटवर्क है। भारतीय रेल में यात्री यातायात में इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2023- 24 में माल ढुलाई राजस्व में 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। समीक्षा कहती है कि बढ़ते यात्री यातायात को देखते हुए सरकार यात्री सुविधाओं को उन्नत करने के लिए विभिन्न कदम उठा रही है। समीक्षा में भारतीय रेल में डिजिटलीकरण पर सरकार के ध्यान पर प्रकाश डाला गया और कहा गया, अक्टूबर, 2024 तक आरक्षित क्षेत्र में डिजिटल तरीके से टिकट बुकिंग 86 प्रतिशत तक पहुंच गई है जबकि अनारक्षित क्षेत्र में डिजिटल तरीके से टिकट बुकिंग इस वित्त वर्ष की शुरुआत में 28 प्रतिशत थी, जो अक्टूबर 2024 तक लगभग 33 प्रतिशत हो गई।

## म्यूचुअल फंड के साथ जीवन बीमा देने वाला संयुक्त उत्पाद लाने की तैयारी में सेबी

**नयी दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी की मुखिया माधबी पुरी बुच ने शुक्रवार को कहा कि नियामक एक नया संयुक्त (कॉम्बो) उत्पाद लाने की योजना बना रहा है जिसमें म्यूचुअल फंड कंपनियां जीवन बीमा के साथ निवेश को भी जोड़ सकेंगी। बुच ने आईसीएआई के एक कार्यक्रम में यह जानकारी देते हुए कहा कि नियामक जल्द ही इस प्रस्ताव पर एक परामर्श पत्र लेकर आएगा। वर्तमान में कई तरह के वित्तीय उत्पादों में पहले से ही बीमा और निवेश विकल्पों को एक साथ जोड़ने का प्रावधान है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) एक नए उत्पाद पर काम कर रहा है जिसमें निवेशकों के पास जीवन बीमा के साथ म्यूचुअल फंड निवेश को भी जोड़ने का विकल्प होगा। यह उत्पाद वित्तीय पहुंच का विस्तार करने के सेबी के मिशन के लिहाज से महत्व-पूर्ण होगा। फरवरी के अंत में सेबी प्रमुख का अपना कार्यकाल पूरा करने जा रहीं बुच ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य खासकर ग्रामीण इलाकों में निवेशकों की जरूरतों को पूरा करना है। ग्राणीण क्षेत्रों में 'व्यवस्थित निवेश योजनाओं' (एसआईपी) के विस्तार की काफी संभावनाएं हैं लेकिन निवेश का मौजूदा मूल्य अब भी कम है। बुच को उम्मीद है कि इस उत्पाद के जरिये आबादी के एक बड़े हिस्से तक कहीं ज्यादा आकर्षक, किफायती पेशकश की जा सकेगी। इससे जुड़ा एक लाभ यह है कि निवेशकों को जोड़ने से संबंधित मौजूदा खर्चों को देखते हुए अतिरिक्त जीवन बीमा प्रीमियम की सीमांत लागत न्यूनतम होगी।

## होंडा मोटरसाइकल ने पश्चिम बंगाल के बहुला में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता अभियान चलाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने पश्चिम बंगाल के बहुला में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में सड़क सुरक्षा के महत्व को बढ़ावा देना था। बहुला एस.एस. हाई स्कूल में 1300 से अधिक विद्यार्थियों और स्टाफ ने इसमें भाग लिया, जहां उन्हें सुरक्षित राइडिंग के सिद्धांतों, सड़क पर आने वाले खतरों और हेलमेट के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। एचएमएसआई का मानना है कि सड़क सुरक्षा की शिक्षा युवा राइडर्स के लिए बेहद जरूरी है। इस कार्यक्रम में संवादात्मक गतिविधियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा दिया गया। एचएमएसआई ने अब तक भारत भर में 3 लाख से अधिक लोगों को सड़क सुरक्षा की शिक्षा दी है और उनका उद्देश्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को आधा करना है।

स्थापित : 1915
श्री विशुद्धानन्द हास्पिटल
35-37, बड़तल्ला स्ट्रीट, कोलकाता-7
फोन : 4023 3030-60
सेवा समर्पण
बहुआयामी सभागृह का उद्घाटन समारोह
श्रद्धेय केसर देवी सोती की पुण्य स्मृति में
उनके सुपुत्र श्री बनवारीलाल शर्मा ( सोती ) द्वारा
( डायरेक्टर, एसोसियेटेड रोड कैरियर्स लिमिटेड )
उद्घाटन : रविवार, 2 फरवरी 2025, दिन 11:30 बजे
उद्घाटनकर्ता : श्री बनवारीलाल सोती
मुख्य अतिथि : श्री सुरेश बंसल ( बी. के. स्टील )
श्री सुशील अग्रवाल ( प्रगति ऑयल )
मुख्य वक्ता : श्री सुशील ओझा ( विप्र फाउन्डेशन )
श्री सुरेन्द्र सिंह ( सम्पादक : सन्मार्ग )
समारोह की गरिमावृद्धि हेतु आप सादर आमंत्रित हैं।

वर्ष 9, पूर्णांक 4136 अंक 286, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in